आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.36
सूर्यास्त 05.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वादशी 04:47 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 16 नवंबर 2025, वर्ष 5, अंक 266, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




कई सीट पर जीत-हार का अंतर 500 से भी कम, संदेश में 27 वोट का अंतर - 12



अमेरिकी शुल्क के बाद जेम्स और आभूषणों का निर्यात 31 प्रतिशत घटा - 12



पारदर्शी हो सुरक्षा परिषद के सहायक संगठनों का काम - 13




ईडन गार्डन्स में विकेटों के पतझड़ के बीच भारत का पलड़ा भारी - 14

# नानक सागर डैम को बनाएंगे टूरिस्ट स्पॉट

## सीएम धामी ने की घोषणा, बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर हुए कार्यक्रम में की शिरकत

नानकमत्ता/हल्द्वानी ब्यूरो

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नानकमत्ता में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजाति गौरव दिवस समारोह का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खटीमा बस स्टैंड का नामकरण महाराणा प्रताप के नाम पर करने, नानक सागर डैम को टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने समेत सात घोषणाएं कीं।



नानकमत्ता में हुए कार्यक्रम में सीएम धामी को चित्र भेंट करतीं महिलाएं।

सीएम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजाति समाज के गौरव, साहस और स्वाभिमान के अमर प्रतीक है। उन्होंने अल्प आयु में स्वतंत्रता, स्वाधिकार, आत्मसम्मान की ऐसी चेतना समाज में जागृत की जिसने पूरे जनजाति समाज को एकजुट कर नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार भी आदिवासी जनजाति समुदाय के कल्याण को पीएम जनजाति उन्नत ग्राम अभियान में 128 जनजाति गांवों का चयन किया है जिनमें बुनियादी सुविधा, आर्थिक सशक्तिकरण, बेहतर शिक्षा और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दिया जाएगा। राज्य में 4 आवासीय एकलव्य विद्यालय, कालसी मेहरवाना बाजपुर व खटीमा में संचालित हो रहे हैं। देहरादून के चकराता और ऊधम सिंह नगर के बाजपुर में नये आवासीय विद्यालयों का निर्माण हो रहा है। बच्चों को प्राइमरी से स्नात्तकोत्तर तक की छात्रवृति भी दी जा रही है। वर्तमान में 16 राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है।

तकनीकी शिक्षा देने को तीन आईटीआई कॉलेजों संचालित हो रहें हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग व स्कॉलरशिप दी जा रही है। बेटियों के विवाह के लिए 50 हजार, जनजाति शोध संस्थान के लिए 1 करोड़ का कॉरपोरस फंड भी बनाया है। जनजाति संस्कृति के संरक्षण को प्रतिवर्ष राज्य जनजाति महोत्सव और खेल महोत्सव किए जा रहे है। इस अवसर पर उन्होंने महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय का शिलान्यास व नगर निकाय श्री नानकमत्ता के भवन का लोकार्पण किया।

अंत में उन्होंने साधु नगर स्थित कैलाश नदी पर पुल, राय सिख भवन के लिए धनराशि देने, नानकमत्ता बांध को टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने, सनातन धर्म उत्थान समिति भवन एवं मंदिर निर्माण के लिए धनराशि देने, ज्ञानपुर से बरकीडण्डी-औदली से डोहरी-एस्था बी से देवीपुरा-गिधौर परसैनि-बैलपड़ाव को जोडने वाली सड़क का डामरीकरण, पर्वतीय उत्थान समिति के अतिरिक्त कक्ष के लिए बजट, खटीमा के नवनिर्मित बस स्टैंड का नाम महाराणा प्रताप के नाम पर रखने की घोषणा की।

# 2 डॉक्टर समेत 3 हिरासत में लिए अल फलाह विवि पर मामला दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने लाल किले के पास हुए विस्फोट के सिलसिले में हरियाणा के अल फलाह विश्वविद्यालय के दो डॉक्टरों समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि यूजीसी और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा ध्यान दिलाई गई अनियमितताओं को लेकर संस्थान के खिलाफ दो अलग-अलग प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। अपराध शाखा ने धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपों में दो प्राथमिकियां दर्ज की हैं।

पुलिस टीम ने शनिवार को विश्वविद्यालय के ओखला कार्यालय का दौरा किया और जांच के दायरे में आए लोगों से जुड़ी जानकारी हासिल की। पुलिस ने अल-फलाह विश्वविद्यालय के दो डॉक्टरों - मोहम्मद और मुस्तकीम - को भी



लाल किले : छानबीन करती जांच एजेंसियां।

हिरासत में लिया, जो सोमवार को लाल किले के पास हुए विस्फोट से संबद्ध हुंडई आई20 कार के चालक डॉ. उमर नबी को जानते थे। विशेष शाखा और एनआईए द्वारा शुक्रवार देर रात धौज, नूंह और आसपास के इलाकों में की गई समन्वित छापेमारी के दौरान इन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। सूत्रों ने बताया कि मोहम्मद और मुस्तकीम डॉ. मुजम्मिल गनई के संपर्क में थे, जिन्हें 'सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल' की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया

**दिल्ली विस्फोट**

- **दोनों डॉक्टर मोहम्मद और मुस्तकीम डॉ. मुजम्मिल गनई व उमर के संपर्क में थे**
- **आतंकियों को खाद बेचने वाले हरियाणा के नूंह का दिनेश उर्फ डब्बू गिरफ्तार**

गया है। दोनों उमर के करीबी सहयोगी भी थे। विस्फोट वाले दिन एक डॉक्टर एम्स में इंटरव्यू देने के लिए दिल्ली में था। दिनेश उर्फ डब्बू नाम के एक अन्य व्यक्ति को भी बिना लाइसेंस के उर्वरक बेचने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। आतंकी मॉड्यूल के सदस्यों ने विस्फोटक पदार्थ खरीदने के लिए 26 लाख रुपये इकट्ठा किए थे और उसमें से तीन लाख रुपये एनपीके उर्वरक खरीदने में खर्च किए, जिसका इस्तेमाल बम बनाने में होता है।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वर्चुअल प्यार की चकाचौंध में उलझते किशोर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# आधार को नागरिकता नहीं पहचान के प्रमाण के रूप में इस्तेमाल के दिए थे निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया है कि उसने बिहार में संशोधित मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने के लिए आधार को नागरिकता के नहीं, बल्कि पहचान के प्रमाण के रूप में इस्तेमाल के निर्देश पहले ही जारी कर दिए थे।

शीर्ष अदालत में दाखिल जवाब में आयोग ने कहा कि न्यायालय ने मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए आधार के इस्तेमाल के नियम



- **निर्वाचन आयोग ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल किया जवाब**

8 सितंबर को ही स्पष्ट कर दिए थे। आयोग ने कहा कि अदालत ने स्पष्ट किया था कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) 1950 की धारा 23(4) के मद्देनजर आधार कार्ड का इस्तेमाल पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से किया जाना चाहिए। आरपीए की धारा 23 मतदाता सूची में नाम शामिल करने से संबंधित है। निर्वाचन आयोग ने कहा, उपरोक्त आदेश का पालन करते हुए आयोग ने बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को 9 सितंबर 2025 को निर्देश जारी कर दिया था कि राज्य की संशोधित मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने के लिए आधार को पहचान के प्रमाण के रूप में इस्तेमाल किया जाए, न कि नागरिकता के प्रमाण के तौर पर।

# नौगाम थाने में विस्फोट में मरने वालों की संख्या 9 हुई

श्रीनगर/नई दिल्ली, एजेंसी

श्रीनगर के नौगाम पुलिस थाने में आकस्मिक विस्फोट होने से नौ लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य लोग घायल हो गए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि यह आतंकवादी हमला नहीं था।

अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट शुक्रवार रात 11 बजकर 20 मिनट के आसपास हुआ जब एक विशेष टीम एक 'सफेदपोश' आतंकवादी मॉड्यूल के संबंध में जारी जांच के सिलसिले में हरियाणा के फरीदाबाद से जब्त किए गए विस्फोटकों के एक बड़े और



नौगाम में पुलिस थाने में धमाकों के बाद की तस्वीर।


- **गृह मंत्रालय ने कहा- सैंपल का फॉरेंसिक जांच कराने की तैयारी के दौरान हुआ विस्फोट, 32 लोग घायल**

अस्थिर जखीरे से नमूने ले रही थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक नलिन प्रभात और गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रशांत लोखंडे ने क्रमशः श्रीनगर और नई दिल्ली में मीडिया के समक्ष एक तरह के बयान में आतंकवादी हमले की अटकलों को खारिज किया और इस बात पर जोर दिया गया कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना थी। विस्फोट में एफएसएल टीम के तीन कर्मी, दो फोटोग्राफर, दो राजस्व अधिकारी (मजिस्ट्रेट टीम का हिस्सा), राज्य अन्वेषण अभिकरण (एसआईए) का एक अधिकारी और टीम से जुड़े एक दर्जी की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कुल 32 लोग घायल हुए हैं - 27 पुलिसकर्मी, दो राजस्व अधिकारी और आस-पास के इलाकों के तीन आम नागरिक। उन्हें बताया कि उन्हें इलाज के लिए तुरंत स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। प्रभात और लोखंडे दोनों ने स्पष्ट किया कि विस्फोट उस समय हुआ जब एफएसएल टीम फॉरेंसिक और रासायनिक जांच के लिए जब्त विस्फोटकों के एक बड़े जखीरे से नमूने लेने की निर्धारित प्रक्रिया में जुटी थीं।


ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ ॥

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥

**भोग एवं अंतिम अरदास**



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि सरदार बख्शीस सिंह पूर्व ग्राम प्रधान बेरीघाट, वरिष्ठ व्यवसायी एवं पूर्व तराई किसान भूमि सुधार मंच संरक्षक का अकस्मात 09/11/2025 को निधन हो गया है। इनकी आत्म शांति के लिए अंतिम अरदास, भोग और रस्म - पगड़ी दिनांक 18/11/2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे हमारे प्रतिष्ठान भुल्लर एग्रो इंडस्ट्रीज बेरीघाट फॉर्म में आयोजित होगी।

**-: शोकाकुल :-**

गुरप्रीत सिंह भुल्लर (पुत्र), गुरमीत सिंह, सुखवीर सिंह (पौत्र)

भुल्लर परिवार एवं सगे-संबंधी

बेरीघाट, खटीमा, उधम सिंह नगर (उत्तराखंड)

नोट-शोक समाचार सूचना को ही बुलावे की मान्यता दी जाए।

**स्टेट ब्रीफ**

### दिन भर धूप खिली, शाम ढलते ही मौसम सर्द

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में शनिवार को मौसम का मिजाज सुहावना बना रहा। सर्द हवाओं का आवेग गत दिवस की तुलना में कम रहा। अधिकतम तस्पमान 19 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। नगर में धूप पूरे दिन खिली रही। साथ ही ठंडी हवाओं की गति भी सामान्य बनी रही। जिस कारण दिन के समय ठंड का आभास कम हुआ। मौसम पूरे दिन साफ रहा। मगर सांझ होते ही ठंड पड़नी शुरू हो गई। पिछले कुछ दिनों से शाम का पारा तेजी से लुढ़क रहा हैं। जिस कारण तीखी ठंड महसूस हो रही है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 19 व 9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 50 प्रतिशत रही।

### आज कार्यभार ग्रहण करेंगे गणेश गोदियाल

**देहरादून :** कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गणेश गोदियाल रविवार को पदभार ग्रहण करेंगे। विधायक लखपत बुटोला ने बताया कि गोदियाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस जनों से लेकर आम जनमानस में उत्साह है। बुटौला ने बताया कि आज ह नीति माणा से लेकर धारचूला, उत्तरकाशी से लेकर नारसन तक के लोग कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने देहरादून आ रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश सहप्रभारी मौजूद रहेंगे।

# कॉर्बेट पार्क का ढिकाला जोन खुलते ही हुआ सैलानियों से पैक

## पहले ही दिन क्षेत्र के सारे विश्राम गृह हुए बुक, नेचर गाइडों और होटल स्वामियों के चेहरे पर दिखी चमक, पर्यटकों में उत्साह

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** विश्वप्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क का दिल कहे जाने वाले ढिकाला पर्यटन जोन को आखिरकार पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। बता दे कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मानसून के बाद आज 15 नवंबर की सुबह ढिकाला गेट में रौनक लौट आई। शनिवार को प्रातः6 बजे धनगढ़ी गेट पर कॉर्बेट प्रशासन के अधिकारियों ने पर्यटकों का फूल-मालाओं से स्वागत किया और वन अधिकारियों ने पहली सफारी पर रवाना होने वाले पर्यटक वाहनों को विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर ढिकाला जोन में प्रवेश कराया।

गौरतलब है कि कॉर्बेट पार्क का ढिकाला जोन हर वर्ष 15 जून को मानसून सीजन के शुरुआत में बंद कर दिया जाता है। क्योंकि मानसून के कारण जंगल क्षेत्र में सभी नदी-नाले उफान पर रहते हैं। जिससे ढिकाला के अंदर बनी सड़के क्षतिग्रस्त हो जाया करती है ऐसे में पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से पार्क को चौदह नम्बर तक के लिए बंद करना पड़ता है। ढिकाला जोन को सबसे खास इसलिए माना जाता है क्योंकि यहाँ डे विजिट कैंटर सफारी के साथ-साथ जंगल के बीचों-बीच बने गेस्ट हाउस में नाइट स्टे की सुविधा भी उपलब्ध है। जो इसे कॉर्बेट का सबसे रोमांचक और लोकप्रिय जोन बनाती है।

**कॉर्बेट के अधिकारी भी रहे मौजूद:** धनगढ़ी गेट पर पर्यटकों के स्वागत और सफारी की शुरुआत करने के दौरान क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट, कॉर्बेट पार्क के डिप्टी डायरेक्टर, रेंजर और वनकर्मियों की टीम मौजूद रही, अधिकारियों ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा प्राथमिकता है और पूरी टीम तैयार है। उधर ढिकाला पर्यटन जोन खुल जाने से होटल एवं रिसॉर्ट स्वामियों के चेहरों पर चमक साफ देखी गई।



कॉर्बेट के ढिकला जोन का शुभारंभ करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार



नंदौर वन्य जीव अभ्यारण गेट खुलने के बाद सफारी वाहनों को अभ्यारण्य में प्रवेश कराते जनप्रतिनिधि व अधिकारी। ● अमृत विचार

### पार्क में प्रवेश से पहले दिखे पर्यटक रोमांचित

बाघों की दहाड़, हाथियों की चिंघाड़, कुलाचे भरते हिरणों के झुंड, नाचते मयूरो के मनोहारी दृश्यों और विभिन्न पक्षियों के कोलाहल को देखने-सुनने के लिए पर्यटक जाने से पहले ही रोमांचित दिखाई दिए। पर्यटकों का कहना था कि उनका सबसे बड़ा सपना रॉयल बंगाल टाइगर, हाथियों के विशाल झुंड, हिरण, गुलदार व घुरल, जंगली सूअर, मगरमच्छ और दुर्लभ पक्षियों को उनके प्राकृतिक आवास में देखना है। कुछ पर्यटकों ने कहा कि कॉर्बेट का ढिकाला जोन उन्हें दुनिया के टॉप फॉरेस्ट सफारी स्पॉट्स में से एक लगता है। घना जंगल, रामगंगा नदी और वन्यजीवों की विविधता इसे बेहद रोमांचक बनाती है।

### ऑनलाइन बुकिंग हुई फुल, नाइट स्टे दिसंबर तक पैक

ढिकाला जोन की लोकप्रियता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 31 दिसंबर तक सभी कमरे और नाइट स्टे पूरी तरह बुक हो चुके हैं।

### प्रतिदिन 8 कैंटर पर्यटक ले जाएंगे जंगल की सैर

ढिकाला जोन में डे सफारी के लिए प्रतिदिन 8 कैंटर संचालित किए जाते हैं, सुबह की पाली 4 कैंटर, शाम की पाली 4 कैंटर .एक कैंटर में 16 पर्यटक जंगल सफारी का आनंद ले सकते हैं। पर्यटकों का कहना है कि जंगल में टाइगर साइटिंग का सबसे अधिक मौका ढिकाला जोन में ही मिलता है।

### नाइट स्टे सबसे महंगा लेकिन रोमांचक अनुभव

ढिकाला में नाइट स्टे की बात करें, तो एक कमरे का परमिट लगभग5000 में मिलता है। लेकिन बड़े घास के मैदान, रामगंगा नदी के किनारे बसे जंगल, हाथियों के बड़े झुंड, मगरमच्छ, घड़ियाल के दर्शन, 500 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां देखने का मौका मिलता है।

### पहले दिन से ही नजर आया जबरदस्त उत्साह

ढिकाला खुलते ही पहले ही दिन देश और विदेश से पहुंचे पर्यटकों में भारी उत्साह देखने को मिला। धनगढ़ी गेट पर सुबह से ही पर्यटकों के वाहनों की लाइन लग गई थी। जैसे ही गेट खुला, पर्यटक ख़ुशी से झूम उठे कई। बताया कि उन्होंने महीनों पहले ही बुकिंग कर ली थी।

### नंदौर वन्य अभ्यारण पर्यटकों के लिए खुला

**चोरगलिया, अमृत विचार :** नंदौर वन्य जीव अभ्यारण गेट आज से पर्यटकों के लिए सफारी हेतु खोल दिया गया है। चोर गलियां गौलापार जिला पंचायत सदस्य लीला बिष्ट ने फीता काटकर तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी, रेंजर लक्ष्मण सिंह मर्तोलिया व अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर पर्यटकों के वाहन को जंगल सफारी के लिए रवाना किया। रेंजर मर्तोलिया ने बताया कि आने वाले कुछ सालों में यह जंगल क्षेत्र पर्यटकों की पहली पसंद बनेगा। वहीं मंडल अध्यक्ष मेवाड़ी ने रेंजर मत्तोलिया के सामने मांग रखी जिप्सी चलाने के लिए नए रजिस्ट्रेशन खोले जाएं जिससे अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। सफारी गेट खुलने से नेचर गाइडों वह जिप्सी संचालकों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। वन्य जीव अभ्यारण में दो दिवसीय पक्षी गणना भी प्रारंभ हो गई है जो कि उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड के निर्देश में वन विभाग के साथ की जा रही है, जिसका नेतृत्व नेचर गाइड दीपक चौसली कर रहे हैं। इस मौके पर नंदौर रेंजर एलएस मत्तोलिया, छक्कता रेंजर प्रदीप पंत, महेंद्र सिंह रेकुनी रेंजर रनशाली रेंज, बीडीसी मेंबर योगी मेहरा, इंद्रजीत सिंह, आशु बुघाणी, ईश्वर सुयाल आदि रहे।

# हल्द्वानी में शूटिंग का प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शूटिंग रेंज में खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। रेंज में 10 डमी पिस्टल उपलब्ध कराई गई हैं, जिनसे शुरुआती खिलाड़ी शूटिंग की बुनियादी तकनीक सीख रहे हैं। इन पिस्टलों से खिलाड़ियों को लक्ष्य साधने का अभ्यास मिल रहा है, जबकि प्रशिक्षित खिलाड़ियों के लिए ओरिजनल एयर पिस्टल और राइफल भी उपलब्ध हैं।

खेल विभाग की ओर से बीते वर्ष 35 लाख रुपये की लागत से शूटिंग रेंज का निर्माण किया गया था, लेकिन उपकरणों के अभाव में खिलाड़ी सही ढंग से प्रशिक्षण नहीं ले पा रहे थे। इसकी वजह से जिन युवाओं का शूटिंग के प्रति रुझान था, वे भी प्रवेश नहीं ले पा रहे थे। शुरुआती चरण में मात्र तीन खिलाड़ियों ने रेंज में एडमिशन कराया था, लेकिन अब यह संख्या 15 से अधिक हो चुकी है। रेंज में एयर पिस्टल चलाने के लिए सिलिंडर की भी व्यवस्था है। कोच नितिन थापा ने बताया कि शुरुआती खिलाड़ियों को डमी पिस्टल से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि जो खिलाड़ी कुछ सक्षम हो चुके हैं, उन्हें ओरिजनल एयर पिस्टल से निशानेबाजी सिखाई जा रही है।



इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रशिक्षण लेते खिलाड़ी।

### सुबह और शाम दिया जा रहा प्रशिक्षण

गौलापार स्टेडियम में प्रशिक्षण सुबह 6 से 8 बजे और शाम 4 से 6 बजे तक दिया जा रहा है। कोच थापा ने खिलाड़ियों से अपील की कि इच्छुक युवा शूटिंग प्रशिक्षण के लिए हल्द्वानी स्टेडियम में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। नई शूटिंग रेंज के शुरू होने से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह बढ़ गया है। उम्मीद है कि यहां से भविष्य के कई निशानेबाज आगे निकलकर राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे।

### राज्य को मिली तीन छात्रावासों की सौगात

**देहरादून, अमृत विचारः** जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से उत्तराखंड में तीन आवासीय छात्रावासों का शिलान्यास किया। ये छात्रावास देहरादून, ऊधमसिंह नगर और चमोली में 1055 लाख रुपये की लागत से बनाए जाएंगे।

देहरादून के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनियावाला में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि, केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय समाज के उत्थान हेतु कार्य किए जा रहे हैं। छात्रावासों के निर्माण से दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों के छात्र छात्राएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आवासीय सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

# साहित्य भावना व्यक्त करने का माध्यमः धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मोहिनी रोड स्थित दून इंटरनेशल स्कूल में लिटरेचर फेस्टिवल में हिस्सा लिया। उन्होंने वेणु अग्रहारा ढ़ींगरा की लिखित पुस्तक लीडिंग लेडीज ऑफ इण्डिया पुस्तक का विमोचन किया।

सीएम ने कहा कि साहित्य भावनाओं, विचारों और अनुभवों को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता में भी साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने आशा जताई कि लीडिंग लेडीज ऑफ इण्डिया पुस्तक पाठकों विशेष रूप से महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों के बनाए जा रहे उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार अनेक योजनाएं चला रही है। समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त होना जरूरी है। आज बेटियां हर क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं।

सीएम ने कहा कि विगत दो वर्षों से राज्य में प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य लोगों को अपनी जड़ों से जोड़े रखना है। प्रवासी सम्मेलन के आयोजन के बाद से अनेक प्रवासियों ने अपने मूल गांवों के विकास के साथ ही प्रदेश के विकास के सहयोगी बनने की इच्छा जताई गई है। इस दौरान गीता धामी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, दून इंटरनेशल स्कूल समूह के संस्थापक डीएस मान मौजूद रहे।



सीएम को चेक सौंपती पर्वतारोही बछेंद्री पाल। ● अमृत विचार

### पर्वतारोही बछेंद्री पाल ने सीएम राहत कोष में दिए 10 लाख

**देहरादून :** भारत की प्रथम महिला माउंट एवरेस्ट विजेता बछेंद्री पाल ने सीएम राहत कोष में 10 लाख का चेक दिया। यह चेक उनकी ओर से राज्य महिला उद्यमिता परिषद की उपाध्यक्ष विनोद उनियाल ने सीएम धामी को सौंपा। सीएम ने पर्वतारोही बछेंद्री पाल के इस सामाजिक योगदान के प्रति आभार जताते हुए कहा कि संकट की घड़ी में सहयोग एवं सेवा की भावना ही समाज को जोड़ती है। ऐसे योगदान न केवल जरूरतमंदों की मदद करते हैं बल्कि जनहित के कार्यों के प्रति लोगों को प्रेरित भी करते हैं।

# 96 लाख में हवा में बना पुल, कागजों में बढ़ी लागत

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचारः** लंबे समय तक विवादों में रहा बेलतड़ी-क्वारबन सड़क पर पुल फिर से चर्चाओं में है। यहां पांच साल बाद भी पुल तो बना नहीं लेकिन इसके नाम पर 96 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया है। इस पर खुद भाजपा सवाल उठा रही है।

बेतलड़ी, क्वारबन, धारीऐर क्षेत्र की 15 हजार की आबादी की आवाजाही सुगम बनाने के दावे कर वर्ष 2020 में आठ किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया। इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही के लिए क्वारबन गधेरे में 3.78 करोड़ रुपये की लागत से 48 मीटर स्पान के पुल का निर्माण होना था। साल 2022 में सड़क तो बना दी लेकिन पुल न बनने से यह क्षेत्र के लोगों के काम नहीं आ रही है। लंबे समय से विवादों में रहा यह पुल फिर से चर्चाओं में है। यहां पुल तो कहीं धरातल पर नजर नहीं आ रहा है लेकिन इसके निर्माण के नाम पर 96 लाख रुपये का विभाग ने भुगतान भी कर दिया है। बीते मार्च महीने में पुल निर्माण के नाम पर यह धनराशि निकाल दी गई है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी का कहना है कि सड़क पर बगैर पुल का निर्माण किए ही भुगतान करने के मामले की जांच के साथ संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# रामनगर में कोसी बैराज के पास फायरिंग में युवक घायल, भर्ती

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** कोसी बैराज क्षेत्र में देर शाम उस समय हड़कंप मच गया जब शक्तिनगर, गुलरघट्टी निवासी युवक इसान उर्फ पव्वा पर बाइक सवार युवकों ने फायरिंग कर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल इसान को गंभीर स्थिति में संयुक्त चिकित्सालय लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

अस्पताल में घायल इशान ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ बीती देर शाम को कोसी बैराज घूमने निकला था। इसी दौरान बैराज से आगे बालाजी मंदिर से पहले एक बाइक सवार ने उन्हें रोक लिया तभी अचानक लगभग चार और बाइक वहां पहुंच गईं। इशान के अनुसार बाइक सवार युवकों ने बि उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने उस पर फायर भी किया, जिससे गोली जैसे छर्रे उसके हाथों में धंस गए। घायल इशान ने आरोप लगाया कि हमला करने वालों में रामनगर के थारी गांव का मिंटा भी शामिल था।



अस्पताल में उपचार कराता घायल ईशान।

अस्पताल में तैनात डॉ. तौहीद ने बताया कि युवक के हाथों में गोली नुमा छर्रे लगे हैं और सिर पर भी चोटें हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक उपचार दिया गया है और उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर है।

घटना की जानकारी मिलते ही संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे सीओ सुमित पांडे ने घायल युवक से पूछताछ की। सीओ पांडे ने बताया युवक ने बताया कि कुछ लोगों ने उस पर हमला किया, जिसमें उसे सिर और हाथों में चोटें आई हैं। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# प्रशासन ने हरिद्वार में ढहा दी अवैध मजार

संवाददाता, हरिद्वार

**अमृत विचारः** हरिद्वार जिले की लक्सर तहसील के सुल्तानपुर के पास स्थित गांव नेहादपुर सुठारी में सरकारी भूमि पर बनी अवैध मजार को प्रशासन ने शनिवार को बुल्डोज़र चलाकर ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई दो सप्ताह पूर्व जारी नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद की गई।

एसडीएम सौरभ असवाल की निगरानी में प्रशासनिक टीम के साथ भारी पुलिस बल को तैनात किया गया। सुरक्षा के लिहाज से पहले पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर सील किया गया। बताया गया कि सरकारी भूमि पर अवैध ढंग से बनी संरचना के वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए खादिम को नोटिस दिया गया था लेकिन किसी भी प्रकार के प्रमाण उपलब्ध न कराने पर कार्रवाई अमल में लाई गई।

डीएम मयूर दीक्षित ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के मामले में सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विवाद की कोई स्थिति न बने, इसके लिए पूरे इलाके में पुलिस की कड़ी पहरेदारी रखी गई। गौरतलब है कि सनातन परंपराओं वाले हरिद्वार जिले में सरकारी जमीनों पर अवैध मजारों और अतिक्रमण की शिकायतें प्रशासनिक सर्वे में सामने आई थीं।

### बिजरानी क्षेत्र में मृत मिला गुलदार

**रामनगरः** कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत बिजरानी रेंज की रिंगौड़ा बीट फूलताल ब्लॉक में सीटीआर कर्मियों ने गश्त के दौरान एक वयस्क गुलदार मृत अवस्था में देखा। जिसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी गई। मृत गुलदार के नाखून, दांत, हड्डियां आदि सभी अंग मौके पर सुरक्षित पाये गए।

मौके पर ही पशु चिकित्सक के पैनल द्वारा शव विच्छेदन की कार्यवाही की गई। पोस्टमार्टम के बाद मौके पर ही गुलदार के शव को जलाकर नष्ट कर दिया गया। इस दौरान घटना स्थल पर सीटीआर के उपनिदेशक राहुल मिश्रा, वरिष्ठ पाशुचिकत्ताधिकारी दुष्यन्त शर्मा, राहुल सती, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी रहे।

**संगोष्ठी**

डीएसबी कैम्पस में जनजातीय गौरव दिवस पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन, विशेषज्ञों ने रखे अपने विचार

# बिरसा मुंडा की विरासत और उत्तराखंड की जनजातीय पहचान पर चर्चा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी कैम्पस में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शनिवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में भारत की जनजातीय विरासत, जनसांख्यिक विशेषताओं और संवैधानिक स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. ऋचा गिनवाल के स्वागत एवं परिचयात्मक वक्तव्य से हुई। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान और 15 नवंबर को मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। साथ ही राज्य सरकार द्वारा इस दिवस को राज्यभर में मनाने के निर्देशों की जानकारी भी दी।

डॉ. गिनवाल ने बताया कि देश की कुल आबादी का 8.6 प्रतिशत हिस्सा अनुसूचित जनजातियों से संबंधित है और अनुच्छेद 342 के तहत 730 जनजातियाँ अधिसूचित हैं। उत्तराखंड में पाँच प्रमुख जनजातियाँ—जौनसारी, थारू, राजी, बुक्सा और भोटिया—निवास करती हैं तथा इनकी जनसंख्या राज्य की कुल आबादी का 2.9 प्रतिशत है। उद्घाटन उद्बोधन में डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत ने जनजातीय संरक्षण, सांस्कृतिक संवर्धन और जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया। इसके बाद सोनम कोटियाल ने उत्तराखंड की जनजातियों की भौगोलिक स्थिति, सांस्कृतिक पहचान और समुदायगत विशिष्टताओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने 1962 के बाद भोटिया/रंग/शौका समुदाय में आए सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला। संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण डॉ. दिव्या का व्याख्यान रहा, जिसमें उन्होंने जोहारी शौका समुदाय की प्राचीन हिमालयी व्यापार परंपरा, ग्यानिमा मंडी के महत्व तथा 1962 के बाद आए आर्थिक संकट और पुनर्स्थापन की यात्रा को विस्तार से समझाया। उन्होंने मुनस्यारी के उन्नी प्रशिक्षण केंद्र और क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन अवसरों पर भी चर्चा की।



एमबीपीजी कॉलेज में गौरव जनजाति दिवस कार्यक्रम में प्राचार्य एनएस बनकोटी व अन्य

### बिरसा मुंडा के जीवन, समाज को दिए योगदान के प्रति किया जागरूक

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के एससी/एसटी प्रकोष्ठ और समाजशास्त्र विभाग की ओर से जनजाति गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष, संस्कृति और समाज को दिए गए योगदान के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम में प्रो. पीडी पंत ने कहा कि जनजातीय नायकों की विरासत से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। प्रो. रेनू प्रकाश ने जनजातीय संस्कृति, स्वतंत्रता सेनानियों और उनकी परंपराओं को सम्मान देने का महत्व बताया। विशिष्ट अतिथि आभा गर्खाल ने बिरसा मुंडा की जयंती को मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस के महत्व को बताया। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. कल्याण सिंह रावत ने कहा कि जनजाति समाज प्रकृति का आधार है और उनके संरक्षण और आजीविका सुधार के लिए जैव-संसाधन केंद्रों को मजबूत करना आवश्यक है। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने जनजातीय नायकों के योगदान और संस्कृति को भारत की धरोहर बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नागेंद्र गंगोला ने किया। इस मौके पर प्रो. पीके सहगल सहित विवि के विभिन्न निदेशक, प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नैनीताल में फिल्म सिटी निर्माण की मांग हुई तेज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** उत्तराखंड में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। नैनीताल स्थित अनामिका फिल्म डेवलपमेंट सोसाइटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर नैनीताल में प्रस्तावित फिल्म सिटी (फिल्म सिटी/फिल्म हब) के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने की मांग की है।

सोसाइटी के अध्यक्ष, निर्माता-निर्देशक सुहृद सुदर्शन साह ने अपने पत्र में कहा कि वर्षों पहले नैनीताल में फिल्म सिटी बनाए जाने की घोषणा की गई थी, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। साह ने पत्र में कहा कि नैनीताल की प्राकृतिक खूबसूरती, विविध लोकेशन्स और शूटिंग-फ्रेंडली मौसम फिल्म निर्माण के लिए आदर्श है।

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिलेगा

सुहृद सुदर्शन साह ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि नैनीताल में फिल्म सिटी निर्माण के लिए तत्काल निर्देश जारी किए जाएं और पूर्व में घोषित परियोजना को आगे बढ़ाया जाए। फिल्म जगत से जुड़े स्थानीय कलाकार योगीता, रितेश, कमल ने मांग का समर्थन किया है। उनका कहना है कि यदि नैनीताल में फिल्म सिटी बनती है तो उत्तराखंड देश के प्रमुख फिल्म निर्माण केंद्रों में होगा।

## सिटी ब्रीफ

### मालिकाना अधिकार के लिए धरना जारी

हल्द्वानी : मालिकाना अधिकार, राजस्व गांव का दर्जा, सड़क–पानी–बिजली बहाली, घर निर्माण पर लगी रोक हटाने और पंचायत चुनाव में मतदान अधिकार सहित आठ मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को 90वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचे यूकेडी के केंद्रीय संगठन मंत्री भुवन सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकार 90 दिनों से आंदोलन की अनदेखी कर रही है, जो जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने आंदोलन को और तेज करने की जरूरत बताते हुए यूकेडी का पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। धरने में अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी, डॉ. उर्मिला रैंसवाल, दौलत सिंह, हेमा देवी, प्रतिमा देवी, गिरजा शंकर टम्टा समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### इंद्रा रुद्रपुर व धर्मानंद बने अल्मोड़ा डिपो के स्टेशन अधीक्षक

हल्द्वानी : परिवहन निगम में हल्द्वानी और काठगोदाम डिपो सहित तीन अन्य डिपो में कार्मिकों के ट्रांसफर हुए हैं। हल्द्वानी डिपो की वरिष्ठ केंद्र प्रभारी इंद्रा भट्ट को रुद्रपुर डिपो का स्टेशन अधीक्षक बनाया गया है। काठगोदाम डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी धर्मानंद जोशी का ट्रांसफर अल्मोड़ा डिपो में स्टेशन अधीक्षक के पद पर हुआ है। इसके साथ ही हरिद्वार डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी मुकेश रानी को ग्रामीण डिपो का स्टेशन अधीक्षक, निगम मुख्यालय में उपलेखक के पद पर तैनात विपिन काला को निगम मुख्यालय में ही यातायात अधीक्षक और पर्वतीय डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी ललित भट्ट को ऋषिकेश डिपो का स्टेशन अधीक्षक बनाया गया है। प्रबंध निदेशक रीना जोशी ने कार्मिकों को एक सप्ताह के भीतर नए तैनाती स्थल में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

### कल मनेगा श्री हनुमान धाम का स्थापना दिवस

रामनगर : हनुमान धाम के मीडिया प्रभारी पवन अग्रवाल ने बताया कि 17 नवंबर को हनुमान जी के पूजन के साथ ही श्री हनुमान धाम में 65 फीट ऊंची धर्म–ध्वजा फहराई जाएगी। दोपहर 2 बजे से संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ होगा। सांय 4 बजे से गायक रितेश मनोचा द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। शाम 7 बजे श्री हनुमान सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष पूज्य आचार्य विजय का उद्बोधन होगा और उसके बाद महाआरती का कार्यक्रम रहेगा। इस मौके पर इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के सहयोग से धाम में सुबह 10 बजे से नि:शुल्क होम्योपेथिक शिविर लगाया जायेगा।श्रद्धालुओं के लिये सुबह 11 बजे से भण्डारा प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।



डॉ. ऋतु रखोलिया को अवार्ड प्रदान करते यूकॉस्ट के अधिकारी। ● अमृत विचार

### डॉ. ऋतु रखोलिया को टीचर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) की ओर से हुए सिक्स देहरादून इंटरनेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल में डॉ. ऋतु रखोलिया को टीचर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख वन संरक्षक जयराज थे। स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल के वायस चेयरमैन प्रो. देवेंद्र भसीन, कुमाऊं विवि के वाइस चांसलर प्रो. दीवान सिंह नेगी, उत्तराखंड मुक्त विवि के पूर्व वाइस चांसलर प्रो. ओपीएस नेगी, आल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की निदेशक प्रो. मीनू सिंह, डीएवी कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. अजय सक्सेना ने डॉ. रखोलिया को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान चिकित्सा शिक्षा एवं शोध में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. रखोलिया के 33 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रिसर्च पेपर प्रकाशित हो चुके हैं।

### भाजपा में इस सप्ताह होनी है मोर्चों के अध्यक्ष की घोषणा, उम्मीदवार देहरादून तक कर रहे जोर आजमाइश

# विभिन्न मोर्चों में अध्यक्ष के लिए शुरू हुई 'मोर्चाबंदी'

- बिहार चुनाव की वजह से लंबित था मोर्चों का गठन
- प्रदेश नेतृत्व ने जिला संगठन से मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाजपा में जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ था कि अब विभिन्न मोर्चों को लेकर ''मोर्चाबंदी'' शुरू हो गई है। मोर्चों के अध्यक्ष पद हासिल करने के लिए उम्मीदवारों ने हल्द्वानी से देहरादून तक दौड़ लगाना शुरू कर दी है। सभी अपने-अपने गुटों के मुखिया से संपर्क साध कर सेटिंग गेटिंग में लग गए हैं।

भाजपा में महिला, अल्पसंख्यक, एससी, ओबीसी, किसान, युवा समेत कई मोर्चे हैं। वैसे तो अब तब इन मोर्चों का गठन हो चुका होता लेकिन जानकारों की मानें तो प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार के बिहार चुनाव में व्यस्तता की वजह से गठन लटका हुआ था। अब प्रदेश संगठन मंत्री की वापसी हो गई है। इसके बाद मोर्चों का गठन होना है। इसके लिए वह जिला संगठन से भी मंत्रणा कर रहे हैं। संभावना है कि अगले एक सप्ताह में मोर्चों के अध्यक्षों की घोषणा हो सकती है इसलिए विभिन्न मोर्चों के दावेदारों ने जिले से लेकर देहरादून तक अपनी-अपनी गुणा गणित बनाने में जुट गए हैं। वहीं, अब मिशन-2027 में एक वर्ष का ही समय शेष है। ऐसे में मोर्चों के गठन में चूक नुकसान भी पहुंचा सकती है इसलिए भाजपा प्रदेश नेतृत्व भी फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। फिलहाल अगले सप्ताह में इसकी तस्वीर साफ हो जाएगी।

#### एक मोर्चा को लेकर दो दिग्गजों में टकराव

हल्द्वानी : सूत्रों की मानें तो एक मोर्च के जिलाध्यक्ष को लेकर दो दिग्गजों में टकराव शुरू हो गया है। दोनों ही दिग्गज अपने–अपने गुट के समर्थक को जिलाध्यक्ष बनाना चाहते हैं। इसके बाद दोनों दिग्गज एक दूसरे के उम्मीदवार में कमियां निकाल रहे हैं, वहीं जिला संगठन भी पशोपेश में है। संभावना जताई जा रही है कि दोनों ही एक ही विधानसभा सीट से दावेदारी भी ठोक सकते हैं। फिलहाल प्रदेश नेतृत्व ने सभी उम्मीदवारों के नाम मांग लिए हैं जिन पर चर्चा की जा रही है। अब देखना यह होता है कि किस दिग्गज का पलड़ा भारी पड़ता है।

#### हल्द्वानी व कालाढूंगी से ही हैं मोर्चों के अध्यक्ष

सूत्रों के अनुसार, भाजपा के विभिन्न मोर्चों में जिलाध्यक्ष को लेकर दावेदारी तो समूचे जनपद से होती है लेकिन हल्द्वानी व कालाढूंगी को वरीयता दी जाती है। महत्वपूर्ण महिला मोर्चा, ओबीसी, एससी, युवा, अल्पसंख्यक, किसान मोर्चा में ज्यादतर अध्यक्ष हल्द्वानी व कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के हैं जबकि जिले की बाकी चार विस की भागीदारी कम ही रहती है।



भाजपा के विभिन्न मोर्चों के लिए अध्यक्ष के लिए नाम प्राप्त हो गए हैं जिन्हें हाईकमान को भेज दिया गया है। जल्द ही सभी मोर्चों के अध्यक्ष का गठन हो जाएगा। सिर्फ हल्द्वानी व कालाढूंगी नहीं बल्कि जिले से सबको प्रतिनिधित्व मिलता है। जिला कार्यकारिणी में भी सभी को प्रतिनिधित्व मिला है, ऐसे ही मोर्चों में भी सभी वर्गों व क्षेत्रों के समावेश का प्रयास किया जाएगा। बाकी अंतिम निर्णय हाईकमान का होता है।

–प्रताप बिष्ट, जिलाध्यक्ष भाजपा नैनीताल

# पिता जमीन न बेच पाए इसलिए मार डाला

### पुलिस ने दो दिन पूर्व रामनगर में हुए सलीम हत्याकांड में उसी के दो बेटों को किया गिरफ्तार

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में पुलिस टीम के साथ पिता सलीम की हत्या में पकड़े गए दोनों बेटे। ● अमृत विचार

अमृत विचार: तीन दिन पूर्व ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में 65 वर्षीय वृद्ध की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि जिस पिता की हत्या को लेकर परिवार ने अज्ञात लोगों पर आरोप लगाया था। जब जांच आगे बढ़ी तो पिता के कातिल उसके दो सगे बेटे ही निकले। जमीन बेचने को लेकर हुए विवाद के चलते दोनों बेटों ने मिलकर पिता की सर कुचलकर निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

बता दें कि घटना 12 नवंबर की रात की है, जब मृतक सलीम अली का खून में लथपथ शव उनकी झोपड़ी से बरामद हुआ था। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। मृतक के बेटे रियाज पुत्र सलीम अली, निवासी फौजी कॉलोनी, रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में दावा किया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पिता की हत्या की है। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग मिले। शनिवार को रामनगर कोतवाली पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक के दो पुत्रों नईम और नाजिम, निवासी ग्राम महेशपुर, थाना भगतपुर टांडा, जिला मुरादाबाद (उप्र) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों भाइयों ने हत्या की बात कबूल कर ली।

उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके पिता महेशपुर स्थित अपनी 3 बीघा जमीन बेचना चाहते थे, जबकि वे उस जमीन को बिकने नहीं देना चाहते थे। 12 नवंबर को पिता मुरादाबाद तहसील में रजिस्ट्री कराने गए थे, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो पाई और अगली तारीख तय हुई। यह जानकारी लगते ही दोनों भाई बाइक से रात 9 बजे रामनगर पहुंचे, जहां उनके पिता पूछड़ी में अपनी झोपड़ी में सो रहे थे। दोनों ने बारी-बारी से डंडे से हमला कर पिता की हत्या कर दी और फिर रात में ही घर लौट गए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद कर लिया है।

### बस की टक्कर से टूटा बाइक सवार का पैर

हल्द्वानी : तल्ली हल्द्वानी की अलकनंदा कॉलोनी निवासी मंजू नेगी ने अपने बेटे करण कुमार (20 वर्ष) के साथ 26 अक्टूबर की रात हुई सड़क दुर्घटना की शिकायत 17 दिन बाद कोतवाली हल्द्वानी में दर्ज कराई। मंजू के मुताबिक, करण रात करीब 11 बजे बाजार से घर लौट रहा था। धान मिल बरेली रोड स्थित कृष्णा मॉल के पास लालकुआं की ओर से आई बस के चालक ने करण की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसके पैर की हड्डियां कई जगह से टूट गईं। कोतवाल अमर चन्द्र शर्मा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### टक्कर मारकर पलटा ऑटो, महिला की मौत

हल्द्वानी, अमृत विचार : मुखानी थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार ऑटो ने परिवार के तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ दूर जाकर पलट गया। हादसे में तीनों माता–पिता व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। लंबे इलाज के बाद महिला की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गोविंदपुरम कमलुवागांजा निवासी रश्मि लोहनी ने पुलिस को बताया कि वह यहां अपनी माता पुष्पा, पिता गिरीश व भाई मनोज के साथ रहती हैं। माता–पिता व भाई बीती 15 सितंबर की रात करीब 11 बजे घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार ऑटो यूके 04 टीए 1493 ने सरोजनी बैक्वेट हॉल के पास उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिसमें तीनों घायल हुए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुष्पा के सिर व पिता और भाई के हाथ, पैर, सीने की हड्डी में फ्रेक्चर हुआ। 12 अक्टूबर को पुष्पा की मौत हो गई। थानाध्यक्ष दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर ऑटो चलाक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# गुस्से में अक्षय ने प्रीति की गला घोंट की हत्या

संवाददाता, रामनगर



पुलिस हिरासत में हत्या का आरोपी पति।

अमृत विचार: एक सप्ताह पूर्व हुई महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार किया है।

रामनगर विकासखंड के ग्राम पटरानी इलाके में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी, मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की और अब आरोपी पति की गिरफ्तारी के साथ घटना की सच्चाई सामने आई है। पुलिस के अनुसार 11 नवंबर को मृतका सुनीता देवी पत्नी करन सिंह, निवासी हरकिशन, थाना रेहड़, जिला बिजनौर की दादी ने तहरीर दी थी। तहरीर में बताया गया कि उनकी पोती प्रीति की हत्या उसके पति अक्षय कुमार ने गला दबाकर की है। पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। तफ्तीश आगे बढ़ने पर पुलिस ने आरोपी अक्षय कुमार पुत्र भुवन चन्द्र निवासी कैलाशो रानी चावला सूरज मेडिकल के पास, छतरी चौराहा, काशीपुर (ऊधमसिंह नगर) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल कर लिया। अक्षय कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी पिछले चार महीनों से किसी अन्य व्यक्ति के साथ रह रही थी। उसने बताया कि बीती 6 नवंबर को वह अपनी पत्नी को वापस लेकर आया था। इसके बाद 9 नवंबर की रात, वह अपनी पत्नी को अपनी ताई के घर, ग्राम पटरानी ले गया जहां गुस्से में आकर उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था और जांच शुरू की थी। रामनगर इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने बताया कि फिलहाल पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं, मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# जालसाज अरायजनवीस फैजान के गिरेबां तक पहुंचे पुलिस के हाथ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- आज मामले में बड़ा खुलासा कर सकती है बनभूलपुरा पुलिस,
- आयुक्त ने अन्य राज्यों के व्यक्ति का स्थाई प्रमाणपत्र बनाते पकड़ा था

अमृत विचार : बनभूलपुरा में बैठ कर यूपी में रहने वालों को उत्तराखंड का स्थाई निवासी प्रमाणपत्र बनाने वाले फरार अरायजनवीस फैजान के गिरेबां तक पुलिस के हाथ पहुंच चुके हैं। रविवार को पुलिस इस मामले में बड़ा खुलासा कर सकती है।

बीते गुरुवार को मंडलायुक्त दीपक रावत ने बनभूलपुरा में गोपाल मंदिर के पास मुस्तफा चौक नई बस्ती निवासी अरायजनवीस मो. फैजान पुत्र मो. फुरकान के घर पर छापा मारा था। फैजान घर से ही सीएससी सेंटर संचालित कर रहा था। छापे में सामने आया कि फैजान घर में बैठे-बैठे बाहरी राज्य के व्यक्तियों का स्थाई निवास प्रमाण पत्र बना रहा है। इस मामले में तहसीलदार कुलदीप पांडे की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। मंडलायुक्त के छापे और मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो पुलिस को कई चौंकाने वाले दस्तावेज मिले। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने शुक्रवार को बताया कि वह इस मामले में इलेक्ट्रानिक और मनी ट्रेल का एंगल भी खंगाल रहे हैं। पुलिस अभी कुछ कहने से तो बच रही है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि इस मामले में बड़ा खुलासा होने वाला है। रविवार तक पुलिस आरोपी फैजान को सलाखों के पीछे पहुंचा सकता है। पुलिस ने कई ऐसे दस्तावेज जुटाए हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि तहसील में लिखा-पढ़ी का काम करने वाला अरायजनवीस लंबे समय से बाहरी लोगों को उत्तराखंड में बसाने की मुहिम में लगा था। इस काम से उसने ठीक-ठाक रुपये भी कमाए। पुलिस अब उन की तलाश भी कर रही है, जिनके फर्जी दस्तावेज फैजान ने तैयार किए थे। प्रभारी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी का कहना है कि मामले में कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटा लिए गए हैं। कुछ और इनपुट पर टीमें काम कर रही हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### शादीशुदा प्रेमी किशोरी को भगा ले गया, केस

हल्द्वानी, अमृत विचार : मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाले किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी 13 नवंबर की दोपहर घर से निकली थी और फिर लौटकर नहीं आई। आरोप है कि धूमाखेड़ा नानकमत्ता ऊधमसिंह नगर निवासी बंटी पुत्र गुरनाम उनकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया। किशोरी के पिता का कहना है कि बंटी से पहले से ही शादीशुदा है। बंटी उनकी बेटी से सोशल मीडिया के जरिये मिला और अपनी बातों से उसे फंसा लिया। 13 नवंबर की दोपहर वह उनकी बेटी को भगा ले गया। अब आरोपी किशोरी के माता-पिता को जान की धमकी दे रहा है। थानाध्यक्ष दिनेश जोशी का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# वीर नारी को 21 साल से नहीं मिला पेट्रोल पंप

- महिला की शिकायत पर आयुक्त दीपक रावत ने संबंधित अधिकारियों को किया तलब, त्वरित कार्यवाही के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



कैंप कार्यालय में समस्याओं पर सुनवाई करते आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

अमृत विचार : आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने वीर नारी को 21 वर्ष तक आवंटित पेट्रोल पंप नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। पेट्रोल पंप कंपनी को तत्काल पेट्रोल पंप स्थापना के निर्देश दिए साथ ही वीरनारी से भी हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट देने को कहा।

जनसुनवाई में बीएसएफ के कमांडेंट एसके बमेठा ऑपरेशन पराक्रम के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उन्हें वीरता पुरस्कार भी मिला था। वर्ष 2004 में उनकी पत्नी गीतांजलि को एचपी का पेट्रोल पंप आवंटित हुआ था। 21 वर्ष बीतने के बाद भी वर्ष 2025 तक पेट्रोल पंप नहीं मिल सका इस पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने एचपीसीएल, एनएचएआई एवं ऊधमसिंह नगर के पूर्ति अधिकारी को तलब किया। वीरनारी ने बताया कि फायर, एनएचएआई आदि से एनओसी में कोई आपत्ति नहीं है, एचपीसीएल ने कोई कार्यवाही नहीं की। इस पर आयुक्त ने एचपीसीएल अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी आपत्तियां है उन्हें शीघ्र निस्तारण कर कार्यवाही की जाए नहीं होने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वहीं रामनगर की एक फूड कंपनी के श्रमिकों ने शिकायत की वेतन से पीएफ कटौती की जा रही लेकिन पीएफ में जमा नहीं हो रहा है। इस पर आयुक्त ने कंपनी स्वामी को सभी वर्षो की पीएफ की धनराशि जमा कराने के निर्देश दिए चेतावनी दी कि जमा नहीं करने पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा नीता मिश्रा ने स्थायी निवास प्रमाण पत्र बनाने, शंकर जोशी निवासी दुर्गा कालोनी ने चेक बाउंस, पंचम सिंह मेवाड़ी ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, हीरा देवी ने चकबंदी कृषक भूमि नाप के संबंध में समस्याएं बताईं। इस पर आयुक्त ने समस्याओं का त्वरित समाधान किया। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता मिलन में जन समस्याओं का शीघ्र और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

आंदोलन | बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के आह्वान पर जिले भर में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

# चैंबर निर्माण की मांग को लेकर जिले में अधिवक्ताओं की हड़ताल

संवाददता, नैनीताल



नैनीताल में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते जिला बार से जुड़े अधिवक्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार: देहरादून में अधिवक्ताओं के लिए चैम्बर निर्माण की मांग को लेकर बार काउंसिल ऑफ़ उत्तराखंड के चलाए जा रहे प्रदेश-व्यापी आंदोलन को नैनीताल जिला बार के अधिवक्ताओं ने समर्थन दिया।

शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने बैठक कर सरकार की नीतियों के प्रति कड़ा आक्रोश जताया। आंदोलन के समर्थन में अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्यों से विरत रहकर नारेबाजी की। बार एसोसिएशन के सचिव दीपक रुवाली ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर अधिवक्ताओं को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं, कई जगह कोर्टफीस तक उपलब्ध नहीं होती। ऐसे में अधिवक्ताओं के लिए व्यापक स्तर पर चैम्बर निर्माण अत्यंत आवश्यक है। पूर्व अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी ने कहा कि चैम्बर निर्माण उनकी प्राथमिक मांग है। वहीं पूर्व उपाध्यक्ष संजय सुयाल, तरुण चंद्रा और रवि शंकर आर्या ने जिला न्यायालय से बाहर स्थानांतरित हो चुके न्यायिक कार्यों को पुनः यहां बहाल किए जाने की भी मांग उठाई।

पूर्व अध्यक्ष नीरज साह ने कहा कि सरकार की दमनकारी नीतियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नोटरी अधिवक्ताओं के लाइसेंस दस वर्ष पश्चात् नवीनीकृत न करने का निर्णय अनुचित है। उन्होंने कहा कि कई अधिवक्ताओं ने जीवन भर नोटरी सेवा को समर्पित किया है, ऐसे में लाइसेंस नवीनीकरण रोकना उनके भविष्य पर संकट उत्पन्न करेगा। उन्होंने नए अधिवक्ताओं की समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि एआईबीई परीक्षा के लिए उत्तराखंड में मात्र दो ही परीक्षा केंद्र हैं, जिससे प्रदेशभर के युवाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि सभी जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएं या एआईबीई परीक्षा ऑनलाइन की जाए। सभा ज़ोरदार नारेबाज़ी के साथ समाप्त हुई। आंदोलन के समर्थन में जिला बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### चैंबर की मांग, अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार

हल्द्वानी : देहरादून बार एसोसिएशन ने मांग की है कि सरकार सभी न्यायालय परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए अधिवक्ता चैंबर का निर्माण करें। इसी मांग का समर्थन करते हुए बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के आवाहन पर हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण न्यायिक कार्यो से विरत रहे। शनिवार को सुबह 10 बजे से सभी अधिवक्ता मुख्य न्यायालय भवन के सामने एकत्र हुए और धरना–प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। सभी वक्ताओ ने राज्य सरकार से मांग की कि राज्य सरकार सभी न्यायालय परिसरो में अधिवक्ता चैंबर्स का निर्माण कार्य कराए।



रामनगर में एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### रामनगर में अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

रामनगर, अमृत विचार : अधिवक्ताओं ने शनिवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें अधिवक्ताओं का कहना है कि उत्तराखंड राज्य द्वारा जहां–जहां न्यायालय का नवनिर्माण और पुनर्निर्माण किया जा रहा है वहीं पर अधिवक्ताओं के बैठने के लिए चेंबर का निर्माण भी किया जाना आवश्यक है। रामनगर बार के अधिवक्ताओं ने मांग कि है कि जल्द से जल्द रामनगर बार के अधिवक्ताओं के लिए चैंबर्स की व्यवस्था की जानी चाहिए। इस दौरान एडवोकेट जगदीश मासीवाल, पीएस बोहरा, बालम सिंह बिष्ट, ललित मोहन जोशी, जगतपाल सिंह रावत, ललित मोहन पांडे, गणेश कुमार गगन, प्रदीप अग्रवाल, गिरधर सिंह बिष्ट, रणजीत सिंह, बलवंत सिंह बिष्ट, राजेन्द्र लटवाल, हिमांशु अग्रवाल, अनिल शर्मा, गुलनाज सिद्दीकी, रुबीना, विनोद अनजान, सुब्हाना तबस्सुम, कुलदीप, उमा शंकर टमटा, रवि तिवारी, युनूस खान, केशव कुमार मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### पेड़ गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त, बिजली गुल

**नैनीताल :** मल्लीताल अंडा मार्केट के पास शनिवार को अचानक एक विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे वहां खड़ी टैक्सी समेत अन्य वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पेड़ गिरने से मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया और क्षेत्र में लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। गनीमत रही कि घटना के समय किसी वाहन में यात्री सवार नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पेड़ के साथ ही बिजली की तारें भी टूटकर सड़क पर बिखर गईं, जिससे आसपास इलाकों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना मिलते ही फायर सर्विस और पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। फायर कर्मियों ने पेड़ की कटिंग कर उसे सड़क से हटाने का काम शुरू कर दिया है।

### पालिकाध्यक्ष ने कराया समस्याओं से अवगत

**भीमताल :** नगर पालिकाध्यक्ष सीमा टम्टा ने डीएम ललित मोहन रयाल से विभिन्न विकास योजनाओं के संदर्भ में भेंट की। इस दौरान उन्होंने नगर की विभिन्न समस्याओं से भी जिलाधिकारी को अवगत कल आते हुए नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी जमीनों को राजस्व विभाग से चिन्हित करने की मांग की। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका राहुल सिंह ने जिला अधिकारी को नगर पालिका की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया इस दौरान सभासद रामपाल सिंह गंगोला दीपक आर्य शुभम नैनवाल शिप्रा जोशी विशाखा आर्य नीरज जकुनी हेमा दुमका आदि उपस्थित थे।

### क्विज प्रतियोगिता का परिणाम हुआ घोषित

**नैनीताल :** भारत विकास परिषद द्वारा भारत को जानो लिखित क्विज परीक्षा अगस्त माह में आयोजित हुई थी जिसका परिणाम घोषित कर दिया है। प्रतियोगिता में 13 विद्यालय के 1232 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। लिखित प्रतियोगिता के चयनित 95 विद्यार्थी गोवर्धन हाल मल्लीताल में क्विज प्रतियोगिता में शामिल हुए। जूनियर वर्ग में मोहन लाल साह बालिका इंटर कॉलेज की चेतना जलाल, आराध्या, राशि मंडल और सीनियर में सरस्वती विद्या मंदिर नैनीताल के पराक्रम नेगी, संतोष बिष्ट, विराट सिंह कनवाल विजेता रहे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जगदीश चंद्र लोहनी ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किये गए। समस्त पुरस्कार समाज सेवी अमिता साह ने अपने पति स्व. चंद्रशेखर साह ( सेंट्रल होटल माल रोड नैनीताल) की स्मृति में भेंट किए। यहां डीसी खेतवाल, एनके पटना, मनोज साह, भगवती बिष्ट, ज्योति ढौंढियाल, सीमा साह, ममता रावत, साक्षी आर्या रहे।

# बिंदुखत्ता राजस्व गांव बनाने के लिए संघर्ष तेज करने का ऐलान

## भाकपा माले ने बैठक कर भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** बिंदुखत्ता राजस्व गांव के प्रकरण पर भाकपा माले ने भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए अब बिंदुखत्ता राजस्व गांव के संघर्ष को तेज करने का ऐलान किया है। यह निर्णय यहां काररोड में सम्पन्न भाकपा माले कार्यकर्ताओं की बैठक में लिया।



काररोड स्थित भाकपा माले कार्यकर्ताओं की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि, बिंदुखत्ता राजस्व गांव की पत्रावली का आपत्ति के साथ वापस आना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि विधायक व धामी सरकार द्वारा बिंदुखत्ता में वन अधिकार समिति का गठन करवा कर यहां की भोली भाली जनता को बरगलाने का काम किया गया है जिसका ताजा उदाहरण बिंदुखत्ता राजस्व गांव की पत्रावली शासन से आपत्ति के साथ जिलाधिकारी के माध्यम से उपखंड स्तरीय समिति को वापस भेज दी गई है। भाकपा माले जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि बिंदुखत्ता राजस्व गांव बनाने के लिए राज्य विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजकर डिसफॉरेस्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए, बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने की सही प्रक्रिया है। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष भुवन जोशी ने कहा कि, लालकुआं विधायक अपनी प्रत्येक सभा में यह घोषणा कर रहे हैं कि बिंदुखत्ता राजस्व गांव की सारी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है केवल घोषणा होना बाकी है लेकिन नैनीताल जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति ने बिंदुखत्ता वन अधिकार समिति की फाइल पर तीन मुख्य आपत्ति समेत कई आपत्तियां लगाई हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व गांव को लेकर भ्रम फैलाने के लिए विधायक जिम्मेदार हैं। अब समय आ गया है कि जनता बिंदुखत्ता राजस्व गांव बनाने की कमान अपने हाथ में लेकर बड़े आंदोलन की शुरुआत करे।

बैठक में डॉ. कैलाश पाण्डेय, भुवन जोशी, विमला रौथाण, किशन बघरी, आनंद सिंह सिजवाली, बहादुर सिंह जंगी, गोविंद जीना, नैन सिंह कोरंगा, बिशन दत्त जोशी, निर्मला शाही, कमलापति जोशी, त्रिलोक सिंह दानू, दान सिंह मेहरा, अंबा दत्त बचखेती, गोपाल दत्त रहे।

### संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक बुलाने का आह्वान

**लालकुआं :** बिंदुखत्ता राजस्व गांव की पत्रावली में आपत्ति लगने के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भी राजस्व गांव की मांग को लेकर जन आंदोलन खड़ा करने के लिए संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक बुलाने का आह्वान किया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू ने कहा शीघ्र ही बिंदुखत्ता संघर्ष समिति के पदाधिकारी से संपर्क कर राजस्व गांव के मामले में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। जिसके लिए इसी सप्ताह एक बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा संघर्ष समिति अपना काम कर रही थी लेकिन तथा कथित लोग संघर्ष समिति के आंदोलन के दुष्प्रचार में लगे थे जिसको लेकर समिति ने जनहित में कुछ समय के लिए अपने आंदोलन को स्थगित किया था। लेकिन अब समय आ गया है की समिति पुनः क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान कर चला कर राजस्व गांव के मामले में बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी।

### सिंचाई विभाग बनाएगा डेहरा में सुरक्षात्मक कार्य की कार्ययोजना

**भीमताल, अमृत विचार:** विकासखंड भीमताल के अंतर्गत डेहरा गांव भयंकर भूस्खलन की चपेट में है। ग्राम प्रधान मनोज चनोतिया ने बताया कि कई बार खनन विभाग सिंचाई विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को क्षेत्र की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए सुरक्षात्मक कार्य करने की मांग वह कर चुके हैं।

वहीं बताया कि प्रशासन के द्वारा कुछ दिन पूर्व सर्वे के लिए एक दल को भेजा गया था। पर दूसरे ही दिन खनन विभाग ने खनन करने के लिए भूस्खलन के नीचे प्रभावित क्षेत्र में पट्टा आवंटित करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी। जिससे ग्रामीणों में रोष है।

ग्राम प्रधान ने इस बात पर भी नाराजगी व्यक्ति की कि क्षेत्र में काफी नुकसान होने के बावजूद अब तक सिंचाई विभाग ने इस पर कार्य करने की जिम्मेदारी तय नहीं की है। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत इस और कार्य करने के निर्देश दिए और जिम्मेदारी तय करते हुए अवगत कराया कि हल्द्वानी सिंचाई विभाग का दायित्व है कि इस और प्रयास करें और कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करें।

# सभी योजनाओं में ए श्रेणी प्राप्त करें विभाग : डीएम



विकास भवन में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में जिले में संचालित हो रहे विकास कार्यों की गहनता से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। अधिकारियों के जो दायित्व हैं उनका शत प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत 42 मदों में लक्ष्य पूर्ति कर ए श्रेणी में लाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में 5 मदों में डी श्रेणी प्राप्त होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को प्रत्येक दशा में ए श्रेणी में आने को कहा।

जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे सड़क निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए तीनों डिविज़नों के कार्यों पर धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। बताया कि लापरवाही के लिए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजा जाए। साथ ही सभी अधिकारियों को अगली समीक्षा बैठक तक सड़क निर्माण कार्यों में स्पष्ट व तेज प्रगति दिखाने के निर्देश दिए, ताकि 20 सूत्री कार्यक्रम में जिला ए श्रेणी में रहे। कहा कि अधिकारी इसे गंभीरता से लें। बैठक में एपीडी चंदा फर्त्याल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मुकेश नेगी, मुख्य कोषाधिकारी कमलेश भंडारी सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



हरमन माइनर डिग्री कॉलेज भीमताल के विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण। ● अमृत विचार

### हरमन कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**भीमताल, अमृत विचार :** बाल दिवस पर संस्थान के अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। शैक्षिक भ्रमण पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध जागेश्वर धाम, चितई, लखुडियार, कसार देवी आदि भौगोलिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। भ्रमण दल को रवाना करते समय प्रचार्या डॉ. मुक्ता ने विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए बताया कि उत्तराखंड के प्रत्येक स्थल से कोई न कोई रहस्य जुड़ा हुआ है। हम आपको ऐसे मंदिर के बारे में बताने वाले हैं। जहां के बारे में कहा जाता है कि भगवान शिव के लिंग स्वरूप की पूजा यहीं से प्रारम्भ हुई। इन स्थलों का अपने आप में धार्मिक ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। कॉर्डिनेटर दिगम्बर ने विभिन्न स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी विद्यार्थियों को दी। शैक्षिक भ्रमण के दल में शिक्षण संस्थान के राजेन्द्र सिंह खाती, शीतल सिह मौर्य, डॉ. दीपक, डॉ. मंजू नेगी, डॉ. भारती, नितिन भगवाल, रामकृष्ण आर्या, पूजा आर्या आदि मौजूद रहे।

### होटल में कमरा बुक कराने पर हंगामा

**भीमताल:** भीमताल के एक होटल में कमरा बुकिंग कराने में हिन्दू लड़की का विशेष समुदाय के लड़के द्वारा आधार कार्ड प्रयोग किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग एवं हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने घटना स्थल पर पहुंचकर हंगामा किया।

पुलिस ने बताया कि तल्ला विस्वा पो. गनियाद्योली रानीखेत अल्मोड़ा निवासी पीड़ित प्रकाश चंद्र जोशी ने शुक्रवार देर रात तहरीर में बताया कि एक मुस्लिम युवक ने उनकी बेटी का आधार कार्ड होटल में कमरा बुक कराने के लिए गलत तरीके से प्रयोग किया। उसकी बेटी दिल्ली लाजपत नगर स्थित अपने कमरे में थी। भीमताल थाना प्रभारी संजीत राठौर ने बताया कि आरोपित महफूज अहमद पुत्र मकसूद अहमद निवासी नियर मंडी समिति विलेज वघवारा किच्छा रोड ऊधमसिंह नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव दें अधिकारी

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में विधायक राम सिंह कैड़ा की उपस्थिति में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खनन न्यास निधि और आपदा मद की भीमताल विधानसभा को लेकर बैठक हुई। विधायक ने जिलाधिकारी से भीमताल विधानसभा की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए खनन न्यास के तहत और आपदा के तहत धन स्वीकृत देने की मांग की।



खनन न्यास और आपदा मद की बैठक में मौजूद विधायक कैड़ा व अधिकारी।

बताया कि खनन न्यास का पैसा हल्द्वानी लालकुआं आदि क्षेत्र को दिया जा रहा है जबकि भीमताल विधानसभा के अंतर्गत जहां से गोला नदी निकलती है वहां पर सर्वाधिक नुकसान हो रहा है। पहाड़ नष्ट हो रहे हैं तथा लोगों की खेती बह रही है। कई भवनों को खतरा उत्पन्न हो गया है। वहीं डेहरा के ग्राम प्रधान मनोज चनौतियां में बताया कि क्षेत्र का लगभग 80% गोला नदी के कारण प्रभावित है। उन्होंने खनन न्यास से ग्राम सभा को तुरंत धन अवमुक्त करने की मांग की। विधायक ने बैठक में अवगत कराया कि उनके द्वारा कई विद्यालयों को मरम्मत आदि करने के लिए विधायक निधि से पैसा दिया गया है पर पैदल मार्ग की स्थिति ठीक नहीं होने से जनता को लाभ नहीं मिल रहा है। ग्राम प्रधान पंकज उप्रेती ने भीमताल झील से हो रहे उनकी ग्राम सभा पर नुकसान पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने बताया कि खनन न्यास के तहत 70% शिक्षा के क्षेत्र में और 30% अन्य कार्य में खर्च करने का प्रावधान है। उन्होंने अधिकारियों से दोनों ही मद में प्राथमिकता के आधार पर कार्य को चिन्हित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कमल जोशी, पंकज जोशी, अनिल चनोतिया, मीनाक्षी भगत, मोना पांडे, प्रकाश सुयाल, धन सिंह राणा, रवि कुमार मौजूद रहे।

### पार्किंग के कार्य में देरी पर नाराजगी व्यक्त की

**भीमताल :** विधायक राम सिंह कैड़ा व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी जिला मंत्री मनोज भट्ट, पंकज उप्रेती ने बार-बार जिला विकास प्राधिकरण के द्वारा भीमताल में पार्किंग के निर्माण की कार्रवाई प्रारंभ करने पर देरी किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। विधायक ने बताया कि सचिव जिला विकास प्राधिकरण ने पूर्व में 18 नवंबर को प्रारंभ करने का आश्वासन दिया था जो अब उन्होंने 19 नवंबर कर दिया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतियां ने नौकुचिया ताल मार्ग में सड़क की स्थिति पर चिंता व्यक्ति की। डीएम ने सचिव जिला विकास प्राधिकरण को 19 तारीख को मानकों के अनुसार पार्किंग निर्माण को प्रारंभ करने भीमताल में झीलों की सफाई तथा बायपास मार्ग में अतिक्रमण को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




पीपलपानी

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती आनन्दी देवी** का **स्वर्गवास दिनांक 07-11-2025** को हो गया है। जिनका **पीपलपानी** हमारे निवास स्थान **ग्राम बसंतपुर (गौलापार)** में **दिनांक 18-11-2025 को दोपहर 01:00 बजे** से होगा। कृपया इस सूचना को व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।

शोकाकुल परिवार

श्री यशोधर सुयाल (पति)

भुवन सुयाल, रमेश सुयाल, सुरेश सुयाल, विनोद सुयाल (पुत्रगण) एवं समस्त परिवारजन। मो. 8006961901


### 45 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण

**कालाढूंगी:** राउमावि कमोला में शनिवार को नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 45 छात्र-छात्राओं का नेत्र विशेषज्ञ धर्मेन्द्र कुमार ने नेत्र परीक्षण किया।

डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने सभी बच्चों की दृष्टि परीक्षण कर उन्हें आंखों की देखभाल, संतुलित आहार, उचित रोशनी में अध्ययन करने व मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने व स्वास्थ संबंधी सलाह दी। इस दौरान प्रधानाचार्य व शिक्षक मौजूद रहे।

# पटेल जयंती पर निकाली रैली

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन एवं मेरा युवा भारत नैनीताल द्वारा शनिवार को शैले हॉल से जीजीआईसी तल्लीताल तक सरदार <bha>@</bha>150 यूनिटी मार्च' निकाला गया। मार्च में नगर के विभिन्न विद्यालयों के 500 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या रहीं।



नैनीताल में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च निकालते लोग।

जिला संयोजक दयाकिशन पोखरिया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया। भारतीय शहीद सैनिक व नई दिशा नैनीताल समूहों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य और छपेली प्रस्तुत कर देशभक्ति का संदेश दिया गया। शैले हॉल परिसर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्थानीय उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की 556 रियासतों को एकसूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने छात्रों से पटेल की जीवनी पढ़ने और एकता व संगठन की शक्ति को समझने का आह्वान किया। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्या, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, एडीएम विवेक राय,एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्रा, डाल्वी द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख भीमताल हरीश बिष्ट, मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, केके शर्मा, आनंद बिष्ट, भगवत रावत, गजाला कमाल, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

### 22 खिलाड़ियों का खो-खो में चयन

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** विद्यालय राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता 26 नवबंर से ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज धमोला में आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता में भगवती साह खो खो क्लब चकलुवा के 22 बालक व बालिका का चयन स्कूल राज्य स्तरीय विद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। भगवती शाह खो खो क्लब के अध्यक्ष ताराचंद जी द्वारा बताया गया कि यह पहला मौका है चकलुवा क्षेत्र से भगवती साह खो-खो क्लब के 14 बालक व 8 बालिकाओं का चयन राज्य स्तरीय विद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कोच मनमोहन बसेडा,नीलेश कुमटीया,राजेश बिष्ट,रजत कुमटीया 60 बालक-बालिकओं को निशुल्क प्रशिक्षण देते हैं। भगवती शाह खो खो क्लब के .राजेंद्र नेगी .अजय सैनी व विद्यालय खेल शिक्षिका कृष्णा,उपाध्यक्ष लता बिष्ट व संरक्षक आनंद राम,कोच व खिलाडियों ने चयनित बालक-बालिकाओं को बधाई दी।



खो-खो टीम के लिए चयनित खिलाड़ी। ● अमृत विचार


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153

Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in

For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited from Indian/NRI/Foreign National Students for Admission to Ph.D. Programmes January 2026 session in the following disciplines**

- **Faculty of Medical Sciences** (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- **Faculty of Nursing** M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- **Faculty of Dental Sciences** (All Specilities)
- **Humanities and Journalism** English
- **Faculty of Pharmacy**
- **Faculty of Management**
- **Faculty of Allied Health Sciences (Faculty of Paramedical Sciences)** (Ph.D. in Medical Laboratory Technology/Physiotherapy)

**Application Fee**

- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th November, 2025**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India

For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in

(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)


**आयोजन** | भीमताल परिसर में देशभर से आए प्रतिभागियों के साथ पहली बार मॉडल यूनाइटेड नेशन्स

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में हुआ मुनेरा का शुभारंभ

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में देशभर से आए प्रतिभागियों के साथ पहली बार मॉडल यूनाइटेड नेशन्स मुनेरा का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भीमताल परिसर के निदेशक सेवा नि. कर्नल अनिल नय्यर ने अतिथियों, प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए वल्ड विम्स क्लब द्वारा इस आयोजन को कैंपस में लाने की सराहना की।





ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल में आयोजित मुन ऐरा में मौजूद प्रतिभागी।

उन्होंने ग्राफिक एरा की प्रेरणादायी यात्रा, प्रो. (डॉ.) कमल घनशाला के विज़न का उल्लेख किया और कहा कि मुन छात्रों में वैश्विक मुद्दों की समझ, तार्किक सोच और जिम्मेदार निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) अमित आर भट्ट का संदेश भी पढ़ा गया, जिसमें उन्होंने कहा कि ऐसे मंच छात्रों में सौदेबाज़ी, कूटनीति और टीम वर्क जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं को विकसित करते हैं।

उद्‌घाटन समारोह की मुख्य अतिथि प्रो. दिव्या उपाध्याय जोशी रहीं। उन्होंने 1986 में अपने पहले मुन अनुभव को याद करते हुए कहा कि इस मंच ने उनके व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मुन की शिक्षण पद्धति की तुलना प्राचीन यूनानी और बौद्ध परंपराओं से की, जहां संवाद और वाद-विवाद के माध्यम से ज्ञान का विस्तार होता था।

कार्यक्रम की अतिथि सम्मान, सुश्री प्रभा सती, बोर्ड डायरेक्टर, ह्यूमना पीपल टू पीपल इंडिया एवं पूर्व पदाधिकारी डीएआई गलोबल हेल्थ यूके यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो, युनिसेफ और यूरोपीय आयोग, ने मुनेरा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और निर्भीक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देते हैं। उद्‌घाटन समारोह में विविधता और एकता को दर्शाने वाली एक आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया, जिसने अंतरराष्ट्रीय भावना और वैश्विक दृष्टिकोण को खूबसूरती से प्रतिबिंबित किया।

कार्यक्रम में छह संयुक्त राष्ट्र निकायों यूएनएचआरसी यूएनडीपी यूएनएफसीसी यूएनएफसीसीसी, यूएनसीडब्लू ईसीओएफआईएन इंटरनेशनल प्रेस—में प्रतिनिधियों ने पर्यावरणीय मानवाधिकार, लोकतांत्रिक समर्थन, नवीकरणीय ऊर्जा, लैंगिक समानता, अवैध वित्तीय प्रवाह और वैश्विक पत्रकारिता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही एक लोकसभा मॉडल सत्र में राष्ट्रीय विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## सिटी ब्रीफ

### कुलपति प्रो. लोहनी को मिला सारस्वत सम्मान

**हल्द्वानी :** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय और भारतीय हिंदी प्राध्यापक परिषद की ओर से यूओयू परिसर में राष्ट्रीय हिंदी संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस मौके पर देशभर से आए हिंदी प्राध्यापकों, शोधार्थियों और साहित्यकारों ने सहभागिता की। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में विवि के कुलपति प्रो. राणा प्रताप सिंह ने कहा कि हिंदी साहित्य ने स्वाधीनता संग्राम को शब्दों, विचारों और संघर्ष की लौ से जीवित रखा है। यह साहित्य समाज को नई दिशा देने वाला माध्यम रहा है। उन्होंने हिंदी साहित्य के मूल संदर्भ और उसकी ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विवि के कुलपति डॉ. नवीन चंद्र लोहनी को सारस्वत सम्मान से नवाजा गया। प्रो. लोहनी ने क्षेत्रीय कवियों की सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डाला।

### राजपुरा कैंट में नलकूप खराब, पानी को तरसे

**हल्द्वानी :** राजपुरा कैंट का ट्यूबवेल खराब होने से क्षेत्र की लगभग पांच हजार लोगों की आबादी पानी संकट का सामना कर रही है। जल संस्थान के अवर अभियंता भुवन भट्ट ने बताया कि प्रभावित इलाकों में गोला नदी के पानी की आपूर्ति की जाती है। इसके बावजूद पानी की किल्लत बढ़ने पर आवश्यकतानुसार टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। स्थानीय लोग लंबे समय से पानी की कमी से परेशान हैं और जल संस्थान से जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।

### आरएमएनसीएच का 10 दिनी प्रशिक्षण संपन्न

**हल्द्वानी :** आरएमएनसीएचए काउंसलर्स का 10 दिनी मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण लेने वाले काउंसलर्स को सीएमओ डॉ. एचसी पंत ने प्रमाण पत्र वितरित किए। एक निजी होटल में हुए कार्यक्र में सीएमओ डॉ. पंत ने कहा कि मास्टर ट्रेनरों ने छह दिवसों में आरएमएनसीएचए के सभी सूचकांक, परिवार कल्याण, नवजात शिशु देखभाल, किशोरावस्था, पोषण संबंधित जानकारी दी गई जिससे सभी काउंसलर क्षेत्रों में जाकर लाभार्थियों तक महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाएं। प्रशिक्षण में जनपद नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत, ऊधम सिंह नगर के काउंसलर्स ने हिस्सा लिया। मास्टर ट्रेनर्स डॉ. अभिलाषा पांडे, डॉ. मयंक, डॉ. सिद्वार्थ पाटनी ने प्रक्षिक्षण दिया। केंद्र से आए दल में डॉ. पुष्पा झा, डॉ. मिथुन दत्ता, डॉ. ध्रुव कुमार ने परिवार कल्याण के संबंध में जानकारी दी एवं काउंसलर्स को दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली। यहां कार्यक्रम प्रबंधक मदन मेहरा, डॉ. श्वेता भंडारी, दीवान बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट थे।

# सर्वोच्च बलिदानी गुरु तेग बहादुर मानवता के सच्चे रक्षक

## हल्द्वानी में श्रद्धा और भव्यता से निकला गुरु महाराज का विशाल नगर कीर्तन, जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ किया गया स्वागत

- रागी जत्थों ने गुरबाणी का गायन कर नगर कीर्तन को बनाया दिव्य
- सैकड़ों लोगों ने अटूट लंगर में चखा प्रसाद

संवाददाता, हल्द्वानी



गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर निकले भव्य नगर कीर्तन में शामिल पंच प्यारे। ● अमृत विचार



नगर कीर्तन के दौरान गुरु साहिब की पालकी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एक महान योद्धा, आध्यात्मिक व्यक्तित्व और मातृभूमि के प्रेमी नौवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर के सर्वोच्च बलिदान की मानवता सदैव ऋणी रहेगी। उन्होंने धर्म, मातृभूमि और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया इसीलिए उन्हें 'हिंद की चादर' के सर्वोच्च सम्मान से भी नवाजा गया।

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वे शहीदी पर्व को मनाते हुए शनिवार को शहर में विशाल नगर कीर्तन का आयोजन सिख यूथ, हल्द्वानी सिख संगत और समूह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से आयोजित किया गया। साध संगत और जत्थों ने गुरबाणी का गायन करते हुए नगर कीर्तन को भव्य और दिव्य बनाया।

इस दौरान विशेष रूप से पालकी साहिब आकर्षण का केंद्र रही जिसमें गुरु साहिब विराजमान रहे। शहर में जगह-जगह नगर कीर्तन का पुष्प मालाओं और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। संगत ने अपने साहिबे कमाल गुरु महाराज को याद करते हुए धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का शबद गायन करते हुए नगर कीर्तन को संचालित किया।

समापन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्कूल व खालसा स्कूल में हुआ। इस दौरान विशेष लंगर भी बरताया गया। नगर कीर्तन में सैकड़ों लोगों ने उत्सह के साथ भाग लिया।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रताप सिंह बिष्ट, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, आरटीओ (प्रशासन) गुरदेव सिंह, नगर आयुक्त परितोष वर्मा आदि ने मत्था टेककर गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया। गुरुद्वारा सिंह सभा के मुख्य सेवादार वीरेंद्र सिंह चड्ढा, प्रवक्ता सरदार हरजीत सिंह, परमजीत सिंह चंडोक, मनलीन कोहली, सनप्रीत अजमानी, सनी आनंद, जगजीत सिंह, कंवलदीप ओबेरॉय, सतिंदर पाल, रमन भसीन, गोल्डी चंडोक, हरजीत सिंह चड्ढा, कंवलजीत सिंह, परमजीत सिंह शंटी, जसपाल सिंह, गुरमीत सिंह मारवाह आदि मौजूद रहीं।

### गुरुबाणी सुनकर संगत हुई निहाल

विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ। इस धार्मिक समागम में रागी भाई रविंदर सिंह हजूरी रागी दरबार साहिब अमृतसर व विशेष रूप से पहुंचे जगजीत सिंह बबीहा ने गुरुबाणी गायन कर संगत को निहाल किया। हल्द्वानी सिख यूथ के मुख्य सदस्य रमन साहनी ने बताया कि भव्यता के साथ सजाए गए दीवान साहिब में गुरु साहिब जी के बारे में ग्रंथियों द्वारा प्रकाश डाला गया। हमें गुरु साहिब के महान आदर्शों के प्रति समर्पित करने की जरूरत है जो हमें धार्मिक स्वतंत्रता और मानव कल्याण के महत्व के बारे में सिखाते हैं। धार्मिक आयोजन में सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के महिला जत्थों, सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी, गुरुनानक सेवक जत्था, अकाल पुरख की फौज, सिख सेवक जत्थे ने विशेष सहयोग किया।

### टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता की जानकारी दी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार को तीन दिवसीय लाइफ स्किल्स एंड एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम और फैकल्टी ओरिएंटेशन प्रोग्राम का समापन हुआ। कार्यशाला का लक्ष्य प्रतिभागियों को संचार कौशल, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान, व्यक्तित्व विकास, इंटरव्यू और रिज्यूमे निर्माण जैसी महत्त्वपूर्ण सॉफ्ट स्किल्स से सशक्त करना था।

प्रशिक्षण में वॉच-थिंक-डू मॉडल के माध्यम से गतिविधियां, रोल-प्ले और समूह चर्चाएं हुई। एक फाउंडेशन की वरिष्ठ प्रशिक्षक शिप्रा थापा ने सॉफ्ट स्किल्स की महत्ता समझाते हुए भविष्य की पांच प्रमुख क्षमताओं एनॉलिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिव थिंकिंग, एआई एंड बिग डाटा, लीडरशिप, क्यूरोसिटी एंड लाइफ लांग लर्निंग के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को रोजगार योग्य बनाना और उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक कौशल का विकास था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. सीएस नेगी (आईक्यूएसी संयोजक) और अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी उपस्थित रहे।



महिला सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### लामाचौड़ में महिला सप्त शक्ति संगम का आयोजन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लामाचौड़ में शनिवार को विद्या भारती की ओर से आयोजित महिला सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. उर्मिला जोशी ने की। मुख्य वक्ता डॉ. छवि कांडपाल ने कुटुंब प्रबोधन व पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि प्रोफेसर कमला पंत ने समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में विद्या बिष्ट उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजिका कुसुमलता गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर आनंदी देवी, आभा गोस्वामी, मालती देवी, पार्वती किरौला, गीता मिश्रा को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन सिंह नयाल ने सभी मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में लगभग 350 महिलाएं उपस्थित रही।

### हल्द्वानी ने बेतालघाट को 3-0 से हराया

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** मिनी स्टेडियम में शनिवार को जनपद स्तरीय विद्यालयीय अंडर-17 बालक वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हल्द्वानी ब्लॉक की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेतालघाट ब्लॉक की टीम को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस जीत के साथ, हल्द्वानी ब्लॉक की टीम अब नैनीताल जनपद का प्रतिनिधित्व करेगी। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी 19 नवंबर से मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में ही आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

आज (रविवार) से मिनी स्टेडियम में अंडर-14 बालक और बालिका वर्ग की राज्यस्तरीय विद्यालयीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शुरू किया जाएगा, जिसमें राज्य भर से टीमें हिस्सा लेंगी।

# अब नहीं चलेगी निजी स्कूलों की मनमानी

संवाददाता, हल्द्वानी



निजी स्कूलों के साथ बैठक में मौजूद अधिकारी व स्कूलों के प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग ने शनिवार को निजी स्कूलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मनमानी पर रोक लगाने के लिए कई अहम निर्णय लिए। मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल की अध्यक्षता में शहर के एक निजी स्कूल में आयोजित बैठक में 20 से अधिक महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा हुई।

बैठक में सीईओ ने सभी निजी स्कूलों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी तैयार करें और छात्रों का यू-डायस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण करें। बैठक में अभिभावकों से मिल रही मनमानी फीस वसूली, एक ही दुकान से कॉपी- किताब और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य किए जाने जैसी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सीईओ ने सभी स्कूलों को सख्त चेतावनी दी। सीईओ ने घोषणा की कि नए शैक्षणिक सत्र से पहले सभी निजी स्कूलों को अपनी वेबसाइट डेवलप करनी होगी, जिसमें फीस से संबंधित पूरी जानकारी, ड्रेस कोड और किताबों की सूची स्पष्ट रूप से अपलोड करनी होगी। उन्होंने कहा कि इससे अभिभावकों को पारदर्शी जानकारी मिलेगी और मनमानी फीस को लेकर मिल रही शिकायतें भी दूर होंगी। बैठक में यह भी तय हुआ कि सभी निजी स्कूल मिशन लाइफ, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय, एक पेड़ मां के नाम सहित भारत सरकार की सभी प्रमुख योजनाओं को अपने कैंपस में लागू करेंगे। साथ ही स्कूलों में इनोवेशन काउंसिल गठित की जाएगी, जहां विद्यार्थी अपने इनोवेटिव आइडिया अपलोड करेंगे। स्कूलों में साइंस एग्जिबिशन आयोजित किए जाने का भी निर्णय लिया गया। शिक्षा विभाग ने प्रथम कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष अनिवार्य कर दी है। इससे कम आयु के विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### स्काउट-गाइड की जिला कार्यकारिणी का गठन

भारत स्काउट गाइड की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी को संरक्षक बनाया गया है। जबकि बिंदेश गुप्ता को उपसंरक्षक, नरेंद्र शाह को उपाध्यक्ष और मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल को जिला मुख्य आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा राम सिंह जीना को सचिव और 3 महिला व 3 पुरुषों को संयुक्त सचिव के साथ ही अन्य पदाधिकारियों को कार्यकारिणी में अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। कार्यकारिणी की ओर से प्रत्येक माह बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसमें आम जनता की भागीदारी होगी। इसके लिए निजी स्कूलों में पंजीकरण किए जाएंगे।

# शौर्य और एकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी



बियरशिबा स्कूल में वार्षिक खेलकूद के शुभारंभ पर प्रबंधक, प्रधानाचार्य व अन्य।

**अमृत विचार :** बियरशिबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को दो-दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। भारतीय वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर हिमांशु जोशी ने मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय खिलाड़ी पीएल शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

स्कूल की संस्थापिका निरुपमा भट्ट तलवार, संरक्षक तिलकराज तलवार, अध्यक्ष निरुपेन्द्र तलवार, मुस्कान तलवार, प्रधानाचार्या मीना सती, उप प्रधानाचार्य एचएस बब्बर, एडवाइजर कृष्णा दत्त और एडमिनिस्ट्रेटर निशा सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का मार्चपास्ट अनुशासन, शौर्य और एकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। प्रतियोगिता घोषणा के बाद पीटी ड्रिल, ईको-राइज, रंगारंग नृत्य, कराटे व योग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कोऑर्डिनेटर निशी वर्मा ने मुख्य अतिथियों का परिचय दिया। इस दौरान मैदान पर 50 व 100 मीटर दौड़, स्केटिंग और प्राथमिक वर्ग की मनोरंजक प्रतियोगिताएं फ्रूटी रेस, गेट रेडी टू स्कूल, पास द कॉन ने दर्शकों का ध्यान खींचा। कोऑर्डिनेटर एकता भाकुनी ने सभी का आभार जताया। अनीता बिष्ट ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों, की जानकारी दी। संचालन अंजू बिष्ट, भावना मेहरा और स्कूल की टीम ने किया।

# एसडीआरएफ ने हासिल किया देश में दूसरा स्थान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखण्ड एसडीआरएफ ने एक बार फिर राष्ट्रीय सीबीआरएन प्रतियोगिता में देशभर की टीमों को हराकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गाजियाबाद स्थित एनडीआरएफ की 8वीं बटालियन में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उत्तराखंड टीम को ट्रॉफी और 75 हजार रुपये की पुरस्कार दिया।

एसडीआरएफ ने इसी वर्ष लुधियाना में क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय स्तर में प्रवेश किया था। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि एसडीआरएफ ने राष्ट्र स्तर पर अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन कर राज्य का मान बढ़ाया है। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक एसडीआरएफ अरुण मोहन जोशी ने इसे टीमवर्क और प्रशिक्षण का परिणाम बताया। उपसेनानायक शुभांक रतूड़ी के नेतृत्व में एसडीआरएफ के एसआई आशीष रावत एवं जितेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल उमेश भट्ट, नवीन कुंवर, दिनेश पुरी, शैलेन्द्र चमोली एवं रॉबिन कुमार, कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, नीरज परगाई, संदीप रावत, विकास कुमार, हेमंत रावत, बृजेश चंद्र, विनीत रावत, प्रमोद सिंह, अजीत सिंह, प्रवीन सिंह एवं प्रमोद मठपाल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# शांति योग धाम चैम्पियनशिप शुरू



हल्द्वानी के ऊंचापुल में शांति योग धाम चैंपियनशिप के शुभारंभ पर मौजूद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, मेयर गजराज बिष्ट व अन्य।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कैबिनेट मंत्री व उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को ऊंचापुल में अमृत आश्रम क्षेत्र में आयोजित शांति योग धाम चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। रेखा आर्य ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के बाद आज एशिया से लेकर अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में भी योग किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में पहली बार योगासन को एक खेल स्पर्धा के रूप में शामिल कराना उत्तराखंड और देश के लिए गर्व की बात है। आने वाले समय में ओलंपिक जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी योगासन एक खेल विधा के रूप में सम्मिलित होगा। इस अवसर प मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा, शांति योगधाम संस्था के संस्थापक दर्शन सिंह बोरा, विजयलक्ष्मी बोरा, भुवन भट्ट, पलक चौरसिया, खुशी सोनकर, प्रेम बोरा, महेंद्र रावत, दीपक पांडे, मुकेश रघुवंशी, आशीष शर्मा और ममता पंत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**तैयारी** | भूकंप आपदा की तैयारी को परखने और राहत-बचाव तंत्र को मजबूत बनाने के लिए शुक्रवार को राज्य स्तरीय भूकंप मॉक ड्रिल आयोजित

# मॉकड्रिल : 6 .3 तीव्रता के भूकंप से डोला नैनीताल, राहत व बचाव शुरू

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में मॉकड्रिल के दौरान घायलों की देखरेख करते आपदा बचाव दल के लोग।

**अमृत विचारः** उत्तराखंड में भूकंप की घटनाओं को देखते हुए नैनीताल जिले में भूकंप आपदा की तैयारी को परखने और राहत-बचाव तंत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को भूकंप मॉक ड्रिल की गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वाह्न 9:59 बजे 6.3 तीव्रता का भूकंप महसूस होने का संदेश प्रसारित किया गया, जिसके बाद जिले में सात स्थानों पर एक साथ राहत-बचाव कार्यों का अभ्यास शुरू हुआ। जिले के बीडी पांडे अस्पताल मल्लीताल नैनीताल, बल्यूटिया शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नैनीताल रोड हल्द्वानी, सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं, राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर, खैरना बाजार, श्री कैंची धाम, नगर पालिका कार्यालय भवन मल्लीताल तथा मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में मॉक ड्रिल हुई। मॉक ड्रिल के दौरान बल्यूटिया शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं सबसे अधिक प्रभावित बताए गए।

**अस्पताल, बाजार और कार्यालयों में हुआ अभ्यासः** बीडी पांडे जिला अस्पताल में भूकंप की सूचना के बाद 5 लोग घायल घोषित किए गए, जिनमें 1 की स्थिति गंभीर बताई गई। गंभीर घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया जबकि दो को स्टेजिंग एरिया में प्राथमिक उपचार मिला। पालिका कार्यालय, मल्लीताल बाजार और विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर भी रेस्क्यू अभ्यास किया गया।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की गई समीक्षाः** जिलाधिकारी कार्यालय में एनआईसी के माध्यम से मॉक ड्रिल की मॉनिटरिंग की गई। इसमें एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, फायर, स्वास्थ्य, आईटीबीपी, वन एवं लोनिवि आदि विभागों ने भागीदारी निभाई।

### भूकंप से तबाही, पुलिस-प्रशासन ने मॉकड्रिल से अपनी क्षमता को परखा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शहर को 6 .3 तीव्रता वाले भूकंप के झटके लग रहे थे। चारों ओर तबाही जैसा मंजर था। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर विभाग, वन विभाग, लोनिवि, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, प्रशासन और आईटीबीपी के लोग भूकंप से जूझ रहे लोगों को बचाने में जुटे थे, लेकिन यह सब बनावटी था। पुलिस-प्रशासन का मकसद ऐसी विषम परिस्थितियों में अपनी क्षमता का परखना था। इस मॉक ड्रिल के लिए मिनी स्टेडियम और बल्यूटिया शांपिंग कांप्लेक्स को चुना गया। मिनी स्टेडियम में सुबह साढ़े आठ बजे से ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर विभाग, वन विभाग, लोनिवि, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, प्रशासन, आईटीबीपी के जवान और अधिकारी पहुंच गए। मॉक ड्रिल के तहत भूकंप को लेकर बचाव की तैयारी करनी थी। 9 .59 बजे अचानक से रिएक्टर स्केल पर 6 .3 तीव्रता का भूकंप आया और तबाही शुरू हो गई। अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया। इसी बीच सूचना मिली कि बल्यूटिया शॉपिंग काम्पलैक्स नैनीताल रोड पर भूकंप से काम्पलैक्स में एक बिल्डिंग की छत गिर गई है। टीम यहां तत्काल पहुंची। मलबे में फंसे 18 घायल को तुरंत रेस्क्यू किया गया। एमबीपीजी कॉलेज में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था थी। 18 में दो घायल गंभीर थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद एसटीएच भेजा गया। मॉकड्रिल में दिखाया गया कि जिलाधिकारी कार्यालय में अधिकारी पहुंच गए थे। एनआईसी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग क जरिए डीएम ने आपदा प्रबंधन की ब्रीफिंग की।



लालकुआं सेंचुरी पेपर मिल परिसर में मॉकड्रिल का दृश्य। ● अमृत विचार

### मॉकड्रिल कर आपदा बचाव का किया अभ्यास

**लालकुआं, अमृत विचार :** सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल परिसर में मॉक ड्रिल के तहत, वास्तविक आपदा जैसी परिस्थितियां तैयार कर राहत एवं बचाव दलों की तत्परता परखी गई। ड्रिल में एसडीआरएफ, आईटीबीपी, फायर ब्रिगेड और पुलिस टीमों समेत जिला प्रशासन व राजस्व विभाग के अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ड्रिल के दौरान मिल में अचानक आग लगने की स्थिति को दर्शाया गया। प्रात: साढ़े आठ बजे करीब जैसे ही जिला प्रशासन के अधिकारी पुलिस प्रशासन आईटीबीपी व एसडीआरएफ के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का पहुंचना विद्यालय में शुरू हुआ एक बार को लोग सकते में गये। जैसे ही उन्हें बाद में पता चला कि आपदा प्रबंधन के तहत उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है तो लोगों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर मौजूद एसडीएम रेखा कोहली ने कहा "मॉक ड्रिल का उद्देश्य सिर्फ आपदा से निपटना नहीं, बल्कि एजेंसियों के बीच तालमेल को और मजबूत करना है। आज सभी इकाइयों ने उत्कृष्ट समन्वय दिखाया है।

## सिटी ब्रीफ

### महिला ने संदिग्ध युवकों के घर के बाहर मंडराने की शिकायत दर्ज कराई

**बाजपुर :** ग्राम मुड़िया कलां निवासी महिला ने कहा कि उसके पति का निधन चार माह पूर्व हो गया। वह अपने एक बेटे और दो बेटियों के साथ रहती है। आरोप है कि शनिवार तड़के लगभग 4 :30 बजे दो युवक उसके घर के बाहर आए और दरवाजा खटखटाने लगे। दोनों फोन पर बात भी कर रहे थे। यह घटना मोहल्ले के सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### स्कूल बस में बाइक की टक्कर, हादसा बचा

**बाजपुर** : सरस्वती शिशु मंदिर की स्कूल बस में तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। बस चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा नहीं हुआ। बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। बस चालक विश्वनाथ कश्यप ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी बाइक सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बाइक सवार शराब के नशे में था।

### पड़ोसी पर अश्लील वीडियो बनाने आरोप लगाया

**बाजपुर :** महिला ने आरोप लगाया कि पड़ोसी युवक ने नहाते समय उसका अश्लील वीडियो बनाया और ब्लैकमेल करने लगा। 14 नवंबर की देर रात आरोपी अपने जीजा के साथ घर में घुसकर गाली-गलौज भी की। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### बैंक में बंधक संपत्ति की धोखाधड़ी का मामला

**बाजपुर** : सुल्तानपुर पट्टी स्थित बैंक शाखा के प्रबंधक सुनील कुमार जोशी ने बताया कि ग्राम जोगीपुरा निवासी व्यक्ति ने 15 फरवरी 2024 को बैंक से पांच लाख रुपये का ऋण लिया। आरोप है कि 25 जुलाई 2024 को बैंक में बंधक संपत्ति को रजिस्टर्ड दाननामा के माध्यम से बेच दिया, जबकि ऋण अभी तक बकाया था। बैंक ने धोखाधड़ी की कार्रवाई की मांग की।

### नेशनल हाईवे-74 पर डंपर से क्रेटा कार की टक्कर

**बाजपुर :** नेशनल हाईवे-74 पर तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार पांच लोगों में से एक महिला को हल्की चोटें आईं, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने वाहन को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू किया। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया।

# मांगों को लेकर छात्रसंघ के पदाधिकारी हुए मुखर

## बीए के छात्रों को बीएससी विषय आवंटित करने का आरोप



एसबीएस महाविद्यालय में शनिवार को धरना-प्रदर्शन करते छात्रसंघ पदाधिकारी और छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** एसबीएस महाविद्यालय में दो सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रसंघ पदाधिकारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रसंघ पदाधिकारियों ने कहा कि महाविद्यालय में बीए पाठ्यक्रम के छात्रों को बीएससी के विषय आवंटित किए जा रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्रों ने कई बार शिकायतें की, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं हुई।

शनिवार को छात्रसंघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट के नेतृत्व छात्रों ने एसबीएस महाविद्यालय में धरना दिया। इस दौरान छात्रों ने कहा कि महाविद्यालय में विषय आवंटन में गड़बड़ी की जा रही है। इससे छात्रों का भविष्य संकट में पड़ सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस अनियमितता को तुरंत नहीं रोका गया और विषय सही तरीके से आवंटित नहीं किए गए तो आंदोलन को और उग्र करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी दूसरी मांग है कि रुद्रपुर डिग्री कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाए। छात्रसंघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट ने कहा कि आज प्रतीकात्मक धरना दिया गया है। जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो कॉलेज में तालाबंदी आंदोलन शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों मांगों पर स्पष्ट समाधान नहीं मिलता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर छात्रसंघ उपाध्यक्ष चेतन भट्ट, उप सचिव मोहन कोहली सचिव जसवंत सिंह शाहिद समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### चोरी हुआ वाहन शहदौरा जंगल से बरामद, एक दबोचा

**किच्छा:** पुलभट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत करीब डेढ़ माह पूर्व घर के बाहर से चोरी हुई पिकअप जीप को पुलिस ने शहदौरा जंगल से बरामद कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरा फरार होने में कामयाब रहा। सिरौली कला क्षेत्र में विगत 25 सितंबर को घर के बाहर खड़ी जीप को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया था।

वाहन स्वामी फिरासत की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। उप निरीक्षक धीरज वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम शहदौरा जंगल में तलाशी अभियान चलाया। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर मौके पर मौजूद दो आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दूसरा आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया।पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम राशिद उर्फ शेर, निवासी सिरौली कला, वार्ड नं.-18, किच्छा बताया। मौके से फरार हुआ आरोपी मुन्ने, निवासी गुलरिया, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश का था, जो पुलिस टीम को देखकर भाग गया।पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने वाहन चोरी करना कबूल किया है और चोरी के पिकअप वाहन को दूसरी जगह बेचने की योजना बनाने की बात स्वीकार की है।

# मुख्यमंत्री ने आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक स्नेहपाल को दी श्रद्धांजलि



वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्नेहपाल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्नेहपाल सिंह के श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही स्नेहपाल सिंह के बड़े भाई ओमपाल से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे।

शनिवार को श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री धामी ने स्नेहपाल सिंह को भावुक मन से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने बाल्यकाल में ही स्वयं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समर्पित कर दिया। लगभग 18 वर्ष की आयु में प्रचारक के रूप में कार्य करना प्रारंभ कर दिया। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे। साथ ही विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व केंद्रीय सह मंत्री एवं एकल अभियान उत्तराखंड संभाग के मार्गदर्शक भी रहे। उन्होंने संघ के प्रचारक रहते हुए हरियाणा, जोधपुर और उत्तराखंड प्रांतों में विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत संगठन मंत्री के रूप में समाज में राष्ट्र-चेतना जगाई और सम्पूर्ण जीवन संघ एवं राष्ट्रहित को समर्पित किया। उनके परिवार में बड़े भाई ओमपाल भी वरिष्ठ प्रचारक हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुम्ब प्रबोधन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इस अवसर पर महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, सांसद अजय भट्ट, अजय टम्टा, विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, दीपक बाली, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, उत्तम दत्ता, बलराज पासी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, राजकुमार ठुकराल, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, गुजंन सुखीजा, अमित नारंग, नेत्रपाल मौर्य, भारत भूषण चुघ, खूब सिंह विकल सहित बड़ी संख्या में साधु संत मौजूद रहे।

### 20 लीटर शराब के साथ तस्कर को दबोचा

**किच्छा:** कलकत्ता पुलिस चौकी प्रभारी ओम प्रकाश नेगी के नेतृत्व में पुलिसकर्मी यशपाल आर्य एवं हरीश मेहरा की टीम गश्त के दौरान संदिग्ध नजर आ रहे एक व्यक्ति से पूछताछ की तो वह घबरा गया। उसने अपना नाम पता ग्राम धौरा डैम, नजीबाबाद, थाना किच्छा निवासी रामदिता सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 20 लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पर्वतीय समाज ने सांसद को किया सम्मानित

**संवाददाता, रुद्रपुर**



सांसद अजय भट्ट को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते पर्वतीय समाज के लोग।

**अमृत विचार:** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट के रुद्रपुर पहुंचने पर चंदोला होम्यापैथी मेडिकल कॉलेज के एमडी एवं भाजपा नेता डॉ. केसी चंदौला के नेतृत्व में पर्वतीय समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार स्वागत समारोह के दौरान में चंदोला होम्यापैथी मेडिकल कॉलेज के एमडी डॉ. चंदौला ने बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर अजय भट्ट को बधाई दी। इस दौरान सांसद अजय भट्ट ने रुद्रपुर में हाल में आयोजित राष्ट्रीय कुमांऊनी भाषा सम्मेलन की सफलता के लिए चंदौला और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे स्नेह और सम्मान से उन्हें हमेशा उत्साह और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने पर्वतीय समाज के योगदान और सामाजिक विकास में उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. एलएम उप्रेती, डॉ. बीएस बिष्ट, हयात सिंह रावत, भरत लाल शाह, लक्ष्मी चंद्र पंत, आनंद सिंह धामी, हेम पंत, महेश चंद्र जोशी, रमेश चंद्र जोशी, महेंद्र ठकुराठी आदि उपस्थित थे।

### घर में घुसे युवक को मकान स्वामी ने दबोचा

**काशीपुर:** चोरी के इरादे से घर में घुसे एक युवक को गृह स्वामी ने पकड़ लिया। इस दौरान दो युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम पैगा निवासी प्रीतम सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि शुक्रवार की रात लगभग 2.30 बजे वह अपने परिवार के साथ घर के बरामदे में सोया था। उसे घर में किसी के आने की आहट सुनाई दी तो उसने उठकर देखा। तब उसकी छत के जीने पर एक व्यक्ति भागा, जिसे उसने पकड़ लिया तथा दो अन्य व्यक्ति छत से कूद कर भाग गए। पकड़े गए युवक ने खुद को ग्राम पैगा का निवासी बताया। पकड़े गए युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। एसआई सोमवीर सिंह ने बताया युवक को लाया गया है। मामले में युवक से पूछताछ की जा रही है।



दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक अरोरा व अन्य अतिथि।

### होली चाइल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया सृष्टि चक्र

**रुद्रपुर :** शहर के होली चाइल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव सृष्टि चक्र धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं मेधावी विद्यार्थि यों को सम्मानित कर प्रोत्साहित भी किया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ विधायक शिव अरोरा, संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, पूजा बत्रा ने दीप जलाकर किया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने अतिथि स्वागत गीत गाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत की। वहीं जंक फूड व गुड फूड की प्रस्तुति दी। इस दौरान रूस का सांस्कृतिक नृत्य, चीन का ड्रेगन नृत्य, दक्षिण कोरिया फैन नृत्य तथा पंजाब की खुशबू बिखेरता हुआ गिद्दा नृत्य आकर्षण का केद्र रहा। कार्यक्रम में पर्यावरण को किसी प्रकार स्वच्छ रखे इसका भी प्रदर्शन किया गया।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण) 33/11 केवी उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा रोड, कमलुवागांजा, हल्द्वानी (नैनीताल)
E-mail: erddh@yahoo.co.in फोन : (05946) 292040 फैक्स : (05946) 298318

पत्रांक : 5819/वि०वि०ख०ग्रा०(ह०)/ दिनांक : 15-11-2025

**निविदा तिथि विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी से प्रकाशित निविदा संख्या 46/2025-26, जो दिनांक 15.11.2025 को खोली जानी थी, अपरिहार्य कारणवश निविदा के खुलने की तिथि 18.11.2025 की जाती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 17.11.2025 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

(ई० एस०के० गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता


### दो बैंक खातों से 1.78 लाख रुपये उड़ाए

**काशीपुर :** अनजान लिंक पर क्लिक करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। साइबर ठगों ने उसके दो बैंक खातों से कुल 1.78 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कचनाल गुसाईं निवासी अलाऊदीन पुत्र खलील अहमद ने थाना आईटीआई में दी तहरीर में बताया कि 22 सितंबर 2025 को उनके बच्चों ने खेल-खेल में मोबाइल पर आए एक अनजान लिंक पर क्लिक कर दिया। इसके बाद उनका फोन हैक हो गया। कुछ ही देर बाद उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 30,700 रुपये, तथा इंडियन बैंक खाते से 43,400 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने दोनों खातों को तुरंत ब्लॉक करा दिया। लेकिन 10-12 दिन बाद खातों को दोबारा सक्रिय कराने पर फिर ठगी हो गई। 10 अक्टूबर 2025 को बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 46,600 रुपये, जबकि इंडियन बैंक से 57,700 रुपये और निकाल लिए गए। पीड़ित के साथ 1,78,400 रुपये का साइबर फ्रॉड हुआ है।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड तिकोनिया, नैनीताल रोड हल्द्वानी (नैनीताल)-263139,**
फोन एवं फैक्स: 05946-220172, E-mail: eddhld@yahoo.com

सं० : 4956/ वि०न०वि०ख०/ दिनांक : 15-11-2025

**विद्युत बाधित होने की सूचना**

हल्द्वानी (नगर) खण्ड के अन्तर्गत समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि 132 के०वी० उपसंस्थान, काठगोदाम से 33/11 के०वी० उपसंस्थान के०डी० चौराहा को पोषित 33 के०वी० लाईन के Dog Conductor को Panther Conductor में बदलने का कार्य किया जाना है साथ ही 33 के०वी० रानीबाग-गौलापार लाईन के कन्डक्टर को AAAC में बदलने का कार्य भी किया जाना है। जिस हेतु निम्न सूची के अनुसार शट-डाउन प्रस्तावित है। उक्त कार्य के दौरान सम्बन्धित पोषक से पोषित क्षेत्रों में पूर्ण रूप/आंशिक रूप से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

| क्र० | दिनांक एवं दिन | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 18.11.2025 (मंगलवार)<br>20.11.2025 (गुरुवार)<br>22.11.2025 (शनिवार) | 33/11 के०वी० GIS उपसंस्थान, हल्द्वानी | 1. MES पोषक<br>2. कॉलटेक्स पोषक<br>3. न्यू आवास विकास पोषक<br>4. हाईडिल गेट पोषक | |
| | | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, कालादूँगी चौराहा, हल्द्वानी | 1. बरेली रोड पोषक<br>2. आजाद नगर पोषक<br>3. रामपुर रोड पोषक<br>4. बाजार पोषक<br>5. नैनीताल रोड पोषक<br>6. स्टेशन रोड पोषक<br>7. बाजार पोषक<br>8. गाँधी नगर पोषक | |
| | | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, सुभाष नगर, हल्द्वानी | 1. सेंट पॉल्स पोषक<br>2. नवाबी रोड-1 पोषक<br>3. नवाबी रोड 2 पोषक<br>4. राजपुरा पोषक<br>5. तिकोनिया पोषक | प्रातः 09:00 से अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| | | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, हाईडिल गेट, काठगोदाम | 1. मुखानी पोषक<br>2. टाउन-1 पोषक<br>3. टाउन-2 पोषक (ग्रामीण खण्ड)<br>4. टाउन-3 पोषक (ग्रामीण खण्ड)<br>5. हाईडिल कॉलानी पोषक | |
| | | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, धौलाखेड़ा (ग्रामीण खण्ड) | उपसंस्थान से निकलने वाले समस्त पोषक एवं समस्त धौलाखेड़ा क्षेत्र। | |
| 02 | 24.11.2025 (सोमवार)/<br>26.11.2025 (बुधवार)/<br>28.11.2025 (शुक्रवार)/<br>30.11.2025 (रविवार)/<br>02.12.2025 (मंगलवार)/<br>04.12.2025 (गुरुवार) | 33/11 के०वी० GIS उपसंस्थान, हल्द्वानी | 1. न्यू आवास विकास पोषक<br>2. हाईडिल गेट पोषक | |
| | | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, सुभाषनगर, हल्द्वानी | सेंट पॉल्स पोषक | |
| | | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, गौलापार | उप-संस्थान से निकलने वाले समस्त पोषक एवं समस्त गौलापार क्षेत्र। | |
| 03 | 05.12.2025 से 20.12.2025 तक | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, गौलापार, हल्द्वानी | 1. कालीचौड पोषक<br>2. नलकूप पोषक<br>3. दानीबंगर पोषक | प्रातः 09:00 से अपरान्ह 03:00 बजे तक |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

(ई० प्रदीप कुमार)
अधिशासी अभियन्ता


# नवचेतना व नोजगे में मना बाल दिवस

**संवाददाता, खटीमा**



बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नोजगे पब्लिक स्कूल के बच्चे।

**अमृत विचार:** नोजगे पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता और शैक्षिक अधिकारी डॉ विनय जैन ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यापक अध्यापिकाओं ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत कर बच्चों का मन मोह लिया। हिन्दी शिक्षिका सुनीता वर्मा ने हिन्दी कविता प्रस्तुत किया। किंडरगार्टन की शिक्षिकाओं ने केक काटकर बाल दिवस मनाया। इस दौरान खो-खो, रस्साकसी और वालीबॉल प्रतियोगिताएं कराई गई। इस अवसर पर जसविंदर पाल कौर, गायत्री जोशी, विमला जोशी, सुनीता वर्मा , अनिल सिंह, श्वेता बत्रा, रमेश रौतेला आदि रहे।नव चेतना पब्लिक स्कूल श्रीपुर बिछवा में बाल दिवस का भव्य समारोह अत्यंत उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रधानाचार्या सुमन कापड़ी ने नेहरू के जीवन, उनके आदर्शों तथा बच्चों के प्रति उनके अटूट स्नेह पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदारी, मेहनत और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रबंधक विनोद कापड़ी मनोज भट्ट, रीता कापड़ी, भूपेंद्र बोहरा, मंजू चंद, गीता राना, गोदावरी चंद, कमल चंद, पूजा, निकिता, सचिन खाती आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत सदस्य पद के सभी 175 नामांकन वैध

**खटीमा:** विकासखंड की ग्राम पंचायतों के रिक्त पड़े 169 वार्डों के लिए दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की शनिवार को जांच हुई। जिसमें सभी 175 नामांकन पत्र वैध पाए गए। नाम वापसी और चुनाव चिह्न का आवंटन आज किया जाएगा। विकासखंड की ग्राम पंचायतों के रिक्त पड़े 169 वार्डों के ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए दाखिल किए गए सभी 175 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्रों की जांच की गई जिसमें सभी नामांकन वैध पाए गए। एडीओ पंचायत शबनम कुरैशी ने बताया कि रिक्त पड़े 169 वार्डों में से 161 वार्डों के लिए 175 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे उनकी जांच में सब सही पाए गए। बताया कि आठ वार्डों के लिए नामांकन दाखिल नहीं हुए हैं। कहा कि आज प्रातः 10 बजे से शाम तीन बजे तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। यह भी कहा कि तीन बजे के बाद नाम वापसी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किया जाएगा।

**आयोजन** | प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर किया सम्मानित

# लोटस स्कूल में स्पोर्ट्स एवं फन मीट का समापन

**संवाददाता, किच्छा**



किच्छा में मेधावी बच्चों के साथ अतिथि एवं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर स्थित लोटस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय खेल एवं फन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने स्पून लेमन रेस, बैडमिंटन प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता, फ्रॉग रेस, बैलून रेस, कोन रेस आदि फन गेम एवं स्पोर्ट्स मीट में बड़े उत्साह से बच्चों ने प्रतिभाग किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य रिहाना अंसारी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास भी जरूरी है इसलिए समय-समय पर बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कई गतिविधियां विद्यालय में कराई जाती है। दो दिवसीय आयोजित प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागी बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कृत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। यहां फारुख अहमद, प्रियंका, कविता, मिताली, समन, सायमा, यासमीन, नाजिया, फरहीन, हिमांशी, सना, रश्मि रहे।

ब्रीफ न्यूज

## बेटे के साथ मिलकर पति से की मारपीट

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप में एक महिला द्वारा अपने बेटे व भाइयों के साथ मिलकर पति के साथ मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ने और लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अटरिया ढाल अरविंद नगर निवासी श्याम सुंदर गुप्ता ने तहरीर देते हुए बताया कि 8 नवंबर की सुबह उसकी पत्नी, बेटे व अपने भाईयों के साथ आई और बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा। उसके हाथ-पैर तोड़ने के बाद हमलावर 70 हजार रुपये भी लूट कर ले गए। चीख पुकार सुनकर हमलावर फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## घर से स्कूल को निकली किशोरी हुई लापता

**काशीपुर :** घर से स्कूल जाने को निकली एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पशुपति विहार कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने आइटीआइ थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री 14 नवंबर की सुबह लगभग 8 बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। लेकिन जब वह छुट्टी के बाद घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने विद्यालय पहुंचकर जानकारी ली। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि किशोरी उस दिन स्कूल आई ही नहीं। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों व परिचितों के यहां पता किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। परेशान पिता ने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी को गुहार लगाई है। थाना पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

## पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न में मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** ग्राम फिरोजपुर निवासी अंजू, पुत्री महेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका विवाह 17 मई 2019 को स्वार रामपुर निवासी अनिल कुमार, पुत्र सोहनलाल के साथ हुआ था। विवाह के दौरान मायके पक्ष द्वारा उपहार स्वरूप दहेज भी दिया गया था। तहरीर के अनुसार, विवाह के कुछ समय बाद ही पति अनिल, सास, ससुर, ननद और देवर ने उससे पांच लाख की मांग कर उत्पीड़न शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि 9 नवंबर 2025 को ससुराल पक्ष ने उसके साथ मारपीट कर उसे कमरे में बंद कर दिया। पड़ोसियों ने घटना की सूचना उसके मायके वालों को दी। 11 नवंबर 2025 को उसके पिता महेंद्र और भाई सूरज उसे ससुराल से अपने साथ ले आए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित पांच ससुरालजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना (दहेज एक्ट) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मोबाइल झपटमारों ने युवक को बाइक से घसीटा, घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में झपट्टामार गिरोह इतना खौफनाक हो चुका है कि 13 नवंबर की रात्रि को युवक का मोबाइल लूटने के बाद युवक को डेढ़ सौ मीटर तक घसीटा गया। जिससे युवक खून से लथपथ हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आवास विकास पुलिस चौकी ने मुकदमा दर्ज कर बाइक सवार अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश तेज कर दी है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-पांच जगतपुरा निवासी अजय ढाली 13 नवबंर की रात्रि आठ बजे पैदल ही एक बारात घर से आवास विकास लौट रहा था। इस बीच अचानक बिना नंबर प्लेट की बाइक पर तीन युवक आये और झपट्टामार कर मोबाइल लूट लिया। साहस का परिचय देते हुए युवक ने पीछे से बाइक पकड़ ली और अभियुक्त युवक को करीब 150 मीटर तक घसीटते हुए ले गए जिससे युवक खून से लथपथ हो गया। इस बीच अचानक एक युवक ने लोहे की रॉड से युवक के हाथ पर वार कर दिया जिससे युवक छिटककर सड़क किनारे जा गिरा। घायल युवक को देख पुलिस को सूचना दी गई। जिसके आधार पर चौकी प्रभारी प्रकाश चंद्र तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

## महिला को चलती ट्रेन से दिया धक्का, घायल

**रुद्रपुर:** हल्दी-छतरपुर रेलवे ट्रैक पर एक महिला घायल मिली। थाना पंतनगर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। होश में आने पर महिला ने बताया कि उसे ट्रेन से धक्का देकर नीचे गिरा दिया गया था। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना पंतनगर पुलिस को सूचना मिली कि हल्दी-छतरपुर रेलवे पटरी के बीच में एक महिला गंभीर रूप से घायल और अर्द्धबेहोशी की हालत में पड़ी है। प्रारंभिक उपचार के दौरान महिला ने बेसुध अवस्था में अपना नाम फरजाना बताया। बताया कि उसके पति मोहम्मद अली की छह माह पूर्व मौत हो चुकी है। कुछ दिन पहले वह अपने मित्र नन्हे के साथ नैनीताल घूमने आई थी। हल्द्वानी से ट्रेन में बैठने के बाद जैसे ही ट्रेन छतरपुर-हल्दी ट्रैक के पास पहुंची, तो नन्हे ने उसे धक्का देकर ट्रेन से नीचे गिरा दिया।

## अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

# मूल कार्यालय में स्थापित हो पंजीयन कार्यालय

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद भी पंजीयन कार्यालय को मूल कार्यालय एआईजी परिसर कलक्ट्रेट में स्थापित नहीं किए जाने पर भड़के अधिवक्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही अधिवक्ताओं का एक सूत्रीय मुद्दा पूर्ण नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

शनिवार को अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि एआजी न्यायालय परिसर में प्रथम तल पर उप निबंधक कार्यालय स्थापित है। वर्तमान में जिले में सभी पंजीयन कार्यालयों की बिल्डिंग की मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य संचालित है। जिस कारण एक जुलाई 2024 को पंजीकरण कार्यालय को किच्छा बाइपास रोड में संचालित किया था। डेढ साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्यालय की मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। बावजूद अभी तक मूल दफ्तर में स्थापित नहीं हुआ है। जिस कारण अधिवक्ता ओं और पक्षधरों का काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं का चैंबर एआईजी न्यायालय कलक्ट्रेट में मूल पंजीयन कार्यालय है और तहसील भी डीएम कार्यालय में स्थापित है। वर्तमान में तीन किलोमीटर की दूरी तय कर अधिवक्ता व पक्षधर आता है। काफी परेशानी का सामना करता है। उन्होंने डीएम से मूल पंजीयन कार्यालय में ही कार्य प्रारंभ करने की अनुमति देने का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि यदि प्रशासन ने अनदेखी की तो अधिवक्ता आंदोलन करेगा। इस मौके पर सचिव मनीष मित्तल, अधिवक्ता राजीव सक्सेना, अशोक सागर, गुरदीप सिंह, शावेज अहमद, प्रमोद मित्तल, अशोक चंद, जगदीश सागर, शुभम पाल, महिपाल सिंह, अरुण जुनेजा, रोहित राठौर, नितिन राठौर, उदय राठौर, रोहित चंद्र गढ़कोटी आदि मौजूद रहे।

# कार और ट्रैक्टर ट्रॉली की भिड़ंत में महिला की मौत, चार घायल

## राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने कार में मारी टक्कर

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग 74 (एनएच-74) पर विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली और स्विफ्ट डिजायर कार की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण दुर्घटना में कार सवार एक 47 वर्षीय नेपाल निवासी महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कार चालक सहित चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिरौली कला में पेट्रोल पंप के सामने शनिवार की सुबह तड़के करीब 5:30 बजे स्विफ्ट डिजायर कार और पराली से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के दौरान कार में चालक सहित पांच लोग सवार थे, जो कि दिल्ली से नेपाल जा रहे थे। दुर्घटना के चलते मौके पर लंबा जाम लग गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलभट्टा थाना प्रभारी प्रदीप मिश्रा एवं उपनिरीक्षक दिनेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और क्षतिग्रस्त कार में फंसे लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से बमुश्किल बाहर निकाला। घटना के बाद विपरीत दिशा में ट्रैक्टर चला रहा वाहन चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई कार में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। मृतका की पहचान काठमांडू, भागेन दौरा, नेपाल निवासी जयंती भट्ट (47) पत्नी दीपक राज भट्ट के रूप में हुई है। घटना में मृतका जयंती भट्ट की 24 वर्षीय पुत्री प्रीति भट्ट, अटरिया, नेपाल निवासी 20 वर्षीय सुभाष भट्टाचार्य पुत्र हरीश भट्टाचार्य, लामकिचवा, नगर पालिका वार्ड 6, जिला कैलाली, नेपाल निवासी 22 वर्षीय गणेश सिंह भुत पुत्र भगत सिंह सहित कार चालक महेंद्रनगर, नेपाल निवासी 38 वर्षीय करण सिंह पुत्र ठगी सिंह घायल हो गए हैं। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने मृतका जयंती भट्ट के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। पीड़ित पक्ष की तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। घटना की सूचना के बाद महिला के परिजनों में कोहराम मच गया है।



किच्छा के पुलभट्टा क्षेत्र में हुई दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार एवं ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, चालक पर किया केस

**सितारगंज :** अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। वार्ड नंबर 10 निवासी विपिन वर्मा ने बताया कि उसकी भाभी क्रांति देवी निजी स्कूल में कार्यरत है। 12 नवंबर को वह स्कूल से अपना काम निपटाकर घर आ रही थी। तभी बाईपास रोड पर स्थित एक निजी होटल के सामने अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गई। राहगीरों ने उन्हें उप जिला चिकित्सालय, सितारगंज में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस ने 33.44 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**काशीपुर:** ढकिया रायपुर रोड स्थित फ्लाईओवर के नीचे चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को 33.44 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

बीती शाम उपनिरीक्षक सुनील सुतेड़ी, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार, कांस्टेबल हरीश, उपनिरीक्षक हेमंत तिवारी, उपनिरीक्षक गणेश पाण्डेय तथा हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार की टीम दिल्ली में हाल ही में हुए बम ब्लास्ट के मद्देनजर उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार बार्डर चेकिंग कर रही थी। शाम लगभग 7:15 बजे रायपुर की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल को रोकने का संकेत दिया गया। पुलिस को देखकर चालक घबरा गया और भागने की कोशिश में मोटरसाइकिल सहित गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तुरंत दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम महेन्द्र कुमार, पुत्र रामपाल सिंह, निवासी ध्याननगर, थाना जसपुर बताया। तलाशी में उसके पास से पारदर्शी पन्नी में पैक 33.44 ग्राम अवैध हेरोइन (स्मैक) बरामद हुई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भूकंप से थर्राया शहर, लोगों की मदद को दौड़ा प्रशासन




मॉकड्रिल से पहले बैठक कर रणनीति बनाते एडीएम। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर में जहां भूकंप के झटकों से शहर थर्रा उठा। वहीं पुरानी बिल्डिग ध्वस्त हो गई। जिसमें आठ लोग फंस गए और दो घायल हो गए। इसके अलावा भूकंप के कारण शहर के सबसे बड़े शॉपिग मॉल मेट्रोपॉलिस में भी भूकंप से भयभीत 100 लोगों को एनडीआरएफ, पुलिस व मेडिकल टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। काफी देर तक लोग कुछ नहीं पाएं, लेकिन जब पता चला कि आपदा प्रबंधन की संयुक्त टीम मॉकड्रिल का प्रदर्शन कर रही है।

शनिवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण देहरादून के आदेश पर डीएम कार्यालय पर सबसे पहले बैठक हुई। तय रणनीति के अनुसार सूचना मिली कि भूकंप आने के कारण पुराने भवन ध्वस्त हो चुके हैं और उसमें आठ लोग फंसे हैं, जबकि दो लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, पुलिस और मेडिकल की टीम आपदा स्थल पहुंची और रेस्क्यू कर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जबकि फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके अलावा शहर के सबसे बड़े शॉपिग मॉल में भूकंप आने के कारण भयभीत सौ लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

इस मौके पर एडीएम कौस्तुभ मिश्रा, एसडीएम मनीष बिष्ट, सीएफओ ईशान कटारिया, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, जीके भट्ट, नवीन सिंह आदि मौजूद रहे।

# बेटे से सिगरेट मंगाने के विरोध पर किया हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक दुकानदार द्वारा नाबालिग से सिगरेट के डिब्बे मंगाने का विरोध करने पर दुकानदार ने नाबालिग की मां पर ही हमला कर दिया, जिससे महिला चोटिल हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गणेश गार्डन गली तीन ट्रांजिट कैंप निवासी सोनू देवी ने बताया कि 14 नवंबर की दोपहर को साढ़े 3 बजे उसका बेटा कृष्णा गिरी पास की महावीर की चाऊमिन की दुकान पर गया था। काफी देर तक जब वह नहीं लौटा तो वह दुकान पर गई और बेटे के बारे में पूछा। दुकान स्वामी अमित भगत ने बताया कि कृष्णा उसके भाई सुमित भगत के साथ गया है। महिला वहीं खड़े होकर बेटे का इंतजार करने लगी। कुछ देर बाद देखा तो कृष्णा के हाथ में सिगरेट की बहुत सारी डिब्बियां थी जो कि दुकानदार ने बिक्री के लिए उससे मंगाई थी जब महिला ने दुकानदार से इसका विरोध जताया तो दोनों भाइयों ने अभद्रता करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि महिला का मोबाइल भी छीनने का प्रयास किया। महिला का आरोप है कि दुकानदार उसके बेटे को सिगरेट की डिब्बी थमा उसको गलत आदत डालने का प्रयास कर रहा है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने शुरू की भूख हड़ताल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** महज एक सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन की राह पर चली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अब अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इसी को लेकर डीएम कार्यालय पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने धरना-प्रदर्शन किया और मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया।

शनिवार को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के दौरान उत्तराखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष रुकमणि धामी ने बताया कि पिछले लंबे समय से संघ न्यूनतम वेतनमान का मुद्दा उठा रहा है। जबकि आंगनबाड़ी केंद्र राज्य सरकार का अभिन्न अंग है और वर्तमान में मात्र 9300 रुपये मानदेय पर काम कर रही हैं। वास्तविकता यह है कि यदि सरकार कार्यकत्रियों को सिर्फ मजदूर ही मानती है, तो वर्तमान में दिहाड़ी मजदूरी भी 8000 रुपये प्रतिमाह चल रही है। उसी दिहाड़ी की तर्ज पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां 24 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन की मांग उठा रही हैं। काफी संघर्ष के बाद भी प्रदेश सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। विवश होकर संघ को अब अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का रास्ता अख्तियार करना पड़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अनिता सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हेमा लोहनी, माधुरी शर्मा, रचना खुराना, भावना देवी, मीना गुप्ता, सुमन शर्मा, पूनम मिस्त्री, हेमलता मंडल, नीलत राय, पूनम रुबी आदि मौजूद रहीं।



डीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

# चोरी के मामले में दस माह बाद दर्ज हुआ केस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की घटना के दस महीने बाद मुकदमा दर्ज किए जाने पर पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच तो शुरू कर दी है, लेकिन इस विलंब का संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गांव दानपुर की रहने वाली विमला नेगी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 23 जनवरी 2025 की रात्रि 12 बजे चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर वालों की अनुपस्थिति में अलमारी का लॉकर तोड़कर 45 हजार की नगदी और सोने का मंगलसूत्र, 16 दाने व एक तिलहरी पैडल के अलावा कुछ ही दूरी पर स्थित धार्मिक स्थल में दानपेटी का भी सारा पैसा चोरी कर लिया था। सीसीटीवी में भी संदिग्ध दिखाई दे रहे है। पीड़िता ने घटना के वक्त ही पुलिस को भी सूचना दी थी। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन 14 नवंबर की रात्रि को कोतवाली पुलिस ने घटना के दस माह बाद चोरी का मुकदमा दर्ज किया तो पुलिस की सुस्त कार्रवाई पर सवाल खड़े होने लगे। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि लापरवाही की जांच की जाएगी। कभी-कभी ज्यादा व्यस्तता के कारण भी जांच में देरी हो जाती है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

आयोजन

## कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा एवं पूर्व सांसद बलराज पासी यात्रा में हुए शामिल

# एकता यात्रा में गूंजा-हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की अगुवाई में राजकीय इंटर कॉलेज से बैकुंठपुर तक लगभग 8 किलोमीटर की पैदल "एकता यात्रा" निकाली गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यात्रा के दौरान हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया गया। यात्रा में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के साथ यात्रा प्रभारी एवं पूर्व सांसद बलराज पासी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने कहा कि स्वदेशी अपनाना राष्ट्र को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है, और युवाओं को इस अभियान से जुड़कर देशहित में योगदान देना चाहिए। उन्होंने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता उनके जीवन का मूल आधार रही, जिसे आगे बढ़ाना हर नागरिक का कर्तव्य है। पूर्व सांसद व यात्रा प्रभारी बलराज पासी ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से स्थानीय कारीगरों, किसानों और छोटे दुकानदारों को सीधा लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि हर घर में स्वदेशी को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा सकता है। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के नारे गूंजते रहे। बैकुंठपुर में यात्रा का समापन हुआ। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, अजय जायसवाल, योगेंद्र सिंह रावत, संजय बाछाड़, कृष्णा पद मंडल, रविंद्र विश्वास, महेंद्र सिंह, राजा हालदार, गोविंद पोखरिया, दिलीप मिस्त्री, संजीव डे, राघव सिंह, मयंक अग्रवाल, मनोज सरकार, मीना मजूमदार, मीनाक्षी विश्वास, सुखदेव सिंह, विक्रम भंडारी, देबू मंडल, कृपा सिंधु हीरा, नरेश अरोड़ा, विक्की राय, रवि रस्तोगी, आदेश ठाकुर, रविंद्र अग्रवाल, किशोर राय रहे।



शक्तिफार्म में आयोजित पैदल एकता यात्रा में शामिल कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और अन्य। ● अमृत विचार

# टावर लगने से भड़के लोग, प्रदर्शन

- टावर हटाने को सौंपा कलेक्ट्रेट प्रभारी को ज्ञापन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:**-गांव भूरारानी स्थित दुर्गा कॉलोनी में मोबाइल टावर लगाए जाने से भड़के स्थानीय वांशिदों ने डीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट प्रभारी को ज्ञापन देकर टावर को रोकने का मुद्दा उठाया। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो आंदोलन किया जाएगा।

शनिवार को डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए लोगों का कहना था कि दुर्गा कॉलोनी में पहले से ही मोबाइल टावर लगा हुआ है और अब दूसरा मोबाइल टावर लगाने की तैयारी चल रही है। लगभग टावर का कार्य पूर्ण भी हो चुका है। टावरों की भरमार के कारण मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडियेशन का स्थानीय लोगों पर पड़ रहा है। आरोप था कि कई बार स्थानीय लोग विरोध भी कर चुके हैं। बावजूद दूसरा टावर लगाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कलेक्ट्रेट प्रभारी को ज्ञापन देते हुए मोबाइल टावर रद्द करने का मुद्दा उठाया। इस मौके पर दिलीप कुमार, शंकुतला सक्सेना, मनोज यादव, अनिल खत्री, मंजू देवी, पूनम सिंह, विनीता देवी, गीता देवी, रचना सिंह आदि मौजूद रहे।



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### नानकमत्ता गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सेवा सिंह को पत्नी शोक

**खटीमा :** गुरुद्वारा नानकमत्ता के पूर्व प्रधान सरदार सेवा सिंह की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ व्यवसायी हरप्रीत सिंह महल की माताजी जोगेंद्र कौर 75 का आज निधन हो गया है। उनके अंतिम संस्कार में चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र हरप्रीत सिंह महल ने दी। उनके निधन पर राजपाल सिंह, विधायक गोपाल सिंह राणा, भुवन कापड़ी, साधू सिंह नामधारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, जसविंदर सिंह पप्पू, राजवीर सिंह ने दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।


जोगेंद्र कौर (फाइल)।

### पूर्व प्रधान बेरीघाट बख्शीस सिंह का निधन

**खटीमा :** पूर्व ग्राम प्रधान बेरीघाट निवासी 94 वर्षीय बख्शीस सिंह का निधन हो गया है। बख्शीस सिंह वरिष्ठ काश्तकार एवं पूर्व तराई किसान भूमि सुधार संघ के अध्यक्ष थे। उनके पुत्र गुरप्रीत सिंह ने चिता में मुखाग्नि दी। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। यहां विधायक भुवन कापड़ी, गोपाल सिंह राणा, राजपाल सिंह, पूर्व प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ने आदि ने शोक जताया।


बख्शीश सिंह (फाइल)।

# नवाचार व सतत विकास के साथ भविष्य के बिजनेस पर हुआ मंथन

## आईआईएम काशीपुर के 'मंथन 2025' में उद्योगों के विशेषज्ञों ने रखे विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) काशीपुर ने शनिवार को अपने वार्षिक प्रमुख कान्क्लेव ''मंथन 2025'' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस वर्ष कान्क्लेव का विषय इनोवेशन अनलीश्डः री-डिफाइनिंग बिज़नेस टू शेप ए सस्टेनेबल फ्यूचर रहा।

इस अवसर पर देश के विभिन्न उद्योगों से आए प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, नवाचार नेताओं और कार्पोरेट पेशेवरों ने भाग लिया और इस बात पर विचार-विमर्श किया कि संगठन अपने विचारों को दीर्घकालिक और सतत प्रभाव में कैसे बदल सकते हैं। कान्क्लेव में वक्ताओं ने सस्टेनेबल इनोवेशन, जिम्मेदार तकनीक, उद्देश्य-आधारित कार्यस्थल और रणनीतिक निर्णय पर अपने विचार साझा किए। प्रो. उत्कर्ष, प्लेसमेंट एवं कार्पोरेट रिलेशन चेयरपर्सन ने कहा कि इनोवेशन केवल बदलाव नहीं, बल्कि उद्देश्य, मूल्य-सृजन और जिम्मेदार स्केलिंग की प्रक्रिया है। प्रो. दीपक वर्मा ने कहा कि कार्पोरेट जगत ऐसे नेताओं की तलाश में है, जो आलोचनात्मक सोच सकें और हर व्यवसायिक निर्णय में सस्टेनेबिलिटी को एकीकृत कर सकें। थामस कुक इंडिया लिमिटेड से बृजेश मोदी ने नवाचार को ''बड़ा, बेहतर और तेज़'' करने की एक मानसिकता बताया। ईक्लर्क्स से मनीष मित्तल ने कहा कि तकनीक केवल साधन है, जबकि नवाचार का मुख्य चालक लोग हैं और सफलता के लिए तेजी से असफल होना और सीखना आवश्यक है। जानसन एंड जानसन से रोहित गुलाटी ने जोर दिया कि यदि इनोवेशन किसी वास्तविक समस्या को हल करता है, तो विकास स्वाभाविक है। तक्षशिला कंसल्टिंग से सारंग कंचन ने रणनीतिक परिप्रेक्ष्य जोड़ते हुए कहा, "हर निर्णय की लागत आज चुकाई जाती है, पर लाभ भविष्य में मिलता है। प्रो. कुनाल गांगुली, डीन, डेवलपमेंट ने समापन संबोधन में कहा कि इनोवेशन तभी परिवर्तनकारी बनता है जब उसमें उद्देश्य, स्केलेबिलिटी और सस्टेनेबिलिटी का संतुलन हो। मंथन 2025 ने उद्योग और शिक्षा जगत के बीच एक सार्थक संवाद स्थापित किया, जिससे छात्रों को नवाचार, जिम्मेदारी-आधारित नेतृत्व और सतत व्यवसायिक परिवर्तन की गहरी समझ मिली। आइआइएम काशीपुर ऐसे मंचों के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य की जटिलताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।



काशीपुर आईआईएम में शनिवार को आयोजित इनोवेशन कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

## आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया व्यवसायिक प्रशिक्षण

**खटीमाः** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा संचालित व्यावसायिक इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 57 बटालियन एसएसबी ने सीमांत क्षेत्र के नागरिकों के आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से यह तीन सप्ताह का प्रशिक्षण महिला जनजाति सेवा समिति के सहयोग से आयोजित किया। कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के 25 प्रतिभागियों को इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय से संबंधित महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए। एसएसबी कमांडेंट मनोहर लाल ने प्रशिक्षणार्थियों को बधाई दी और बताया कि पहले भी सिलाई-बुनाई, कंप्यूटर, कृषि, पशुपालन और स्वरोजगार से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा एसएसबी द्वारा मेडिकल सिविक एक्शन, वेटरनरी सिविक एक्शन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संचय, स्वच्छता अभियान और एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान जैसी जनकल्याणकारी गतिविधियां नियमित रूप से चलाई जा रही हैं। इस मौके पर समवाय प्रभारी निरीक्षक विमल जोशी, सहायक उपनिरीक्षक अमृत भाई परमार, अजहर, राजू कुमार सिंह, जैविर सिंह, अरुल जया कुमार, सुशील बाम्बू, भूपेंद्र, संदेश राज, बिजेंद्र कुमार तथा सीमावर्ती क्षेत्र के सिसैया ग्राम प्रधान शीतल पासवान, रामजन्म पासवान और सुरेश कुमार सहित अन्य जवान उपस्थित रहे।

# बिहार की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न


गूलरभोज में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते विधायक अरविंद पांडेय।

संवाददाता, गूलरभोज

**अमृत विचारः** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने पर गूलरभोज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने विधायक अरविंद पांडेय के कैंप कार्यालय पर मिष्ठान्न वितरण किया, आतिशबाजी की और ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी जाहिर की। विधायक अरविंद पांडेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए-बीजेपी को अब तक की सबसे ऐतिहासिक जीत मिली है।

उन्होंने इस जीत का श्रेय देते हुए कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनप्रिय नीतियों तथा कुशल शासन पर भरोसा करते हुए यह अभूतपूर्व जीत दिलाई है। विधायक पांडेय ने कार्यकर्ताओं के साथ कैंप कार्यालय में जमकर आतिशबाजी की और ढोल-नगाड़ों पर खूब झूमे। कार्यकर्ताओं ने विधायक पांडेय को जीत की बधाई दी और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, जिपंस प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ नम्मू, प्रधान प्रतिनिधि जसवंत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी योगेश पानू, हिमांशु सरकार, तरुण दुबे, पूर्व सैनिक गोविंद सिंह चौहान, भगत सिंह धर्मशक्तू, गोपाल सिंह ठठोला, समाजसेवी राजेंद्र सिंह मेहरा, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू उर्फ दीपू, संजीव भटेजा, कैलाश पाठक, जीवन त्रिपाठी, राजेंद्र सिंह पानू, ओमप्रकाश डोगरा, दान सिंह बड़ती, राजेंद्र सिंह कोरंगा, दिनेश नयाल, विजेंद्र यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मेयर ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा


शहर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

● मेयर से स्थानीय नागरिकों से व्यवस्था को लेकर किया संवाद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सुबह मॉर्निंग वॉक के बाद महापौर विकास शर्मा ने शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण मित्रों से बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

शनिवार को महापौर ने विभिन्न स्थानों पर मौजूद स्थानीय नागरिकों से भी संवाद किया और नगर निगम की सफाई व्यवस्था को लेकर उनका फीड बैक लिया। उन्होंने लोगों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम के प्रयासों में सहयोग देने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि शहर के सभी वार्डों में घर-घर कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही जल्द ही नगर निगम को 25 नए कूड़ा वाहन प्राप्त होंगे, जिससे सफाई व्यवस्था में और अधिक तेजी और मजबूती आएगी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने पर्यावरण मित्रों को निर्देश दिए कि जहां भी सफाई व्यवस्था में कमी दिखाई दे। वहां तुरंत प्रभाव से स्थिति को सुधारें। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


बाजपुर के ग्राम मुकंदपुर में मार्ग का शिलान्यास करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

### नेता प्रतिपक्ष ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**बाजपुर :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने शनिवार को ग्राम मुकुंदपुर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने गांव के दो आंतरिक मार्गों का शिलान्यास किया। बताया गया कि यह दोनों मार्ग करीब 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित किए जाएंगे। आर्य ने कहा कि वह हमेशा कार्य के आधार पर अपनी पहचान बनाते आए हैं और आगे भी एक जनसेवक के रूप में जनता की समस्याओं का समाधान कराते रहेंगे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा उठाई गई समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लों, नैनीताल के पूर्व विधायक संजय आर्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** शक्तिफार्म के नजदीक प्रहलाद पलसिया में सरकारी जमीन पर बसे परिवारों को अन्यत्र बसाने की मांग को लेकर तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। शनिवार को धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि किसी भी स्थिति में बंगाली समाज के लोगों का घर उजड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इसके खिलाफ आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं।

आरोप लगाया गया कि 2022 में एसडीएम ने जमीन की वास्तविक स्थिति को छिपाकर झूठी रिपोर्ट शासन को भेजी। इस भूमि पर कई परिवार लंबे समय से रह रहे हैं, वहां बिजली के मीटर लगे हैं, सरकारी जलस्रोत उपलब्ध है और फसल भी बोई जाती है। बावजूद इसके, सभी तथ्यों को छिपाते हुए जमीन को बंजर दर्शाया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार उन परिवारों का उचित पुनर्वास किए बिना उन्हें उजाड़ने का प्रयास कर रही है, जो अनुचित है। धरने में कांग्रेस प्रदेश सचिव नवतेजपाल सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, एडवोकेट प्रियजीत राय, उत्तम आचार्य, भवतोष आचार्य, पूर्व राज्य मंत्री बलवंत सिंह बोरा, बसंती राय, वंदना मंडल, लतिका विश्वास, अंजलि सरकार, संध्या राय, दिव्या राय, जयंती मंडल, प्रियंका मंडल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


सितारगंज के प्रहलाद पलसिया में धरने पर बैठे ग्रामीण और कांग्रेसी। ● अमृत विचार


शांतिपुरी में ग्रामीणों को आपातकालीन बचाव और जागरूकता की जानकारी देते डॉ. संतोष।

### शांतिपुरी में ग्रामीणों को बताए आपात सुरक्षा टिप्स

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर दो सत्संग आश्रम सहकारी महिला दुग्ध समिति के प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार की ओर से ग्रामीणों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को प्राकृतिक आपदा की स्थिति में अपनाए जाने वाले आपातकालीन सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित डा. संतोष पांडे ने ग्रामीणों को सर्पदंश और अन्य जहरीले कीड़ों से बचाव के उपायों तथा आपदा के बाद फैलने वाली जानलेवा संक्रामक बीमारियों से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान कविता तिवारी, मनोज कुमार, कोर्डिनेटर रेनू मेहता, सुपरवाइजर मुन्नी बिष्ट, सचिव कविता कोरंगा, दुर्गा कोरंगा, हेमा कोरंगा, देवकी देवी, मालती देवी, पुष्पा कोरंगा, आशा दीपा कोरंगा, हेमा जोशी, गंगा कोरंगा, विमला जोशी, दीपा कोरंगा, लक्ष्मण सिंह कोरंगा, कुशल सिंह कोरंगा, गीता चंद, कुशम पंत, देवकी देवी, रेखा कोरंगा सहित कई लोग उपस्थित रहे।


बाजपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। ● अमृत विचार

### मदर इंडिया पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**बाजपुर :** मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर काशीपुर दीपक बाली, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुखमन कौर औलख, विधायक प्रतिनिधि जोरावर सिंह भुल्लर, कैंपस स्कूल पंतनगर के पूर्व प्रधानाचार्य डा. बीसी पाठक, माउंट लिट्रा स्कूल रुद्रपुर के प्रधानाचार्य संदीप नैथानी, और दोराहा चौकी प्रभारी जीसी तिवारी ने किया। विद्यालय प्रबंधक रश्मि विज, गौरव विज, डौली विज, अनमोल विज ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य महेश चंद्र उनियाल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों की उपलब्धियों की जानकारी दी। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित शैडो डांस, कुमाऊंनी डांस, गुजराती गरबा डांस ने खुशियों का माहौल बनाया। रानी लक्ष्मीबाई की वीरता पर आधारित नृत्यनाटिका मणिकर्णिका ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पंजाबी लोकनृत्य गिद्दा और भंगड़ा ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।


खटीमा में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन करते डायनेस्टी गुरुकुल एकेडमी की टीमें।

### संस्कृत प्रतियोगिताओं में डायनेस्टी का जलवा

**खटीमा :** उत्तराखंड संस्कृत एकेडमी, हरिद्वार द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में डायनेस्टी मॉर्डन गुरुकुल एकेडमी, छिनकी फार्म की टीमों ने सभी 12 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया। राणा प्रताप इंटर कॉलेज, खटीमा में 14–15 नवंबर को आयोजित इन प्रतियोगिताओं में डायनेस्टी के बच्चों ने कनिष्ठ वर्ग में संस्कृत नाटक, समूहगान, आशुभाषण, श्लोकोच्चारण, समूह नृत्य और वाद–विवाद तथा वरिष्ठ वर्ग में संस्कृत नाटक, समूह नृत्य, वाद–विवाद, आशुभाषण, श्लोकोच्चारण और समूहगान में प्रथम स्थान हासिल किया। सभी 12 टीमें आगामी 21–22 नवंबर को जिला स्तर पर प्रतिभाग करेंगी। नाटक का निर्देशन सुरेश ओली, समूहगान के संगीत प्रशिक्षक नरसिंह कुंवर, रेनू उपाध्याय, ऊधम सिंह, सीमा, श्लोकोच्चारण पूरन चंद्र पांडेय, नृत्य राहुल कुमार और अनुज कुमार के नेतृत्व में किया गया। प्रबंध निदेशक श्री धीरेंद्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, मनीष चंद, विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, दिगंबर भट्ट, रमेश ने बधाई दी।


केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण। ● अमृत विचार

### धूमधाम से मना इंडियन कोस्ट गार्ड का स्थापना दिवस

**रुद्रपुर :** इंडियन कोस्ट गार्ड वेटरन्स वेलफेयर एसोसिएशन ने अपना आठवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रधान अधिकारी एस.पी. साहू ने केक काटकर किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही एसोसिएशन अपना नया झंडा लॉन्च करेगी। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में एस.पी. साहू ने कहा कि एसोसिएशन भारतीय तटरक्षक के पूर्व कर्मियों के कर्मचारी कल्याण, एकता और सशक्तिकरण के लिए समर्पित एक राष्ट्रीय संगठन है। वर्ष 2018 में स्थापित इस संगठन के देश के 12 राज्यों में 400 से अधिक सदस्य हैं, जो सेवा के बाद सेवा के मूल मंत्र के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि संगठन जल्द ही अपने नए झंडे का अनावरण करेगा। कार्यक्रम में डॉ. कुंदन सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल, प्रताप सिंह, एसके सिंह, एसके दुबे, बीएस रावत, बीएस मोसाल, जितेंद्र भूषण, प्रमोद श्रीवास्तव, संजय गौड़, अनिल चौधरी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।


सितारगंज में आयोजित कार्यक्रम में संस्कृत नृत्य नाटिका प्रस्तुत करती छात्राएं।

### दो दिवसीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन

**सितारगंज :** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के तत्वाधान में दो दिवसीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्कृत समूह नृत्य, आशुभाषण, संस्कृत नाटक, वाद–विवाद, श्लोकोच्चारण और समूह गायन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सुशीला तिवारी महाविद्यालय में बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. डी.एस. मौर्य की अध्यक्षता में शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि सभासद रवि रस्तोगी और आईसीआईसीआई बैंक के ब्रांच मैनेजर साहब मलिक ने किया। सभासद रवि रस्तोगी ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की आत्मा है। ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, चरित्र व संस्कारों का विकास होता है। संचालन संस्कृत विभाग के ब्लॉक समन्वयक उमेश पांडे ने किया। प्रधानाचार्य निरंजन चौहान, नरेश चंद्र, उषा सामंत, दिवाकर हालदार, सुमन अग्रवाल, रीता कौर, राकेश चौहान व रमेश जोशी मौजूद रहे।

# सभा कर महंत राजेंद्र को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** श्री बालाजी मंडल के महंत राजेंद्र अग्रवाल की आत्मिक शांति के लिए शनिवार को श्री बालाजी मंदिर में रस्म पगड़ी और श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य और सैकड़ों बाबा भक्त शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने महंत राजेंद्र अग्रवाल के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके बताए मार्ग का पालन करने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में बाबा भक्तों ने महंत अग्रवाल द्वारा गाए गए भजनों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर विधायक अरविंद पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, नपं पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, गुरुद्वारा माता साहिब कौर सरपरस्त बाबा गुरदेव सिंह, श्री हरि चांद गुरुचांद धर्म मंदिर आचार्य स्वामी विवेकानंद महाराज, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, नगर पालिका पूर्व ईओ हरिचरन सिंह उर्फ हरी बाबू, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, अशोक कालड़ा, गौरव अग्रवाल, खैरात कुमार, हिमांशु सरकार, सौरभ अग्रवाल, बलदेव डाबर, मदन लाल खन्ना, शिव कुमार, सुभाष गोयल, सुरेश मित्तल, मान सिंह कोरंगा, लक्ष्मी दत्त पांडे, नरेश बाटला, पवन अग्रवाल, राकेश बाठला, रामप्रसाद जिंदल, चेतन सुखिया, आनंद अग्रवाल, राहुल बाठला, बिट्टू ग्रोवर, सागर सिंह सहित परिवार के सदस्य और बाबा भक्त मौजूद रहे।


दिनेशपुर में आयोजित शांति सभा में मंचासीन परिजन और बाबा के भक्त।

## बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

**सितारगंज :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। प्राध्यापकों ने उनके जीवन मूल्यों के साथ विभिन्न जनजातियों के सांस्कृतिक एवं सामाजिक स्थिति पर चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. रेनू रानी बंसल ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिमन्यु कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल एवं जमीन के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया। वह प्रेरणास्पद है। प्राचार्या प्रो. रेनू रानी बंसल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य उनके शौर्य, बलिदान एवं सामाजिक न्याय के प्रति उनकी परिबद्धता से परिचित कराना है। प्रो. जगदीपक जोशी, डॉ. दीक्षा खंपा, डॉ. कामना दीक्षित, डॉ. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. कमल उपाध्याय, डॉ. सविता रहे।



विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण। ● अमृत विचार

### नीरज ने जीते सर्वाधिक स्वर्ण पदक, नम्रता कॉलेज चैम्पियन

**रुद्रपुर :** गुरुनानक डिग्री कॉलेज में वार्षिक क्रीड़ा समारोह और वार्षिक मेले का भव्य समापन हुआ। जिसका उद्घाटन कॉलेज प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष सरदार किरन सिंह विर्क ने किया। वार्षिक क्रीड़ा समारोह में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतकर पुरुष वर्ग में बीकॉम (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के नीरज सिंह और बीए द्वितीय वर्ष की नमृता मंडल कॉलेज चैम्पियन रही। समारोह का समापन प्राचार्य डॉ. अमिता ने किया। उन्होंने पुरस्कार वितरण करते हुए कहा कि वार्षिक खेलकूद के माध्यम से विद्यार्थियों को खेलों के प्रति सजग बनाया जा सकता है। ताकि बेहतर शिक्षा के साथ–साथ शारीरिक व मानसिक विकास भी हो सगे। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक उमेश सिंह राणा, संदीप त्रिपाठी, प्रकाश सिंह अधिकारी, मलकीत सिंह, तरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

### शिविर में शिकायतों का किया निस्तारण

**अल्मोड़ा :** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर लक्ष्मेश्वर स्थित शहीद पार्क में विद्युत वितरण खंड द्वारा शिविर का आयोजित किया गया। शिविर में उपभोक्ताओं के बिल संसोधन, बिल जमा तथा विद्युत संबंधी अन्य शिकायतों का निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा द्वारा जनजातीय, पिछड़े व वंचित समाज के लोगों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों व समाज के लिए उनके अन्य योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, पार्षद अमित साह आदि मौजूद रहे।

### भैंस नहलाने का विरोध करने पर किया हमला

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण की खाली जमीन पर पड़ोसी द्वारा जबरन भैंस नहलाने का विरोध करने पर पीड़ित पर हमला कर दिया। आरोपियों ने बीच बचाव करने आई महिलाओं से भी मारपीट की। पीड़ित शारुख पुत्र मोहम्मद फारूक ने शिकायत में बताया कि 8 नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे पड़ोसी अली खान पुत्र इसराइल खान ने उनकी जमीन पर भैंस नहलानी शुरू कर दी। मना करने पर आरोपी और उनके परिवार की महिलाएं लाठी-डंडे लेकर उन पर टूट पड़े। घटना में पीड़ित और परिवार के अन्य सदस्य घायल हुए हैं। घायल पीड़ित का इलाज सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी में चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बहुद्देशीय शिविर में ग्रामीणों ने उठाया योजनाओं का लाभ

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर बुक्सा—राजी जनजाति के लिए खिरद्वारी लगाया शिविर, ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय खिरद्वारी में बुक्सा और राजी जनजाति के लोगों के लिए बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा व्यापक स्तर पर जनसेवाएं प्रदान की गईं, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए।

शिविर में आधार सेवाएं, यूसीसी पंजीकरण सहित अन्य डिजिटल सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। उद्योग विभाग, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, डेयरी विभाग तथा अन्य विभागों ने अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी देते हुए मौके पर ही कार्य संपादित किए।

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी शिविर अत्यंत सफल रहा। होम्योपैथी विभाग द्वारा 50 से अधिक लाभार्थियों की जाँच कर औषधि वितरण किया गया। आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग ने 45 से अधिक ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पल्स अनिमिया महा अभियान के तहत 35 से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कर आवश्यक परामर्श दिया गया तथा दिव्यांगजन के लिए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र भी जारी किए गए। पशुपालन विभाग ने 30 से अधिक पशुपालकों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया।



खिरद्वारी गांव में लाभार्थी महिला को सम्मानित करते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

विद्यालय के बच्चों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर रैली निकाली गई, जिसमें जिलाधिकारी मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। रैली के उपरांत जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं और प्राप्त शिकायत-पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्राम क्षेत्र का निरीक्षण किया और विकास कार्यों को गति देने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

डीएम ने भू-कटाव रोकने के लिए नदी चैनलाइजेशन, तथा कृषि, पशुपालन, उद्यान और अन्य विभागों को ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए सक्रिय कार्य करने को कहा।

शिविर में भारती, रेखा, रेनू सहित अन्य लाभार्थियों को पोषण किट एवं महालक्ष्मी किट वितरित की गईं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत धना देवी सहित अन्य पात्रों को घरों की चाबियाँ सौंपी गईं।

डीएम ने कहा कि तीन महीने बाद वह पुनः गांव आकर पुराने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे एवं नए सुझाव भी प्राप्त करेंगे। ग्राम प्रधान निशा सामंत ने सभी उपस्थित ग्रामीणों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, जिला महामंत्री पूरन महरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य भुवन पांडे, ग्राम प्रधान निशा सामंत, सुंदर बोरा, गुमान बोरा, किशन तिवारी, नवीन चौहान, राकेश बोरा, गिरीश खर्कवाल, अपर परियोजना निदेशक विम्मी जोशी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वसुंधरा गर्बयाल आदि मौजूद रहे।


टनकपुर में लाभार्थी को चेक प्रदान करती जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा।

### सहकारिता मेले में किसानों को बांटे दो लाख के चेक

टनकपुर, अमृत विचार : गांधी मैदान में चल रहे सहकारिता मेले में रौनक बनी हुई है। लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ उन्हें लाभांवित किया जा रहा है। दूसरे दिन मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि मुकेश जोशी व अनुपम विश्वकर्मा ने मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर दयानंद इंटर कालेज की छात्राओं ने वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिला सहकारी अधिकारी कमला बोहरा ने भारतीय परंपरा के अनुसार मंगल टीका लगाया। उप महाप्रबंधक संजीव सिंह, टनकपुर शाखा प्रबंधक गजेंद्र राणा ने शाल ओढ़ाकर अतिथियों का स्वागत किया। जिला सहायक निबंधक प्रेम प्रकाश ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सहकारिता विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने पर जोर दिया। सहायक निबंधक ने विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। विभाग के महेश बोहरा और बलवंत गिरी के संचालन में हुए कार्यक्रम में अतिथियों ने दीन दयाल योजना के अंतर्गत दो लाख रुपये के चेक वितरित किए। इस मौके पर शाखा प्रबंधक लोहाघाट ममता नेगी, पुष्पा यादव, शाखा प्रबंधक चम्पावत आनंद प्रकाश, अपर जिला सहकारी अधिकारी सुभाष गहतोड़ी, सहायक विकास अधिकारी अपर्णा वल्दिया, लीला बोहरा, तुलसी भट्ट सहित सहकारिता विभाग के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाल वैज्ञानिकों ने किया मॉडलों का प्रदर्शन

**अल्मोड़ा :** नगर के राजा आनंद सिंह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें सभी ग्यारह विकासखंडों के विजेता प्रतिभागियों ने अपने मॉडलों के साथ प्रतिभाग किया। इस मौके पर विज्ञान ड्रामा भी आयोजित किया गया। महोत्सव का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि मेयर अजय वर्मा ने कहा कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन की जरूरत बन गया है। आज के बाल वैज्ञानिक ही भारत के विश्व गुरु बनने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य यूसी पांडे ने कहा कि बच्चों को अपने आस पास मौजूद समस्याओं को ढूंढ कर उनके समाधान में वैज्ञानिक तकनीकों का प्रयोग करना चाहिए। इससे बच्चों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होगा। जिला विज्ञान समन्वयक विनोद राठौर ने अतिथियों का स्वागत किया। बताया कि प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा विज्ञान ड्रामा में प्रथम रहने वाली टीम हल्द्वानी में राज्य विज्ञान महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। शिक्षकों ने मॉडलों का अवलोकन किया। अध्यक्षता जीजीआईसी की प्रभारी प्रधानाचार्य तोषी टम्टा ने की तथा संचालन मदन भण्डारी ने किया। इस मौके पर डॉ. कपिल नयाल, डॉ प्रभाकर जोशी, डॉ दीप प्रकाश जोशी, पंकज जोशी, प्रदीप बिष्ट, प्रतिमा वर्मा, सुरेन्द्र चौहान, सौरव पंत, जीवन लाल साह आदि रहे।

# सेशन कोर्ट ने हत्या के चार आरोपियों को किया दोषमुक्त

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के चार आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है। चारों आरोपी इन दिनों जमानत पर थे तथा उनका मामला न्यायालय में चल रहा था।

घटनाक्रम के अनुसार 31 नवंबर 2021 को कपकोट थाना अंतर्गत चैड़ा निवासी मंगला प्रसाद की गांव के एक अन्य परिवार के घर में शराब के साथ कीटनाशक पदार्थ का सेवन करने के कारण मृत्यु हो गई थी। जिस पर कपकोट पुलिस की टीम ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम कराया। इसके पश्चात दो जनवरी 2022 को मृतक की पत्नी बसंती देवी ने कपकोट थाने में प्राथमिकी दर्ज करते हुए कहा कि उसके पति की हत्या कपिल सिंह पुत्र बालक सिंह, नवल सिंह पुत्र गोबर सिंह एवं त्रिभुवन सिंह पुत्र बालक सिंह के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार करके न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी कपिल सिंह व त्रिभुवन सिंह की माता नारायणी देवी को भी हत्या में शामिल पाते हुए आरोपित किया। जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन द्वारा दस गवाह परीक्षित कराए। बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह परीक्षित कराया। विद्वान न्यायाधीश पंकज सिह तोमर ने गवाहों के बयान व पत्रावली के अध्ययन के बाद आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

# बिहार में प्रचंड जीत से भाजपाई गदगद, आतिशबाजी की

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए-भाजपा को मिली जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को चौघानपाटा में मिष्ठान वितरण व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। जीत से गदगद भाजपा नेताओं ने कहा यह प्रचंड जीत सुशासन व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास की जीत है।


बिहार में भाजपा की जीत पर अल्मोड़ा में मिठाई बांटकर खुशी मनाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


बिहार में एकतरफा जीत के बाद गांधी चौक पर जश्न मनाते भाजपाई।

भाजपा जिला इकाई और नगर मंडल की ओर से हुए कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन, पारदर्शी शासन और विकास केन्द्रित राजनीति पर अपनी मुहर लगाई है। यह जीत साबित करती है कि भाजपा की नीतियां समाज के हर वर्ग तक पहुंची हैं और लोग विकास का मॉडल ही पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जीत का सकारात्मक प्रभाव अब उत्तराखंड में भी दिखाई देगा। और 2027 विस चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने कहा यह विजय केवल बिहार की नहीं, बल्कि 2027 उत्तराखंड के लिए ऊर्जा का काम करेगी। आने वाले समय में घर—घर जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जन—जन तक पहुंचाएगा।

इस दौरान महापौर अजय वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य राजीव गुरुरानी, जिला महामंत्री दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, मनोज जोशी, जिला मीडिया प्रभारी मनीष जोशी, राजा खान, रणजीत भंडारी, पार्षद अमित साह, अमित बिष्ट, नरेंद्र, त्रिलोचन जोशी, कैलाश गुरुरानी, आनंद कनवाल, लीला बोरा, बीना नयाल, दीपा अधिकारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**रानीखेत :** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर यहां भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पर एकत्रित होकर जश्न मनाया और एक दूसरे को जीत की बधाई दी। बिहार विधानसभा सभा चुनाव में एनडीए की जीत और भारतीय जनता पार्टी को इस जीत में सर्वाधिक सीटें मिलने से आह्लादित भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने यहां गांधी चौक में जीत का जश्न मनाया और पार्टी संगठन के पक्ष में नारेबाजी की। कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

# अल्मोड़ा की पटाल बाजार का होगा सौंदर्यीकरण

● पटाल बाजार को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने की कवायद तेज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा की ऐतिहासिक पटाल बाजार का सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से कवायद तेज हो गई है। पहले चरण में आर्मी गेट से थाना कोतवाली तक करीब दो सौ मीटर क्षेत्र का सौंदर्यीकरण कार्य प्रस्तावित है।

जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पटाल बाजार को चरणबद्ध तरीके से उसके प्राचीन स्वरूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू करने पर चर्चा हुई। सीएम घोषणा के तहत होने वाले इस कार्य के लिए डीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सौंदर्यीकरण कार्य के लिए स्पष्ट समयसीमा तय की जाए तथा पूरी परियोजना को विभिन्न चरणों में विभाजित कर क्रियान्वयन की रूपरेखा बनाई जाए। उन्होंने कहा कि पटाल बाजार जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है, इसलिए कार्यों की गुणवत्ता, समन्वय और विरासत संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में प्रस्तावित डिजाइन एवं विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रथम चरण में होने वाले सौंदर्यीकरण कार्य में दुकानों के बाहरी स्वरूप का सुधार, बिजली और पेयजल लाइनों तथा संचार फाइबर लाइनों को भूमिगत करने लिए डक्ट निर्माण जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। डीएम ने अधिकारियों को परियोजना का डीपीआर शीघ्र तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाए, ताकि शीघ्रता से कार्य शुरू किया जा सके। बैठक में उप निदेशक पर्यटन प्रकाश सिंह खत्री, ईई जल संस्थान नीरज तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


अल्मोड़ा पटाल बाजार का दृश्य। ● अमृत विचार

### डॉ. आरके भारती को टीचर ऑफ द ईयर सम्मान

**अल्मोड़ा :** बिपिन त्रिपाठी कुमाऊं इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वाराहाट के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष व सह—प्रोफेसर डॉ. राजेन्द्र कुमार भारती को टीचर ऑफ द ईयर सम्मान के लिए चुना गया है। यह सम्मान देहरादून इंटरनेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल के तहत प्रदान किया गया। डॉ. भारती का चयन उनके उत्कृष्ट शोध कार्य, नवाचार और शिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर किया गया है। उन्हें यह सम्मान गत 14 नवंबर को छठे देहरादून इंटरनेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल समारोह में मुख्य अतिथि आईएफएस जयराज तथा दर्जाधारी प्रो. देवेंद्र भसीन ने प्रदान किया। निदेशक प्रो. संतोष कुमार हम्पन्नवार ने कहा कि डॉ. भारती का यह सम्मान बीटीकेआईटी के लिए गर्व का विषय है।

# आपदा से निपटने के लिए मॉकड्रिल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** आपदा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत बनाने तथा भूकंप जैसे प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारी को परखने के उद्देश्य से व्यापक भूकंप मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान भूकंप से प्रभावित पांच क्षेत्रों आरसीएम मॉल, विशाल मेगा मार्ट, पिटकुल पावर हाउस पांडेखोला, जिला अस्पताल तथा आंगनबाड़ी केंद्र, हुक्का क्लब को चिन्हित कर वहां रेस्क्यू, खोज एवं राहत कार्यों का अभ्यास किया गया। सभी स्थलों पर आपदा के वास्तविक परिदृश्य का अनुकरण करते हुए प्रभावितों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने, भीड़ प्रबंधन करने तथा त्वरित राहत कार्यों का मूल्यांकन किया गया। फायर सर्विस और मेडिकल टीमों ने तत्काल प्रतिक्रिया, घायल व्यक्तियों की प्राथमिक चिकित्सा, संदिग्ध क्षेत्रों का निरीक्षण तथा सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल में एसएसपी देवेंद्र पींचा, सीएमओ डॉ नवीन चंद्र तिवारी, एडीएम युक्ता मिश्र, सीओ जीडी जोशी, डीडीएमओ विनीत पाल, डीडीओ एसके पंत आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में मॉक ड्रिल के दौरान घायलों को ले जाते कर्मी। ● अमृत विचार

# कठपुड़ियाछीना ब्लॉक के लिए आंदोलन का ऐलान

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचारः** जन संघर्ष समिति कठपुड़ियाछीना की संपन्न बैठक में कठपुड़ियाछीना को विकास खंड का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर एक बार फिर आंदोलन करने का निर्णय लिया। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कठपुड़ियाछीना को विकास खंड का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय जनता पूर्व में कई बार आंदोलन कर चुकी है। हर बार उन्हें झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं तथा विकास खंड बनाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वक्ताओं ने लोनिवि द्वारा बिलौना-सिमतोली मोटर मार्ग के प्रभावित काश्तकारों को मुआवजा देने की भी मांग की। वक्ताओं ने बरेली-बागेश्वर राजमार्ग के चैड़ीकरण पर देरी का आरोप लगाते हुए कहा कि मार्ग में धीमी गति से कार्य किया जा रहा है तथा मानक के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है कहा कि मार्ग के समय पर न बनने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र मांगें न माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक में पुष्पा बिष्ट, शंभू शंकर, एनके मिश्रा, ललित मनकोटी, खीम सिंह, विनोद मिश्रा, मनोज पंत, पप्पू असवाल आदि रहे।

# दो नाबालिग छात्राओं से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** नगर निवासी दो नाबालिग छात्राओं के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम में दोस्ती के बाद दोनों छात्राओं को बहला फुसलाकर नैनीताल बुलाया गया। जहां एक होटल में उनके साथ दुष्कर्म किया गया। दुष्कर्म करने वालों में एक 19 वर्षीय युवक तो दूसरा नाबालिग है।

पुलिस के मुताबिक दोनों छात्राओं की दोस्ती इंस्टाग्राम से हुई। पीड़ित नगर के एक प्रतिष्ठित स्कूल की छात्राएं हैं। जानकारी के मुताबिक अल्मोड़ा कोतवाली क्षेत्र निवासी 15 व 16 वर्षीय दो छात्राएं गत 11 नवंबर की सुबह घर से स्कूल के लिए निकली। बाद में परिजनों को छात्राओं के स्कूल नहीं पहुंचने की सूचना मिली तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दोनों की काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक छात्राओं की करीब एक साल पहले नैनीताल निवासी एक किशोर व हल्द्वानी निवासी एक युवक से इंस्टग्राम पर दोस्ती हुई। तीन से चार नवंबर के बीच युवक और किशोर दोनों अल्मोड़ा आए। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से मुलाकात की। और वापस नैनीताल लौट गए। 11 नवंबर को दोनों ने छात्राओं को नैनीताल बुलाया। करीब दो दिन तक चारों होटल के एक ही कमरे में रहे। जहां दोनों नाबालिग छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस छात्राओं का सुराग लगाकर शुक्रवार रात उन तक पहुंची। पुलिस ने मामले में 19 वर्षीय साहिल कुमार, निवासी हल्द्वानी, मूल निवासी बागेश्वर को गिरफ्तार किया है। जबकि एक विधि विवादित किशोर को अपने कब्जे में लिया है। शनिवार को दोनों नाबालिग छात्राओं, आरोपित युवक व किशोर का मेडिकल कराया गया। पुलिस द्वारा आरोपित युवक को कोर्ट और विधि विवादित किशोर को किशोर न्याय बोर्ड में पेश करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले में कुल तीन नाबालिग होने के बावजूद होटल में किस आधार पर उन्हें कमरा उपलब्ध कराया गया, पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। मामले की विवेचना चौकी प्रभारी धारानौला आनंद बल्लभ कश्मीरा कर रहे हैं। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि पूर्व में परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी का केस दर्ज किया गया था। केस में पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 और बीएनएस की धारा 64 की बढ़ोत्तरी की गई है।

### सोशल मीडिया से दोस्ती-प्यार बन रहा खतरनाक

**अल्मोड़ा :** मौजूदा समय में सोशल मीडिया नए रिश्ते बनाने का एक आसान जरिया बन चुका है। सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्त बनाने, प्यार करने और मिलने का बुखार कभी—कभी इंसान व उसके परिवार के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, यह इसका ताजा उदाहरण है। कई दरिंदे सोशल मीडिया का सहारा लेकर बच्चियों, युवतियों व महिलाओं को अपनी हवस का शिकार बना रहे हैं। अल्मोड़ा जिले में पूर्व में भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस ऐसे मामलों में जागरूकता को लेकर व्यापक अभियान चलाए। ताकि अभिभावक व नाबालिग जागरूक हो सके और ऐसे दरिंदों का शिकार होने से बच सके।

# नहीं रहे देश का मान बढ़ाने वाले वीर योद्धा कैप्टन देव

संवाददाता, चम्पावत/ लोहाघाट

**अमृत विचार :** तीन युद्धों में वीरता दिखाने वाले कैप्टन प्रहलाद सिंह देव नहीं रहे। 88 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। वे उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी और कर्मचारी नेता भूपेंद्र सिंह देव के पिता थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक है। शनिवार दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार रामेश्वर घाट में किया गया।


प्रहलाद सिंह (फाइल)।

32 साल तक देश की सुरक्षा में योगदान देने वाले कैप्टन प्रहलाद सिंह देव ने 3 युद्धों में वीरता का परिचय दिया। 1962 में चीन के साथ हुए युद्ध में दिलेरी से मोर्चा संभाला था और द 1965 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में बहादुरी दिखाई। 1971 में पाकिस्तान के साथ हुई जंग में भी उन्होंने दुश्मनों से लोहा लिया। उन्होंने 6 कुमाऊं रेजीमेंट में कमांडो इंस्पेक्टर रहकर भारत के लिए बड़ी संख्या में कमांडो तैयार किए। कैप्टन देव का निधन बड़ी क्षति है। निधन पर विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र ढेक, डॉ. महेश ढेक आदि ने शोक जताया है।



मेरा सर्वधर्मान्परित्यज्य
मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो
मोक्षयिष्यामि मा शुच:॥

संपूर्ण धर्मों का आश्रय छोड़कर तू केवल मेरी शरण में आ जा। मैं तुझे संपूर्ण पापों से मुक्त कर दूंगा, चिंता मत कर।
-भगवान श्रीकृष्ण



# सबका साथ सबका विकास और बिहार चुनाव के संदेश

कोई भी घटना अप्रत्याशित नहीं होती। सम्यक आंकलन नहीं होता। हमारी नासमझी और व्यापक अनुभवों का उचित मूल्यांकन नहीं होता। हम अनुमान करते हैं। प्रमाणों की सहायता लेते हैं, लेकिन नियति प्रमाणों की परवाह नहीं करती। प्रमाणों के आंकलन की छोटी सी गलती परिणाम बदल देती है। कभी-कभी परिणाम बदलने की जिजीविषा पूरी शक्ति के साथ चुनौती देती है आकाश को, तब सितारों व ग्रह दशा भी बदल जाती है।

बिहार चुनाव नतीजों ने सबको चौंकाया है। चुनाव में हार जीत होती ही है, लेकिन बिहार की जनता ने कमाल किया है और भारतीय चुनाव के इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया है। संविधान निर्माताओं की भी इच्छा थी कि भारत का लोकतंत्र फले-फूले और जनता अपने प्रतिनिधि चुनने के लिए स्वतंत्र हो। जनता अपने नेता चुनने के अलावा कोई हिंसक रास्ता न अपनाए। इसके लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव आयोग बना। संविधान (अनुच्छेद 324) में मतदाता सूची बनाने से लेकर मतगणना तक की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग पर डाली गई। 1952 से लेकर विधानमंडल व संसद के चुनाव कराए जा रहे हैं।

निष्पक्ष चुनाव का प्रयास देश में पहले से चल रहा है, लेकिन जाति, धनबल, बाहुबल के प्रभाव ने संविधान निर्माताओं की अभिलाषा को पूरा नहीं होने दिया। इसका अर्थ यह नहीं है कि भारतीय राष्ट्र राज्य कमजोर है। भारतीय संविधान निर्माताओं ने संविधान की प्रस्तावना में भारतीय जनता को 'हम भारत के लोग' बनने और होने का आग्रह किया है। राजनीतिक जल्दबाजी में कभी-कभी भारत को हिंदू और मुसलमान का देश कहा जाता है। कोई सिख छोड़ देता है, कोई बुद्ध और महावीर। एक प्रधानमंत्री ने देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार बताया था, लेकिन संविधान निर्माताओं ने 'हम भारत के लोग' कहकर हम सबके सामने एक आदर्श रखा है। हम किसी भी वर्ग या संप्रदाय से संबंधित हो सकते हैं, लेकिन प्रथमतः और अंततः भारतीय हैं। संविधान निर्माताओं ने नागरिकों को जाति, संप्रदाय, मत, पंथ मजहब के द्वारा अभिज्ञात नहीं किया है। दुनिया 21 वीं सदी में अंतरिक्ष में घर बनाने के सपने देख रही है, लेकिन राजनीति जातियों की गिनती में व्यस्त है।

> लोकतंत्र एक जीवनशैली है। विचार आधारित राजनीति लोकतांत्रिक अधिकारों व अवसर का सदुपयोग करती है। समाज को उसका हक मिलता है। बिहार में वैसा नहीं हो रहा था। इतिहास के विद्यार्थी कौटिल्य को बिहार से जोड़ते हैं, तब मगध राज्य था। छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटे देश को राष्ट्र बनाने का काम कौटिल्य ने किया था। छोटे-छोटे दलों को मिलाकर एक सशक्त विकल्प देने का काम भाजपा, जदयू, लोजपा, हम आदि ने किया है। बिहार चुनाव को पूरे देश ने देखा है। चुनाव परिणामों ने किसी को भी निराश नहीं किया। चुनाव में इस बार कोई हिंसा नहीं हुई। बूथ नहीं लूटे गए। अपवाद छोड़कर व्यक्तिगत हमले नहीं हुए।

प्रसन्नता की बात है कि जिस बिहार को बम, पिस्तौल और हिंसा के लिए बदनाम किया गया था, उसी बिहार की जनता ने पुनर्जागरण का स्वप्न देखा है। इस देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बिहार के थे, उन्होंने देश को नई दिशा दी थी। सोमनाथ मंदिर का नवनिर्माण हुआ था। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद से मिले थे, उन्हें सोमनाथ मंदिर कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए निमंत्रित किया गया था। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू नहीं चाहते थे कि भारतीय गणराज्य का राष्ट्रपति किसी धार्मिक आयोजन में हिस्सा ले, लेकिन राजेन्द्र प्रसाद वहां गए। प्रधानमंत्री की इच्छा न होने के बावजूद गए।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

बिहार चुनाव ने किसी भी विभाजक आवाज को अनसुना कर दिया। राजनेता और टिप्पणीकार चुनाव के पहले से ही जीत-हार का खाका बना रहे थे। जातियों के प्रतिशत निकाले जा रहे थे। कहा जाता था कि सरकार बनाने के लिए यादव और मुसलमान मिलकर पर्याप्त हैं, इसलिए चुनाव प्रचार की बहुत आवश्यकता नहीं है। इसी तरह सभी छोटी-बड़ी पार्टियों में जाति का गणित फिट करने की होड़ थी। नतीजा आ जाने पर भी यह विश्लेषण थमा नहीं। एक बड़े चैनल ने कहा कि महिलाओं ने भारी संख्या में वोट दिया। कहा जाता है कि ज्यादातर महिलाओं ने राजग को वोट किया। चुनाव का यह विश्लेषण अधूरा है। चुनाव के समय की राजनीति का समग्र विश्लेषण नहीं हुआ। साथ ही चुनाव के संदेश पर भी चर्चा नहीं हो रही। बिहार के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हीरो थे, उन्होंने 14 सभाएं की। राजग की तरफ से गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि वक्ताओं को जनता ने सुना। नीतीश कुमार का अपना प्रभाव है। आज से नहीं है, पहले से है। वह अनुभवी राजनेता हैं। स्वाभाविक है, उनकी लोकप्रियता का लाभ गठबंधन को मिला है। चुनाव नतीजे राजग के पक्ष में एक तरफा हो गए। दल और उसके समर्थक स्वाभाविक ही खुश हैं। ढोल-बाजे बज रहे हैं। खास बात यह है कि चुनाव नतीजों से खास तरह की उम्मीदें हैं। विशेष प्रकार की प्रसन्नता है। इन नतीजों की उम्मीद नहीं थी। जन सुराज पार्टी के अभियान चलाए जा रहे थे, लेकिन उन्हें कोई सीट नहीं मिली। ऐसी उम्मीद उन्हें भी नहीं थी, जो भारी बहुमत से जीते और हारे हैं, सब मिलकर विकास करें। कुछ समय पहले बिहार में जंगलराज था। अधिकारी पीटे जा रहे थे। अपहरण थे। गुंडा टैक्स थे। राजनीति की प्रतिष्ठित कुर्सियों पर बाहुबली थे। लोग मारे जा रहे थे। हिंसा का जोर था। कोर्ट ने भी बिहार के जंगलराज पर टिप्पणी की थी। जंगलराज शब्द का उपयोग न्यायालय ने किया था। बाहुबलियों की भरमार थी। नीतीश की पिछली सरकार ने जंगलराज पर काबू पा लिया था, लेकिन मध्य वर्ग और टिप्पणीकार चुनाव नतीजों को जाति के आधार पर ही जांच रहे थे। एक समय बिहार में जातियों की सेनाएं थीं। परस्पर युद्ध करती थीं। वह राजनीतिक दलों के ऊपर सवार थीं। जातिवाद से बिहार झुलसता रहा। लोगों में निराशा थी। लोग सोचते थे कि अब जाति के इस प्रेत का सामना करना कठिन हो गया है। जनता के एक वर्ग ने इसे नियति मानकर स्वीकार कर लिया था।

लोकतंत्र एक जीवनशैली है। विचार आधारित राजनीति लोकतांत्रिक अधिकारों व अवसर का सदुपयोग करती है। समाज को उसका हक मिलता है। बिहार में वैसा नहीं हो रहा था। इतिहास के विद्यार्थी कौटिल्य को बिहार से जोड़ते हैं, तब मगध राज्य था। छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटे देश को राष्ट्र बनाने का काम कौटिल्य ने किया था। छोटे-छोटे दलों को मिलाकर एक सशक्त विकल्प देने का काम भाजपा, जदयू, लोजपा, हम आदि ने किया है। बिहार चुनाव को पूरे देश ने देखा है। चुनाव परिणामों ने किसी को भी निराश नहीं किया। चुनाव में इस बार कोई हिंसा नहीं हुई। बूथ नहीं लूटे गए। अपवाद छोड़कर व्यक्तिगत हमले नहीं हुए। वोट डालने की यह शैली पूरे देश द्वारा सराही गई है। जाति ने राष्ट्र को बड़ी क्षति पहुंचाई है। बिहार का संदेश सुस्पष्ट है। राजनीति में विचारधारा की महत्ता बढ़ सकती है, विकास की मांग बढ़ेगी। जाति की बातें नहीं चलेगी। सबका साथ-सबका विकास राजनीति का एजेंडा है ही। उम्मीद है कि इससे भारतीय राजनीति में जाति का महत्व घटेगा। पश्चिम बंगाल के अनुभवी राजनेताओं को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। बिहार की आदरणीय जनता को बधाई।

# नहीं चले पीके के करतब...

इस बार बिहार चुनाव में तो स्पष्ट हो गया कि चुनाव लड़वाना और चुनाव लड़ने में बहुत फर्क है। किसी दल के लिए रणनीति बनाकर उसे सत्ता तक पहुंचाना बिल्कुल अलग बात है और कोई रणनीतिकार, जो राजनीतिक नहीं है, वह पार्टी बनाकर खुद सत्ता के सपने देखे और साकार भी कर ले, तो आश्चर्य हो सकता है। यह तो कई बार हुआ है कि कोई ब्यूरोक्रेट या फिर कोई गैर-राजनीतिक व्यक्ति कोई दल जॉइनकर चुनाव लड़े और जीत जाए, लेकिन नई पार्टी बनाकर सत्ताधीश बनना आसान नहीं है। अरविंद केजरीवाल अन्ना आंदोलन से निकले थे, एनजीओ चलाते थे और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता की बुलंद आवाज बने थे। वह दौर था, जब जनता महंगाई और भ्रष्टाचार से त्रस्त थी। हिंदुत्व का ज्वार भी इस तरह उबाल नहीं मार रहा था। कुमार विश्वास, संजय सिंह और न जाने कितने प्रोफेशनल केजरीवाल के साथ आ खड़े हुए थे। एक बड़ी टीम समन्वय के साथ काम करते हुए आगे बढ़ रही थी। इसके बावजूद केजरीवाल दो चुनावों में आशातीत सफलता नहीं प्राप्त कर सके, लेकिन 2020 में दिल्ली विधानसभा में बहुमत के साथ जम गए, लेकिन खुद कई आरोपों से घिर गए और फिर जनता ने उन्हें वापस कर दिया, हां पंजाब में सत्ता विरोधी लहर के चलते वहां पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने में सफल रहे। दूसरी तरफ प्रशांत की जनसुराज पार्टी अपनी ताकतवर टीम नहीं बना सकी। वह नीतीश पर निशाना साधते रहे और कहते रहे उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनने देंगे।



शैलेश अवस्थी
वरिष्ठ पत्रकार, कानपुर

> यहां यह भी उल्लेखनीय है चिराग पासवान बिहार की राजनीति में बड़े नेता होकर उभरे हैं। लोकसभा के बाद विधानसभा में भी उनका स्कोर शत-प्रतिशत रहा है।

यह सब उनका बड़बोलापन ही साबित हुआ। हां, पीके सोशल मीडिया के हीरो जरूर बने रहे। मीडिया की सुर्खियों में रहे और चर्चा में बने रहने में बाजी मारते रहे, उन्हें कभी बिहार चुनाव में वोट कटुआ तो कभी किंगमेकर बताया जाता रहा, लेकिन उनकी किस्मत से यह उपलब्धि भी बहुत दूर ही रही। याद कीजिए चाणक्य ने सत्ता बदलने की ठानी थी, न कि खुद गद्दी में विराजमान होने की और यह जिद सफल भी रही थी, जिसने इतिहास रच दिया था, लेकिन यहां तो बात खुद सत्ता हासिल करने की थी और अब तो पीके को कौन "चाणक्य" मानेगा। फिलहाल तो राजनीति के प्रशांत कुमार किनारे पर खड़े हैं, अब आगे क्या होगा, उनका भाग्य तय करेगा।

यहां यह भी उल्लेखनीय है चिराग पासवान बिहार की राजनीति में बड़े नेता होकर उभरे हैं। लोकसभा के बाद विधानसभा में भी उनका स्कोर शतप्रतिशत रहा है। अब उनकी साख केंद्र में और बढ़ेगी। वह राजनीतिक घराने से आते हैं, लेकिन उन्होंने अपने को साबित किया है कि राजनीति के आकाश में अलग चमक वाले सितारे बन गए हैं। मानना पड़ेगा कि नीतीश कुमार का भाग्य, नीति, समझ, सोच और भाजपा से समन्वय गजब है। वह बिहार के अब एकक्षत्र नेता हैं, उन्हें हर तबके का वोट मिला है। यह भी तथ्य है बीजेपी ने बिहार चुनाव में करिश्मा किया है। नतीजे बताते हैं कि नीतीश और भाजपा को एक-दूसरे की जरूरत है। अभी तो नीतीश का फिर 10 वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेना तय लग रहा है, लेकिन उन्हें भाजपा की बात भी माननी पड़ेगी। यह भी सच है कि नरेंद्र मोदी का जादू कायम है और अमित शाह की चुनावी योजना शानदार है। इस चुनाव का लोब्बोलवाब यह है कि पीके पीछे चले गए, चिराग पासवान बड़े नेता होकर उभरे और नीतीश कुमार रिकार्डतोड़ मुख्यमंत्री साबित हुए। भाजपा फिर से अपना दबदबा कायम रखने में कामयाब रही। यह भी सच है कि योगी आदित्यनाथ की उपयोगिता पूरे देश में है। अब इसका असर पश्चिम बंगाल, असम और फिर उत्तर प्रदेश के चुनाव में पड़ सकता है। अब चुनाव आयोग और ईवीएम को कठघरे में खड़ा करने से कुछ नहीं होने वाला। जनता ही सर्वोपरि है।

# जहां युद्ध होने वाला हो, वह धर्मभूमि ही है



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

> ब्रह्मांड क्या नहीं है, इसका ज्ञान हजारों वर्ष पूर्व जिस कृष्ण ने दिया था, उसका कुछ अंश विज्ञान जगत अब दिखा भी रहा है।

जिस भूमि में युद्ध होने वाला हो, शत्रु को पराजित करने के लिए हर चाल चली जाने वाली हो तथा खून की नदियां बहने वाली हो, क्या उसे धर्मभूमि कहा जा सकता है? प्रथम दृष्ट्या तो यह स्वीकार न हो सकेगा कि ऐसी भूमि को धर्मभूमि कहा जाए, लेकिन श्रीमद्भगवतगीता के अनुसार ऐसी भूमि भी धर्मभूमि है। इस पर गहरे स्तर पर चिंतन करने से तो स्पष्ट होता है कि कुरुक्षेत्र की भूमि धर्मभूमि है।

महाभारत युद्ध शुरू होने पहले अर्जुन के कहने पर श्वेतघोड़ों से युक्त रथ को श्रीकृष्ण ने दोनों सेनाओं के मध्य खड़ा किया। श्रीमद्भगवतगीता का प्रारंभ ही अंधे धृतराष्ट्र के एक प्रश्न से शुरू होता है, लेकिन 18 अध्याय पूरा होते-होते भक्ति, कर्म, त्याग, संन्यास, आहार-विहार, दान आदि विषयों पर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को पूरा ज्ञान ही नहीं दिया, बल्कि अपना विराट रूप भी दिखाया, जिसमें चर-अचर पूरा ब्रह्मांड दिखाई पड़ रहा है। एक तरह से अर्जुन के माध्यम से आम आदमी तक को कृष्ण के विराट रूप का दर्शन हो रहा है।

ब्रह्मांड क्या नहीं है, इसका ज्ञान हजारों वर्ष पूर्व जिस कृष्ण ने दिया था, उसका कुछ अंश विज्ञान जगत अब दिखा भी रहा है। गीता के प्रारंभ में धृतराष्ट्र ने 'धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे' शब्दों का प्रयोग किया है। इस दृष्टि से तो कुरुक्षेत्र जहां युद्ध के शंख और नगाड़े बज रहे हों, वह तो रणभूमि कही जाएगी न कि धर्मभूमि, लेकिन श्रीमद्भगवतगीता के अंतिम अध्याय के अंतिम श्लोक में सम्यक् दृष्टि से देखने वाले संजय ने 'यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुधरः, तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम' का जवाब धृतराष्ट्र को देकर युद्धभूमि को धर्मभूमि बना दिया।

वास्तव में जहां विवेक रूपी कृष्ण जैसा जीवन जीने का संविधान बताने वाले हों और उसका अनुपालन करने वाले धनुर्धर अर्जुन हों, वह भूमि धर्मभूमि इसलिए हो जाएगी कि क्योंकि, हर मनुष्य के हृदय में युद्ध चलता रहता है। सकारात्मकता एवं नकारात्मकता की भावनाएं मन में चलती रहती हैं। मन से ही मानव है। मानवोचित आचरण करने से मन धर्म के साथ खड़ा होता है, जबकि गैरमानवोचित कार्य करने से अधर्म के साथ खड़ा हो जाता है।

गोस्वामी तुलसीदास ने मानव शरीर को 'बड़े भाग मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सब ग्रंथहिं गावा' कहा है। जब मन में देवी गुण की प्रधानता होती है, तो यह शरीर धर्मभूमि हो जाता है, जबकि आसुरी शक्तियों के पक्ष में होती है, तो शरीर आसुरी क्षेत्र हो जाता है, लेकिन संजय ने स्पष्ट कर दिया है कि जहां कृष्ण होंगे और अर्जुन होंगे, वहां श्री, विजय, विभूति और अचल नीति है, वह धर्मभूमि ही है। इसलिए बाहरी महाभारत हो या अंतर्जगत का महाभारत उसे धर्मभूमि ही माना जाएगा।

# उत्तराखंड: चुनौतियां और हमारा फर्ज

उत्तराखंड के लिए चौतरफा चुनौतियां हैं। मौसमी आपदा पर तो किसी का नियंत्रण नहीं है, लेकिन उसके जान-माल के नुकसान के प्रभाव को कम करने की चुनौती बराबर बनी रहती है। दिल्ली ब्लास्ट के बाद अब एक और बड़ी चुनौती इस छोटे से पर्वतीय राज्य की आर्थिकी को बनाए रखने के साथ ही नए सिरे से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने की भी है।

> उत्तराखंड सरकार आंतरिक सुरक्षा के तहत कानून और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के ठोस और बेहतर प्रयास कर रही है, तो हमें भी इन प्रयासों में भरपूर सहयोग देना चाहिए।

अपने स्थापना की रजत जयंती मना रहे उत्तराखंड राज्य की भौगोलिक स्थिति की बात करें, तो उत्तराखंड अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से घिरा हुआ है। प्रदेश की सीमाएं जहां उत्तर में तिब्बत और पूर्व में नेपाल से लगी हैं, तो पश्चिम में हिमाचल प्रदेश और दक्षिण में उत्तर प्रदेश इसकी सीमा से लगे राज्य हैं। कुमाऊं मंडल में ऊधमसिंह नगर, चंपावत और पिथौरागढ़ जिले की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों में 24 घंटे सातों दिन कड़ी चौकसी रहती है। इन जिलों के सीमांत के इलाके नेपाल और चीन की सीमा से सटे हैं। इसके अलावा ऊधमसिंह नगर जिले की सीमा उत्तर प्रदेश से सटी है, तो गढ़वाल मंडल में देहरादून जिले की सीमा हिमाचल प्रदेश और सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के अलावा हरिद्वार जिले की सीमा उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले से सटी है। राज्य में साइबर फ्रॉड और ड्रग्स सिंडिकेट का जाल काफी फैल चुका है। पुलिस से लेकर उत्तराखंड एसटीएफ की स्पेशल टीमें रोजाना ही इस जाल को काटने में लगी रहती हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ के प्रयासों के मामले भी सामने आते रहते हैं और पैरामिलिट्री फोर्स द्वारा ऐसे मामलों में लगातार कड़ी चौकसी से ऐसे प्रयासों को बखूबी विफल किया जा रहा है।



अमित शर्मा
हल्द्वानी

सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इस राज्य में अब लोगों को नए चेहरे देखने की आदत पड़ चुकी है। पढ़ने में यह आपको अजीब लग सकता है, लेकिन हकीकत यही है। इसका कारण भी बड़ा दिलचस्प और उत्तराखंड की आर्थिकी से जुड़ा है। दरअसल, उत्तराखंड पर्यटन के साथ ही पवित्र तीर्थस्थलों का राज्य है। यहां मसूरी और नैनीताल की हसीन वादियां हैं, तो तन-मन को असीम शांति और ऊर्जा देने वाले देव स्थान हैं। देवभूमि उत्तराखंड के चार धाम (केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री) के साथ ही गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब, आदि कैलाश, धर्मनगरी हरिद्वार और योग नगरी ऋषिकेश पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं और साल भर करोड़ों श्रद्धालु यहां आते हैं। इनके अलावा 100 से ज्यादा ऐसे धार्मिक स्थल भी हैं, जिनकी अपनी विशिष्ट पहचान है। यहां साल भर सैलानियों और श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है और यही वजह है कि यहां के लोगों को रोजाना नए चेहरों को देखने की आदत पड़ चुकी है। देहरादून, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले में औद्योगिक एरिया हैं, जहां अधिकांश बाहरी लोग काम करते हैं। इसके अलावा, हर किसी का सपना पहाड़ पर अपना घर बनाने का होता है इसलिए इस राज्य में रियल एस्टेट का दायरा काफी फैला है। यहां यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि राज्य से समय-समय पर देश और समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। बदले माहौल में अब पुलिस, एसटीएफ और खुफिया एजेंसियों के लिए इन चेहरों में संदिग्ध चेहरे खंगालना भी बड़ी चुनौती है। यह भी राहत भरी बात है कि सरकार ने बहुत पहले से ही राज्य में सत्यापन अभियान शुरू किया है, जिसके सार्थक परिणाम सामने आए हैं। पिछले दिनों राजधानी देहरादून और हरिद्वार से बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी तक हो चुकी हैं। 'ऑपरेशन कालनेमि' में धर्म के नाम पर लूटने वाले ढोंगी बाबा बेनकाब हो रहे हैं।

निष्कर्ष यही है कि उत्तराखंड सरकार आंतरिक सुरक्षा के तहत कानून और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के ठोस और बेहतर प्रयास कर रही है, तो हमें भी इन प्रयासों में भरपूर सहयोग देना चाहिए। सरकार की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति की तरह ही राज्य और यहां के हर नागरिक की सुरक्षा उच्च प्राथमिकताओं में है। सरकार को इन प्रयासों को और बेहतर बनाते, बढ़ाते हुए सत्यापन अभियान और मजबूत करने, सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी, महत्वपूर्ण संस्थानों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने की जरूरत है। हर नागरिक की भावना 'राष्ट्र प्रथम' की होनी चाहिए और कर्तव्य यही कि किसी भी समाज व देश विरोधी को पनपने न दिया जाए।

# जीवन में बायपास ही असली संस्कृति

जिंदगी हो या अपना देश, यहां सीधे रास्ते से जाने की परंपरा कभी बनी ही नहीं। बायपास ही असली संस्कृति है। दिल की नसें जाम हो जाएं, तो डॉक्टर नया रास्ता काट देता है और लोग खुश होकर कहते हैं आदमी चकाचक हो गया।

सड़क पर ट्रैफिक लगे, तो सरकार बगल से नई सड़क निकाल देती है, असल जाम वहीं पड़ा रहता है, पर लोग सोचते हैं बड़ा विकास हो गया। हेलमेट पहनना नहीं है, तो पुलिस को देखकर तुरंत गली में मुड़ जाना, यही बायपास। पढ़ाई में मेहनत नहीं करना, पर परीक्षा के पहले पूछना कि आउट ऑफ सिलेबस तो नहीं आएगा, यह भी बायपास। नौकरी में योग्यता कम, लेकिन सिफारिश मजबूत हो, तो यह भी बायपास। बिजली के बिल से बचने के लिए मीटर को छोड़कर सीधे तार जोड़ लेना, यह तो राष्ट्रीय कला है। शादी में कुंडली नहीं मिल रही, तो पंडित जी से उपाय करा लो, यह भी बायपास। माफी मांगने की हिम्मत नहीं, तो स्टेटस डाल दो कि गलतियां इंसान से होती हैं, यह भी बायपास।



प्रवीण त्रिवेदी
शिक्षक

यहां हर चीज में पीछे के दरवाजे की तलाश होती है। समस्या का हल ढूंढने से ज्यादा उससे बचकर निकलने के रास्ते पर जोर होता है। मानो पूरी दुनिया का शोध ही इस बात पर हो कि जिम्मेदारी से कैसे बचे। यही कारण है कि यहां सबसे बड़ा ग्रंथ महाभारत नहीं, महा-बायपास लिखा जाना चाहिए।

हर नीति, हर गली, हर दफ्तर, हर रिश्ता, सबमें एक छुपा दरवाजा होता है ताकि किसी को असलियत से सामना न करना पड़े और फिर गर्व से कहा जाता है कि भारतीय जुगाड़ हैं। असल में यह जुगाड़ नहीं, ईमान और जिम्मेदारी का बायपास है। दिल में ब्लॉकेज हो जाए तो चिकित्सा काम कर जाती है, पर देश में जिम्मेदारी बायपास हो जाए, तो तंत्र धीरे-धीरे पक्षाघात में चला जाता है और हम बस इतना कहते हैं कि चलो कोई नया रास्ता ढूंढ लेते हैं।

# शुगर फ्री की तरह बी-टीम फ्री हुए औवेसी

बिहार में महागठबंधन (कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल) की करारी हार और भाजपा सहित संपूर्ण एनडीए की बंपर जीत को समझना मुश्किल नहीं है। भाजपा-जनता दल यूनाइटेड सत्तारूढ़ थी, इनकी डबल इंजन की सरकार थी, इनके पास दो-दो सरकारी खजाने हैं। महिलाओं के खाते में दस-दस हजार रुपए डालने का तीर चला, तो लालटेन बुझ गई और हाथ घायल हो गया। महागठबंधन के पास इसकी कोई काट नहीं थी। तेजस्वी यादव ने घर-घर सरकारी नौकरियों का वादा जरूर किया, पर दस हजार देने की हकीकत और नौकरी देने के वादे में अंतर है। मात्र दस हजार में नीतीश कुमार का दसवीं बार मुख्यमंत्री बनना तय हो गया। चुनावी रेवड़ियां पर एतराज किया जाता रहा है, पर ऐन चुनाव से पहले महिलाओं को दस हजार के प्रलोभन का आरोप महागठबंधन पर भारी पड़ सकता था, इसलिए इसकी काट में सरकारी नौकरी का प्रलोभन देना ही तेजस्वी ने मुनासिब समझा। ये तो सत्तारूढ़ एनडीए की कुशल रणनीति थी, जिसकी काट विपक्ष के पास नहीं थी, लेकिन राजद और कांग्रेस ने कुछ गलतियां ऐसी कर दीं, जिससे तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की मेहनत पर पानी फिर गया और ये जोड़ी सुपर फ्लॉप हो गई।





कहा जा रहा है कि बहुत पहले यूपी में दो लड़कों (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) की जोड़ी बुरी तरह हारी थी, इसके बाद बिहार में दो लड़कों (राहुल और तेजस्वी यादव) की जोड़ी को भी दो गुजरातियों (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह) ने सुपर फ्लाप साबित कर दिया। विपक्ष के धर्मनिरपेक्ष दलों की हार के बाद कुछ कॉमन जुमले विपक्षियों के बयानों और सोशल मीडिया पर तैरते हैं, जिसमें एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी पर भाजपा की बी-टीम की तोहमत भी शामिल है। बिहार में महागठबंधन की करारी हार और बीजेपी की बड़ी जीत के बाद पहला ऐसा मौका है, जब ओवैसी पर भाजपा की बी टीम की तोहमतें नहीं लग रही हैं और न उनके सिर पर हार का ठीकरा फोड़ा जा रहा है। बिहार में पांच सीटें जीतने के बाद औवेसी को शुगर-फ्री की तर्ज पर भाजपा बी-टीम फ्री करने के कारण हैं। अपने जन्म से ही बी-टीम का इल्जाम सह रहे एआईएमआईएम ने इस आरोप से मुक्ति पानी की सुनियोजित रणनीति तैयार की थी। बिहार चुनाव में दो शक्तिशाली गठबंधन अलग-अलग जातियों को हिस्सेदारी देने के लिए अपने-अपने गठबंधनों को स्वरूप दे रहे थे। औवेसी की पार्टी पिछले विधानसभा चुनाव में पांच सीटें जीती थी और इस बार उसने बड़ी शिद्दत से कोशिश की कि महागठबंधन में उसे एंट्री मिल जाए और पांच सीट जीत चुकी पार्टी ने केवल छह सीटें मांगी। तेजस्वी यादव को खत भेजकर औवेसी ने मात्र छह सीटों का प्रस्ताव रखा था। जवाब नहीं मिला, तो एआईएमआईएम ने उनके दरवाजे पर ढोल-ताशे बजाकर बी-टीम का आरोप लगाने वालों को संदेश देने के लिए कहा कि हम नहीं चाहते कि हमारी वजह से विपक्ष हारे और भाजपा जीते। हम वोट कटवा नहीं बनना चाहते। हम बी-टीम के झूठे आरोपों से बरी होना चाहते हैं।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार


महागठबंधन विभिन्न जातियों की हिस्सेदारी के हिसाब से उन्हें ज्यादा सीटें दे रहा हैं, जिनका वोट और जनाधार भी काफी कम है, पर हम पांच सीटें जीते थे और मुस्लिम बाहुल्य विधानसभा क्षेत्रों से केवल छह सीटें ही मांग रहे हैं। संदेशवाहक आग्रह करने के बाद भी तेजस्वी ने औवेसी को अछूत मानकर उनका आग्रह नहीं माना। सीट देना और महागठबंधन में प्रवेश देना, तो दूर तेजस्वी ने ओवैसी के बारे में सख्त शब्दों का प्रयोग किया। कांग्रेस ने भी ओवैसी की जायज मांग और दर्द को महसूस नहीं किया। अंततोगत्वा मुस्लिम समाज महागठबंधन से नाराज हुआ, ओवैसी का साथ दिया और कई सीटों पर मुस्लिम वोटों का बिखराव भी खूब हुआ। यही वजह है कि भाजपा की जीत और धर्मनिरपेक्ष दलों की हार पर पहली बार इस हार का जिम्मेदार ओवैसी को नहीं माना जा रहा है। बी-टीम के तंज नहीं कसे जा रहे हैं। एआईएमआईएम की पांच सीटों की जीत से न केवल मुस्लिम समाज के आंसू पुछ गए हैं, बल्कि मुसलमानों का एक वर्ग खुश हैं और बीजेपी वाले भी ओवैसी की जीत से नाखुश नहीं दिख रहे। शूगर फ्री मिठाई की तरह ओवैसी भाजपा की बी-टीम के ईल्जाम से फ्री दिख रहे हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



दशक भर बाद अमरेंद्र बाहुबली एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने लौट रहे हैं। 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और एस.एस. राजामौली अब अपनी इस एपिक कहानी को नए अंदाज में, एनिमेशन के जरिए आगे बढ़ाने वाले हैं। 2015 की फिल्म बाहुबली में अमरेंद्र की मौत ने दर्शकों को झकझोर दिया था, लेकिन राजामौली की इस दुनिया में उनकी कहानी खत्म नहीं हुई, बल्कि अब एक नया सफर शुरू हो रहा है।

*-फीचर डेस्क*



# एनिमेशन अवतार में होगी बाहुबली की वापसी

### थिएटर्स में मिला सरप्राइज, अब आया ट्रेलर

बाहुबली के 10 साल पूरे होने पर राजामौली ने अपनी दोनों फिल्मों को जोड़कर 31 अक्टूबर को 'बाहुबली: द एपिक' नाम से रिलीज किया था। यही फिल्म जब दोबारा थिएटर्स में लगी, तो दर्शकों को बड़ा सरप्राइज मिला। फिल्म की स्क्रीनिंग के साथ 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' का टीजर दिखाया गया। अब यह टीजर और ट्रेलर आधिकारिक तौर पर रिलीज हो चुके हैं और इंटरनेट पर खूब चर्चा बटोर रहे हैं।

### मौत के बाद देवलोक की यात्रा


इस नई कहानी की शुरुआत वहीं से होती है, जहां अमरेंद्र की जिंदगी खत्म हुई थी। ट्रेलर दिखाता है कि अमरेंद्र की आत्मा देवलोक पहुंचती है और यहीं से देवासुर संग्राम में उसकी भूमिका शुरू होती है। विषासुर और इंद्र के बीच छिड़े इस युद्ध में जब विषासुर कमजोर पड़ता दिखाई देता है, तब अमरेंद्र बाहुबली की एंट्री होती है- भगवान शिव के आशीर्वाद के साथ। रथ पर उनका आगमन और विशाल शिवलिंग के सामने उनकी नटराज मुद्रा, टीजर का हर फ्रेम एनिमेशन प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर देता है।

### गजब का एनिमेशन, इंटरनेशनल लेवल की क्वालिटी

'द इटरनल वॉर' की सबसे बड़ी ताकत इसका अनोखा एनिमेशन स्टाइल है। यह थ्री डी नहीं है, लेकिन इसकी विजुअल क्वॉलिटी की तुलना आर्केन और स्पाइडरमैन: इन्टू द स्पाइडरवर्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स से की जा रही है। इंडियन माइथोलॉजी का एहसास और उसका आधुनिक प्रेजेंटेशन दोनों मिलकर इसे और भी दिलचस्प बनाते हैं। बैकग्राउंड स्कोर इसे एक ग्रैंड एक्सपीरियंस में बदल देता है।

### रिलीज डेट और आगे की तैयारी

'बाहुबली: द इटरनल वॉर' दो पार्ट्स में बनेगी और इसका पहला पार्ट 2027 में रिलीज होगा। दर्शकों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा, लेकिन ट्रेलर यह वादा तो कर ही देता है कि बाहुबली की दुनिया पहले से कहीं ज्यादा भव्य रूप में वापसी कर रही है।



### इंटरनेशनल कोलेबोरेशन और टैलेंटेड डायरेक्टर

राजमौली इस प्रोजेक्ट के प्रेजेंटर हैं और उन्होंने बताया है कि इसे बनाने के लिए कई प्रसिद्ध इंटरनेशनल स्टूडियोज के साथ हाथ मिलाया गया है। फिल्म के डायरेक्टर ईशान शुक्ला पहले ही इंटरनेशनल एनीमेशन कम्युनिटी में अपनी पहचान बना चुके हैं। उनकी डेब्यू शॉर्ट फिल्म अवॉर्ड विनिंग थी और वे स्टार वॉर्स: विजंस का एक एपिसोड भी डायरेक्ट कर चुके हैं। ट्रेलर देखकर साफ लगता है कि वे भारतीय दर्शकों के लिए एक रूटेड, विजुअली शानदार एनिमेशन दुनिया लेकर आ रहे हैं।

## इमोशंस और प्यार तलाशता है टिल का सिनेमा

जर्मन सिनेमा के सबसे प्रमुख और लोकप्रिय चेहरों में से एक टिल श्वाइगर (Til Schweiger) एक अभिनेता, निर्देशक, पटकथा, लेखक और निर्माता के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। 19 दिसंबर, 1963 को फ्रीबर्ग में जन्मे, श्वाइगर ने दशकों तक फैले अपने करियर में न केवल जर्मनी में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ा है।



श्वाइगर के करियर की शुरुआत 1990 के दशक में हुई, लेकिन 1997 की फिल्म "नॉकिन' ऑन हेवन'स डोर" ने उन्हें बड़ी सफलता दिलाई। इस फिल्म ने, जिसे उन्होंने सह-लिखा और सह-निर्मित किया, उन्हें व्यापक पहचान दिलाई और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में पुरस्कार जीते। यह उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसने उन्हें सिर्फ एक अभिनेता से कहीं अधिक स्थापित किया। उनकी अभिनय शैली अक्सर एक निश्चित आकर्षण और कठोरता का मिश्रण होती है, जो उन्हें एक्शन भूमिकाओं से लेकर रोमांटिक कॉमेडी तक में विश्वसनीय बनाती है। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है, जिसमें "यू-571", "लारा क्रॉफ्ट: टॉम्ब रेडर- द क्रेडल ऑफ लाइफ" और विशेष रूप से क्वेंटिन टारेंटिनो की "इंग्लोरियस बास्टड्‌र्स" शामिल है, जिसमें 'द बेयर यहूदी' की उनकी भूमिका को खूब सराहा गया। हालांकि जर्मनी में उनकी सबसे बड़ी लोकप्रियता उनकी निर्देशित फिल्मों से आती है। "हेड-ऑन" जैसी समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों के बाद, उन्होंने रोमांटिक कॉमेडी की ओर रुख किया और "फोर लव्ड वन्स", "रैबिट विदाउट ईयर्स" और इसकी अगली कड़ी जैसी जबरदस्त हिट फिल्में दीं। ये फिल्में अक्सर उनके व्यक्तिगत जीवन से प्रेरित होती थीं और इनमें उनके अपने बच्चे भी अभिनय करते थे। इन फिल्मों ने उन्हें जर्मनी के सबसे सफल निर्देशकों में से एक बना दिया, जिनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ती थीं।

श्वाइगर का सिनेमा अक्सर मानवीय भावनाओं, पारिवारिक बंधनों और प्यार की खोज पर केंद्रित होता है। उनकी फिल्मों की अक्सर आलोचना की जाती है कि वे बहुत अधिक "मुख्यधारा" या भावुक होती हैं, लेकिन उनकी व्यावसायिक सफलता उनकी लोकप्रियता को दर्शाती है।

## ऊपर आका, नीचे काका

**जिंदगी का सफर**


एक बार सलमान खान ने कहा था कि राजेश खन्ना जैसा स्टारडम कभी किसी का नहीं रहा। यकीनन राजेश खन्ना अपने जीवन में ही मिथ बन गए थे। भारतीय सिनेमा के इतिहास में अगर किसी अभिनेता को 'सुपरस्टार' की उपाधि सबसे पहले मिली, तो वह निस्संदेह राजेश खन्ना ही थे। उनका असली नाम जतिन खन्ना था। उनका जन्म 29 दिसंबर 1942 को अमृतसर, पंजाब में हुआ। उन्हें उनके रिश्तेदार चुन्नीलाल खन्ना और लीलावती खन्ना ने गोद लिया और उनका बचपन मुंबई में बीता। मुंबई के गिरगांव में पले-बढ़े जतिन ने सेंट सेबेस्टियन स्कूल में पढ़ाई की, जहां जीतेंद्र उनके सहपाठी थे।



अभिनय के जुनून ने राजेश खन्ना को 1965 के ऑल इंडिया टैलेंट कॉन्टेस्ट में जीत दिलाई, जिसने उनके लिए बॉलीवुड के दरवाजे खोल दिए। उन्होंने 1966 में फिल्म 'आखिरी खत' से अपने करियर की शुरुआत की। हालांकि उन्हें 1969 की फिल्म 'आराधना' से मिली जबरदस्त सफलता ने रातों-रात स्टार बना दिया। इस फिल्म में शर्मिला टैगोर के साथ उनकी जोड़ी और एसडी बर्मन का संगीत, विशेष रूप से 'मेरे सपनों की रानी' गीत, चार्टबस्टर बन गए। आराधना की सफलता ने एक ऐसे दौर की शुरुआत की, जिसे 'राजेश खन्ना युग' कहा जाता है। 1969 से 1972 के बीच उन्होंने लगातार 15 सोलो सुपरहिट फिल्में देने का एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड बनाया, जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया। इस सुनहरे दौर ने उन्हें 'काका' का लोकप्रिय नाम दिया। उनकी अभूतपूर्व सफलता की वजह से उन दिनों एक मुहावरा चल निकला था, 'ऊपर आका, नीचे काका'। उनकी लोकप्रियता पागलपन की हद तक थी। महिला प्रशंसक उन्हें खून से खत लिखती थीं, उनकी कार को लिपस्टिक से चूमकर लाल कर देती थीं।

राजेश खन्ना अपनी सहज अभिनय शैली और संवाद अदायगी के लिए जाने जाते थे। उन्होंने विभिन्न शैलियों की फिल्मों में काम किया। उनकी कुछ सबसे यादगार फिल्मों में 'आनंद' (जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला), 'कटी पतंग', 'अमर प्रेम', 'सफर', 'बावर्ची', 'खामोशी', 'सौतन' और 'नमक हराम' शामिल हैं। उनकी फिल्मों का संगीत हमेशा हिट रहा, जिसमें किशोर कुमार की आवाज ने चार चांद लगा दिए।

1973 में राजेश खन्ना ने अपने से बहुत छोटी नवोदित अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया से शादी कर ली। उनकी दो बेटियां हुईं, ट्विंकल खन्ना और रिंकी खन्ना। हालांकि 1982 में उनके रिश्ते में दरार आ गई और वे अलग रहने लगे। अभिनय के अलावा, राजेश खन्ना ने राजनीति में भी हाथ आजमाया। वह कांग्रेस पार्टी के सदस्य बने और 1991 से 1996 तक नई दिल्ली से लोकसभा सांसद के रूप में कार्य किया। अपने जीवन के अंतिम वर्षों में राजेश खन्ना कैंसर से जूझ रहे थे। 18 जुलाई 2012 को 69 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। भले ही बाद में अमिताभ बच्चन और अन्य सितारों ने लोकप्रियता के नए कीर्तिमान स्थापित किए, लेकिन राजेश खन्ना का 'पहला सुपरस्टार' का दर्जा हमेशा अमर रहेगा। 2013 में उन्हें मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। भारतीय सिनेमा में उनका योगदान और उनका स्टारडम हमेशा याद किया जाएगा।



## मॉडल आफ द वीक



नाम: श्रेया मेहरोत्रा

टाउन: कानपुर

एजूकेशन: स्नातक (एनआईएफटी)

अचीवमेंट: मिस इंडिया 2020 एंड एआई डॉयेक्टर - गूगल पार्टनर

ड्रीम: बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और अमेरिकी सिंगर कैटी पैरी के साथ काम करना।

### आंध्र को 5.2 लाख करोड़ के निवेश का मिला भरोसा

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के ऊर्जा मंत्री जी रवि कुमार ने कहा कि राज्य को दो दिनों में ऊर्जा क्षेत्र में 5 .2 लाख करोड़ के निवेश का भरोसा मिला। इससे 2 .6 लाख से अधिक रोजगार के अवसर तैयार होने की उम्मीद है। ये आश्वासन 13 और 14 नवंबर को 30वें सीआईआई साझेदारी शिखर सम्मेलन के दौरान मिले। इनमें नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, पंप भंडारण, जैव ईंधन, विनिर्माण और हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### सीएचआरओ में रिलायंस की एचआर बिंद्रा शामिल

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख इरा बिंद्रा को दुनिया की शीर्ष सीएचआरओ में शामिल किया गया है। रिलायंस इस सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है। कार्यकारी खोज और नेतृत्व सलाहकार क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एन2ग्रोथ ने 2025 लीडर्स40 शीर्ष मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) पुरस्कार की घोषणा की। इस साल की सूची में दुनिया की कुछ सबसे बड़ी और प्रभावशाली कंपनियों के प्रमुख सीएचआरओ शामिल हैं। इनमें लिसा बकिंघम (वायल्टो पार्टनर्स), मैथ्यू ब्रेटफेल्डर (अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट), रॉबिन लियोपोल्ड (जेपी मॉर्गनचेज), क्रिस्टी पाम्बियांची (कैटरपिलर इंक.), त्रिशा कॉनली (ल्योंडेलबेसेल), मारल कजानजियान (मूडीज) और डोना मॉरिस (वॉलमार्ट) प्रमुख नाम हैं।

### आईआरबी को मिली उप्र की टीओटी परियोजना

**नई दिल्ली।** आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट को उत्तर प्रदेश में एनएचएआई से 9,270 करोड़ की अग्रिम लागत पर एक टोल परिचालन एवं हस्तांतरण (टीओटी) परियोजना मिली है। यह परियोजना पहले घोषित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परिसंपत्ति मौद्रिकरण कार्यक्रम का हिस्सा है। परियोजना के प्रबंधक आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स ने बताया कि आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट को एनएच-27 पर लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर गलियारे और एनएच-731 पर लखनऊ-वाराणसी गलियारे के लिए 20 साल की आय पर आधारित अवधि वाला अनुबंध-पत्र एनएचएआई से मिला है।

### हिंदुस्तान जिंक को मिला खनन का लाइसेंस

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) को आंध्र प्रदेश सरकार से टंगस्टन ब्लॉक की खोज और खनन का लाइसेंस मिल गया है। यह वेदांता समूह की कंपनी के लिए महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि एचजेडएल जिंक, सीसा और चांदी के कारोबार से आगे बढ़कर उच्च मूल्य वाले और उन्नत विनिर्माण में महत्वपूर्ण खनिजों में विस्तार की दिशा में काम कर रही है। हिंदुस्तान जिंक को सरकार से लाइसेंस प्राप्त होने के बाद टंगस्टन और संबद्ध खनिज ब्लॉक को बोलीदाता के रूप में घोषित किया गया है।

# कनाडा से फिर वार्ता के सभी विकल्प खुले : पीयूष

## केंद्रीय उद्योग मंत्री ने की कनाडा के आर्थिक विकास मंत्री सिद्धू के साथ दो दौर की चर्चा

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**



● दोनों देश द्विपक्षीय सहयोग तथा रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर कर रहे विचार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कनाडा के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता फिर से शुरू करने के संबंध में सभी संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि उन्होंने कनाडा के निर्यात संवर्धन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक विकास मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ दो दौर की चर्चा की है और दोनों ही द्विपक्षीय सहयोग तथा रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं।

गोयल ने कहा हि सभी संभावनाएं खुली हैं। हमने अब तक दो दौर की चर्चा की है। हम दिल्ली में एक उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए मिले थे। हमने द्विपक्षीय सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की। कनाडा के मंत्री सिद्धू विशाखापत्तनम में आयोजित 30वें भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) साझेदारी शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए थे।

गोयल ने कहा कि भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) सुधारों को आगे बढ़ाने में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने को तैयार है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन सुधारों का स्वरूप विकासशील और अल्पविकसित देशों के परामर्श से तैयार होना चाहिए। यह सुनिश्चित होना चाहिए कि पूरी कवायद कुछ उन्नत देशों के एजेंडे के बजाय वैश्विक कल्याण के लिए हों। गोयल ने कहा कि दुनिया भारत की ताकत और नेतृत्व को पहचानती है और देश एक जिम्मेदार वैश्विक राष्ट्र है तथा यह ग्लोबल साउथ की आवाज बना रहेगा। उन्होंने कहा कि हम (विश्व व्यापार संगठन में) सुधारों का नेतृत्व करना चाहेंगे। लेकिन ये सुधार अन्य विकासशील और कम विकसित देशों के परामर्श से किए जाएंगे, ताकि हम वास्तव केवल कुछ विकसित देशों के एजेंडे के लिए काम ना करके विश्व के कल्याण के लिए काम कर सकें।

### वेनेजुएला महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग, निवेश को उत्सुक

**विशाखापत्तनम।** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला ने दुर्लभ खनिज क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग स्थापित करने और इस क्षेत्र में भारत से निवेश आकर्षित करने की इच्छा प्रकट की है। भारत ने वेनेजुएला से भारतीय औषधियों के लिए बाजार व्यवस्था को आसान बनाने का सुझाव दिया है और वाहन क्षेत्र में भी द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं का लाभ उठाने पर बल दिया है। वेनेजुएला के खनन विकास मंत्री हेक्टर सिल्वा ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ मुलाकात में द्विपक्षीय आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों पर बातचीत की। सिल्वा यहां चल रहे दो दिवसीय 30वें सीआईआई साझेदारी शिखर सम्मेलन के सिलसिले में आये हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार दोनों मंत्रियों की बैठक के दौरान, वेनेजुएला से आए प्रतिनिधिमंडल ने खनिज तेल क्षेत्र के अलावा भारत के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने में रुचि व्यक्त की, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों में के क्षेत्र में सहयोग और भारतीय निवेश आकर्षित करना शामिल है। विज्ञप्ति के मुताबिक गोयल ने द्विपक्षीय संयुक्त समिति की बैठकें फिर शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया। पिछले एक दशक से इसकी बैठक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला में ओएनजीसी के खनन और अन्वेषण कार्य से दोनों पक्षों के बीच सहयोग की मजबूत संभावनाएं उत्पन्न हो सकती हैं। गोयल ने वेनेजुएला को भारत से औषधियों का आयात सुगम बनाने के लिए भारतीय फार्माकोपिया को स्वीकार करने पर विचार करने का सुझाव दिया। उन्होंने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के अवसरों का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि भारत वेनेजुएला में निवेश की संभावनाओं की तलाश कर रहे व्यवसायों के साथ जुड़ेगा। लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला खनिज तेल एवं प्राकृतिक गैस का एक प्रमुख उत्पादक एवं निर्यातक देश है। भारत वहां से मुख्यत: खनिज तेल-गैस का आयात करता है। भारत से वहां के लिए किए जाने वाले निर्यात में दवाएं, रसायन, वस्त्र, मशीनरी, इंजीनियरिंग सामान का बड़ा योगदान है।

# अमेरिकी शुल्क के बाद जेम्स और आभूषणों का निर्यात 31% घटा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



● जीजेईपीसी के अनुसार वैश्विक अस्थिरता गिरावट के कारक

अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50% आयात शुल्क लगाने के बाद अक्टूबर में भारत से जेम्स और आभूषणों के निर्यात में 31% की भारी गिरावट देखी गयी। जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) के अनुसार, अक्टूबर 2025 में देश का जेम्स और आभूषण निर्यात 216.81 करोड़ डॉलर (19,172.89 करोड़ रुपये) रहा, जो गत वर्ष 312.25 करोड़ डॉलर के मुकाबले 30.57% कम है। आयात 19.2% घटकर 127.68 करोड़ डालर रहा।

जीजेईपीसी ने बताया कि अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे प्रमुख बाजारों में सुस्त आर्थिक वृद्धि, उच्च ब्याज दर, सतर्क उपभोक्ता खर्च और वैश्विक अस्थिरता के कारण यह गिरावट आई है। सोने और हीरे की कीमतों में उतार-चढ़ाव, सीमित वित्तपोषण और प्रयोगशालाओं में बने हीरों के कारोबार में समायोजन भी निर्यात-आयात को प्रभावित कर रहे हैं।

काउंसिल के अनुसार, कट और पॉलिश हीरे का निर्यात अक्टूबर में 27% घटकर 102.60 करोड़ डॉलर रह गया। आयात में भी 35.76% की गिरावट रही और यह 13.30 करोड़ डॉलर रहा। रफ डायमंड्स का आयात 6.57% घटकर 645.16 करोड़ डॉलर हो गया।

# एशिया प्रशांत क्षेत्र को 20 वर्षों में 19,560 नए विमानों की होगी जरूरत : एयरबस



● भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में शामिल

**बैंकॉक, एजेंसी**

विमान विनिर्माता कंपनी एयरबस ने शनिवार को कहा कि 20 वर्षों में एशिया प्रशांत क्षेत्र को 19,560 नए विमानों की जरूरत होगी, जो मुख्य रूप से भारत और चीन की मांग से प्रेरित है। एयरबस ने कहा कि यह मांग 20 वर्षों में 42,520 नए विमानों की वैश्विक आवश्यकता का 46% है।

एयरबस एशिया प्रशांत के अध्यक्ष आनंद स्टेनली ने कहा कि इस वृद्धि का बड़ा हिस्सा भारत और चीन से आएगा। विमान यात्रियों की बढ़ती संख्या के साथ एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 4.4% की वार्षिक यात्री वृद्धि की उम्मीद है, जो वैश्विक औसत 3.6% से अधिक होगा। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में शामिल है, और मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइनों ने बेड़े का विस्तार करते हुए काफी बड़े ऑर्डर दिए हैं।

बैंकॉक में एसोसिएशन ऑफ एशिया-पैसिफिक एयरलाइंस (एएपीए) के अध्यक्षों की वार्षिक सभा के दौरान एयरबस ने कहा कि 20 वर्षों में इस क्षेत्र में 3,500 बड़े आकार के विमानों की जरूरत होगी। यह बड़े आकार के विमान श्रेणियों में वैश्विक मांग का 43 प्रतिशत है।

### इंडिगो नवी मुंबई हवाई अड्डे से शुरू करेगी उड़ानें

**मुंबई।** इंडिगो ने शनिवार को कहा कि वह 25 दिसंबर से नवनिर्मित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान संचालन शुरू करेगी। घरेलू हवाई सेवाओं के जरिये 10 शहरों को जोड़ा जाएगा। इंडिगो ने यह भी कहा कि वह मुंबई महानगर क्षेत्र के दूसरे हवाई अड्डे से अपने परिचालन का विस्तार करने की योजना बना रही है। इसमें समय के साथ और अधिक गंतव्यों को जोड़ा जाएगा। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएमआईए) 1,160 हेक्टेयर में फैला है और इसके पहले चरण में एक टर्मिनल और एक रनवे होगा। इसकी वार्षिक यात्री क्षमता दो करोड़ होगी। हवाई अड्डे का पहला चरण 19,650 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

# चावल, गेहूं, चीनी व दालें सस्ती, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत घट गयी। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालें भी सस्ती हुईं। वहीं, खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। चावल की औसत कीमत 37 रुपये घटकर 3,818.29 रुपये प्रति क्विंटल पर रह गयी। गेहूं भी 14 रुपये गिरकर 2,857.13 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में दो रुपये की नरमी रही और यह 3,312.86 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में आज घट-बढ़ देखी गयी। मूंगफली तेल की औसत कीमत 212 रुपये और वनस्पति की 74 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। वहीं, सरसों तेल 34 रुपये और सोया तेल 38 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त में रहा। पाम ऑयल की

# कर्ज के भुगतान का दबाव होगा कम

## आरबीआई के नये उपायों का निर्यातकों ने किया स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



निर्यात संघों के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने वैश्विक बाजार के बदलावों से प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातकों पर कर्ज और उधार के भुगतान का दबाव कम करने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कदमों को बड़ी राहत बताते हुए इसका स्वागत किया है।

केंद्रीय बैंक ने निर्यात आय देश में लाने के लिए तय अधिकतम समय को नौ महीने से बढ़ाकर पंद्रह महीने कर दिया है। साथ ही उसने निर्यात के लिए अग्रिम भुगतान प्राप्त होने पर माल को भेजने की अवधि एक वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष कर दी है। फियो के एक बयान में कहा गया है कि इससे इस समय वैश्वक बाजार की कठिनाइयों से प्रभावित क्षेत्रों के निर्यातकों पर ऋण चुकाने का दबाव हल्का होगा और वे रोजमर्रा के काम काज की ऋण सुविधाओं से धन निकासी को नये ढंग से पुनर्व्यवस्थित करने का मौका मिलेगा।

केंद्रीय बैंक ने बाजार की बाहरी परिस्थितियों से प्रभावित कुछ निर्यात क्षेत्रों को द्वारा लिए गये ऐसे कुछ मियादी कर्ज के भुगतान और कामकाजी पूंजी के लिए लिए गये कर्जों पर ब्याज की वसूली को रोक दिया है अथवा टाल दिया है जिनका भुगतान इस साल एक सितंबर से 31 दिसंबर के बीच किया जाना था।

### कारोबारियों को मिलेगी राहत

फियो के अध्यक्ष ए सी रल्हन ने कहा कि आरबीआई के इन फैसलों से निर्यात कारोबार को बड़ी राहत मिलेगी। इससे निर्यातक अपने विदेशी खरीदारों को उधार चुकाने के लिए और ज्यादा समय देने का प्रस्ताव कर सकते हैं।व्यापार संबंधी अनुपालन बेहतर होगा। फियो अध्यक्ष ने कहा कि इस ढील से ये नियम कई अन्य अर्थव्यवस्थाओं के समान हो कसते हैं। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित होंगे।

## राष्ट्रीय

# जीते हुए 243 विधायकों में से 130 पर आपराधिक मामले, 90% करोड़पति

## एडीआर और बिहार इलेक्शन वॉच के विश्लेषण अनुसार मात्र 12% महिलाएं चुनाव जीतीं

**पटना, एजेंसी**

बिहार विधानसभा चुनाव में जीते 243 विधायकों में से 53% यानी 130 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच के विश्लेषण में यह जानकारी सामने आई। इन दोनों सस्थानों ने चुनाव के 243 विजेता उम्मीदवारों के शपथ-पत्रों का विश्लेषण किया है।





एडीआर के अनुसार, 2020 के चुनाव में 241 में से 163 यानी 68% विधायकों ने आपराधिक मामले घोषित किए थे। इस बार 102 (42%) विधायकों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि 2020 में यह संख्या 123 (51%) थी। छह के खिलाफ हत्या से संबंधित मामले हैं, जबकि 19 पर हत्या के प्रयास के मामले हैं। महिलाओं पर अत्याचार के नौ मामले भी विजेताओं ने हलफनामों में घोषित किए हैं। एडीआर के अनुसार भाजपा के 89 विजेताओं में 43 (48%), जदयू के 85 में 23 (27%), राजद के 25 में 14 (56%), लोजपा (रामविलास) के 19 में 10 (53%), कांग्रेस के छह में तीन (50%), ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पांच में चार (80%), राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के चार में एक (25%), भाकपा (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के दो में एक (50%), माकपा के एकमात्र विजेता, इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी के एक विजेता और बसपा के एक विजेता ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार 90% विधायक करोड़पति हैं और उनकी औसत घोषित संपत्ति 9.02 करोड़ रुपये है। शिक्षा के स्तर पर 35% विजेताओं ने अपनी योग्यता पांचवीं से बारहवीं तक बताई, जबकि 60% स्नातक या इससे अधिक शिक्षित हैं। पांच विजेताओं ने डिप्लोमा और सात ने स्वयं को साक्षर बताया है। आयु वर्ग के अनुसार 25 से 40 वर्ष के 38 विजेता (16%), 41 से 60 के 143 विजेता (59%), 61 से 80 के 62 विजेता (26%) हैं। राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा में इस बार केवल 29 (12%) महिला उम्मीदवार विजयी हुई हैं, जबकि पिछले विधानसभा में यह संख्या 11 प्रतिशत थी।

### कई सीट पर जीत-हार का अंतर 500 से कम, संदेश में 27 वोट का अंतर

**पटना।** बिहार चुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं और तस्वीर साफ है, लेकिन कई सीट पर मुकाबला इतना करीबी रहा कि जीत–हार का अंतर 500 वोट से भी कम है। कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में यह अंतर 100 वोट से भी कम है। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिला है। निर्वाचन आयोग के अनुसार राज्य की अगिआंव, बलरामपुर, ढाका, फारबिसगंज, नबीनगर, रामगढ़ और संदेश सीट पर जीत–हार का अंतर 500 से कम रहा। बलरामपुर में 389, ढाका में 178, फारबिसगंज में 221, नबीनगर में 112 और रामगढ़ में 175 वोट का अंतर रहा। दो सीट—अगिआंव और संदेश के लिए जीत–हार का अंतर 100 वोट से भी कम रहा। अगिआंव में 95 वोट और संदेश में 27 वोट से फैसला हुआ। संदेश सीट राज्य में सबसे कम अंतर से जीती जाने वाली सीट है। बख्तियारपुर, बोध गया, चनपटिया और जहानाबाद उन विस क्षेत्रों में शामिल हैं जहां



जीत–हार का अंतर 1000 से 500 के बीच रहा। बख्तियारपुर में 981, बोध गया में 881, चनपटिया में 602 और जहानाबाद में 793 वोट के अंतर से जीत दर्ज की गई। चुनाव के दौरान महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक दर्ज किया गया।

### निलंबन के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने भाजपा से दिया इस्तीफा

भाजपा से निलंबित पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद राजकुमार सिंह ने शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सिंह ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेजे पत्र को सार्वजनिक करते हुए पार्टी नेतृत्व पर कई गंभीर आरोप लगाए। भाजपा की ओर से शनिवार को निलंबन किए जाने के कुछ घंटों बाद सिंह ने इस्तीफा दिया है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें निलंबन नोटिस की जानकारी केवल अग्रसारित संदेशों से मिली। उन्होंने कहा कि नोटिस में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि उनकी कौन–सी गतिविधि पार्टी विरोधी मानी गई। उनके अनुसार बिना किसी आरोप का उल्लेख किए जवाब मांगना न्यायोचित नहीं है। पूर्व मंत्री ने संकेत दिया कि संभवत: भाजपा को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को टिकट न देने की उनकी टिप्पणी को ही विवाद का आधार बनाया गया। उनका यह रुख पार्टी विरोधी नहीं, बल्कि राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण और भ्रष्टाचार के खिलाफ था। सिंह के मुताबिक यह टिप्पणी राष्ट्रहित और जनहित में थी, लेकिन पार्टी के कुछ लोग इससे असहज हो गए।



● राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखे पत्र में लगाए कई आरोप

### कांग्रेस ने नतीजों को अविश्वसनीय बताया, ईसी पर सवाल खड़े किए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने बिहार चुनाव में पार्टी और महागठबंधन की करारी हार के बाद शनिवार को लंबी मंत्रणा की तथा निर्वाचन आयोग (ईसी) की भूमिका को लेकर फिर सवाल खड़े किए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनाव परिणाम आने की एक दिन बाद इसको लेकर मंथन किया और इस दौरान कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन और पार्टी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू भी मौजूद थे।

### महिलाओं के खातों में नगद भेजना राजग की जीत का बना कारण

**पटना।** चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज बिहार में अपनी हार पर शनिवार को निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं के खातों में नगद भेजना राजग की जीत का मुख्य कारण बना। प्रशांत किशोर की पार्टी चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत सकी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा, हम चुनाव परिणाम से निराश हैं, लेकिन दुखी नहीं। हम एक भी सीट नहीं जीत सके, लेकिन हम सत्तारूढ़ राजग का विरोध जारी रखेंगे। पार्टी बिहार में मुस्लिमों को पक्ष में करने में सफल नहीं हो सकी।

# लालू की बेटी रोहिणी ने की राजनीति व परिवार से नाता तोड़ने की घोषणा

**पटना।** बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को मिली हार के एक दिन बाद पार्टी अध्यक्ष लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने और परिवार से नाता तोड़ने की शनिवार को घोषणा की। एमबीबीएस कर चुकीं रोहिणी लंबे समय से सिंगापुर में अपने पति के साथ रह रही हैं। इसकी घोषणा एक्स पर पोस्ट करके की है।

उन्होंने कहा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से नाता तोड़ रही हूं... संजय यादव और रमीज ने मुझसे यही करने को कहा था... और मैं पूरा दोष अपने ऊपर ले रही हूं। संजय यादव, राजद के राज्यसभा सदस्य हैं और तेजस्वी यादव के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में से एक माने जाते हैं। रमीज को तेजस्वी का पुराना मित्र बताया जाता है, जो उत्तर प्रदेश के राजनीतिक परिवार से संबंधित हैं। रोहिणी की पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं हो सका कि संजय यादव और रमीज ने उनसे किस बारे में ऐसा कहा था। लालू को गुर्दा देने से चर्चा में आई रोहिणी ने सारण लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

# विस्फोट से हिल गया था लाल किला मेट्रो स्टेशन, सीसीटीवी फुटेज में आया नजर

दिल्ली कार विस्फोट



**नई दिल्ली, एजेंसी**

लाल किला मेट्रो स्टेशन के अंदर से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज में पता चला है कि कार विस्फोट के समय स्टेशन बुरी तरह हिल गया था। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि स्टेशन के अंदर लगे निगरानी कैमरों की फुटेज में यात्री सामान्य रूप से आते-जाते नजर आ रहे हैं, तभी ठीक उसी समय अचानक तीव्र कंपन ने परिसर को हिला दिया जब पास के यातायात सिग्नल पर कार में विस्फोट हुआ था।

वीडियो में नजर आ रहा है कि कंपन से स्टेशन के अंदर की चीजें हिलने लगीं एवं लोगों को झटके लगे। फुटेज में विस्फोट का असर स्पष्ट होते ही कुछ यात्री स्टेशन के अंदर की ओर भागते दिखाई दे रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ता विस्फोट की तीव्रता और लाल किले के आसपास की संरचनाओं पर तत्काल प्रभाव को बेहतर ढंग से समझने के लिए फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं। घटना के दिन से ही मेट्रो स्टेशन बंद है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम दैनिक आधार पर अद्यतन जानकारी जारी कर रहा है। उसने गुरुवार को घोषणा की कि सुरक्षा समीक्षा और जांच से स्टेशन बंद रहेगा। सुरक्षा एजेंसी विस्फोट स्थल और मेट्रो स्टेशन से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर रही हैं।

### चार दिन बाद खोले गए मेट्रो स्टेशन के दो प्रवेश द्वार

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने लाल किला मेट्रो स्टेशन के दो प्रवेश द्वार शनिवार को फिर से खोल दिए। लाल किले के पास हुए विस्फोट से चार दिन पहले यह द्वार बंद कर दिए गए थे। डीएमआरसी ने 'एक्स' पर कहा, लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-2 और 3 अब यात्रियों के लिए खुल गए हैं, जिससे आंशिक रूप से प्रवेश बहाल हो गया है। इन्हें घटना के बाद सुरक्षा उपायों के तहत बंद कर दिया गया था। लाल किले के पास सोमवार शाम हुए विस्फोट के बाद आसपास के इलाके को तुरंत बंद कर दिया गया था और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच के दौरान कई दिनों तक आवाजाही पर प्रतिबंध लागू रहे।

### पूछताछ के लिए पंजाब के पठानकोट से चिकित्सक को पुलिस ने हिरासत में लिया

**चंडीगढ़।** दिल्ली विस्फोट के सिलसिले में पूछताछ के लिए पंजाब के पठानकोट से एक चिकित्सक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। 45 वर्षीय चिकित्सक पठानकोट के निजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दो साल से कार्यरत था। वह पहले हरियाणा के फरीदाबाद जिले में स्थित अल फलाह विवि में काम कर चुका है, जिससे सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के प्रमुख संदिग्ध भी जुड़े थे। एजेंसियों ने 10 नवंबर को जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर 2,900 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया था और तीन चिकित्सकों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद ही दिल्ली में विस्फोट हुआ था।

# एक ही परिवार के 5 लोगों की जिंदा जलने से मौत

**मुजफ्फरपुर (बिहार)।** मुजफ्फरपुर जिले में एक मकान में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई और पांच झुलस गए। मृतकों में ललन शाह, उनकी मां, पत्नी और दो बच्चे हैं। पांच घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने शनिवार को बताया कि यह घटना मोतीपुर इलाके के वार्ड संख्या 13 में मध्यरात्रि के आसपास हुई। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी जिसने इमारत की तीसरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के वक्त लोग सो रहे थे। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और पांच गंभीर रूप से झुलस गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरुआत में स्थानीय लोग आग की लपटें उठते देखकर और तेज चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने अग्निशमन नियंत्रण कक्ष और स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी।

# मेडिकल कॉलेज में पीजी सीट रिक्त नहीं रखने पर होगी शीर्ष सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को ऐसी व्यवस्था बनाने का निर्देश देने का अनुरोध है जिससे भारत के मेडिकल कॉलेज में प्री-क्लिनिकल और पैरा-क्लिनिकल शाखाओं में कोई भी स्नातकोत्तर सीट खाली न रहे।

याचिका में आयोग को ये निर्देश देने का भी अनुरोध है कि वह यह आंकड़ा प्रस्तुत करे कि पांच साल में स्नातकोत्तर प्री-क्लिनिकल और पैरा-क्लिनिकल शाखाओं में कितनी सीट रिक्त रहीं। इस याचिका पर प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और एनवी अंजारिया की पीठ सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने इस साल जनवरी में एक अन्य याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि मेडिकल पाठ्यक्रमों में सीट खाली नहीं रखी जा सकतीं। इसने केंद्र से इस मुद्दे पर राज्यों सहित संबंधित हितधारकों के साथ बैठक करने को कहा था। शीर्ष अदालत ने 2023 में मेडिकल पाठ्यक्रमों में सुपर स्पेशलिटी सीट रिक्त रहने के मुद्दे का संज्ञान लिया था। केंद्र ने स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में राज्यों और निजी मेडिकल कॉलेज सहित सभी हितधारकों की समिति बनाने का प्रस्ताव रखा था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### उड़िया गायक ह्यूमेन सागर अस्पताल में भर्ती

**भुवनेश्वर।** लोकप्रिय उड़िया गायक ह्यूमेन सागर को लिवर काम न करने के कारण एम्स, भुवनेश्वर में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर है। यह जानकारी चिकित्सा संस्थान द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। 36 वर्षीय गायक शुक्रवार को अस्पताल आए थे और जांच में पाया गया कि उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया और लिवर न काम करने के बाद, निमोनिया समेत अन्य समस्याएं पाई गईं। वह वर्तमान में गंभीर रूप से बीमार हैं और वेंटिलेटर पर हैं। बीजू दल दल (बीजेडी) के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सागर के अस्पताल में भर्ती होने पर चिंता व्यक्त की।

### रूस में सड़क हादसे में 7 की मौत, 15 घायल

**मास्को।** रूस के पर्म क्षेत्र में एक छोटी यात्री बस और ट्रक में टक्कर होने से सात लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। रूस की तास न्यूज एजेंसी ने ने शुक्रवार को क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। दुर्घटना आर-243 कोस्त्रोमा-शार्या-किरोव-पर्म सड़क के 55 किलोमीटर दूर पर हुई। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि मिनी बस विपरित दिशा में चली गई और ट्रक से टकरा गई। मृतकों में एक नाबालिग भी शामिल है।

### दिल्ली में दो साइबर जालसाज़ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन निवेश घोटालों के ज़रिए पीड़ितों से 50 लाख रुपये से ज़्यादा की ठगी के साइबर धोखाधड़ी के अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि आरोपियों की पहचान आंध्र प्रदेश के अनंतपुर के रहने वाले सुनील कुमार रेड्डी (44) और उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर निवासी आयुष सेमवाल (21) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि रेड्डी एमबीए है जबकि आयुष बीकॉम तृतीय वर्ष का छात्र है और वह एक कॉल सेंटर में काम करता है।

### ब्राज़ील में गोलीबारी छह लोगों की मौत

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राज़ील के रियो डी जेनेरियो स्थिति एक पार्टी हॉल में कथित प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच शुक्रवार को हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोग मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी उत्तरी होनोरियो गुरगेल इलाके में हुई, जहां कथित तौर पर आपराधिक गिरोह कोमांडो वर्मेलो के सदस्य एक पार्टी कर रहे थे। प्रतिद्वंद्वी गिरोह टेरसीरो कोमांडो पुरो ने आयोजन स्थल पर धावा बोला, जिसके बाद दोनों पक्षों में भीषण गोलीबारी हुई।

## रणकौशल के गुर साझा करेंगी भारत और फ्रांस की वायु सेना

नई दिल्ली, एजेंसी

- फ्रांस में दो सप्ताह तक चलेगा अभ्यास गरुड़-2025

भारतीय वायु सेना करीब दो सप्ताह तक फ्रांस के मोंट-डे-मार्सन में फ्रांसीसी वायु सेना के साथ द्विपक्षीय वायु अभ्यास 'गरुड़ 25' में रणकौशल के गुर और अनुभव साझा करेगी। वायु सेना ने शनिवार को यहां कहा कि वायु सेनाकर्मियों का दल 16 से 27 नवम्बर तक चलने वाले इस अभ्यास के आठवें संस्करण में हिस्सा लेने के लिए गत 10 नवम्बर को फ्रांस पहुंच गया था।

अभ्यास में वायु सेना के सुखोई-30 लड़ाकू विमान हिस्सा लेंगे जबकि मालवाहक विमान सी-17 ग्लोबमास्टर इसमें 'लॉजिस्टिक स्पोर्ट' देगा। अभ्यास में हिस्सा लेने वाले लड़ाकू विमानों में हवा में ईंधन भरने के लिए आईएल-78 टैंकर विमान की मदद ली जाएगी। अभ्यास के दौरान भारतीय वायुसेना का सुखोई-30 विमान जटिल कृत्रिम हवाई युद्ध परिदृश्यों में फ्रांसीसी बहुउद्देशीय लड़ाकू विमानों के साथ आकाश में भिड़ेगा जिसमें हवाई युद्ध, वायु रक्षा और संयुक्त हमला अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसका उद्देश्य संचालन परिदृश्य में रणनीति और प्रक्रियाओं को परिष्कृत करना, पारस्परिक शिक्षा को सक्षम बनाना और भारतीय वायुसेना और फ्रांसीसी वायु सेना के बीच अंतर-संचालन को बढ़ावा देना है। अभ्यास 'गरुड़ 25' दोनों वायु सेनाओं के बीच बातचीत, अनुभव के आदान-प्रदान और प्रथाओं को साझा करने का अवसर देता है।

## आतंकियों के लिए बना संचार का माध्यम

लाल किला कार ब्लास्ट मामले में जांचकर्ताओं ने पाया कि आतंकियों ने आपसी संपर्क के लिए थ्रीमा एप का इस्तेमाल किया था। यह एप स्विस कंपनी ने विकसित किया है। इसकी विशेषता ये है कि यह एन्क्रिप्टेड है, जिससे उपयोगकर्ताओं की पहचान और संदेशों को ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है। थ्रीमा एप की विशेषताएं इसे आतंकियों के लिए एक पसंदीदा संचार माध्यम बनाती हैं। हालांकि, जांच एजेंसियां भी लगातार इस एप की निगरानी कर रही हैं और कार्रवाई हेतु नए तरीकों की तलाश में हैं।

## थ्रीमा एप : पहचान और ट्रैक करना मुश्किल



### एप में है क्या खास

- **एन्क्रिप्शन :** थ्रीमा एप पूरी तरह से एन्क्रिप्टेड है, जिससे संदेशों और कॉल्स को सुरक्षित रखा जा सकता है। अनामता : उपयोगकर्ता बिना फोन नंबर या ईमेल आईडी के भी एप का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- **प्राइवेट सर्वर :** थ्रीमा एप उपयोगकर्ताओं को अपना प्राइवेट सर्वर सेटअप करने की अनुमति देता है, जिससे संचार को और भी सुरक्षित बनाया जा सकता है।
- **संदेश हटाना :** उपयोगकर्ता संदेशों को दोनों तरफ से हटाने का विकल्प चुन सकते हैं, जिससे संदेशों का कोई रिकॉर्ड नहीं रहता है। मेटाडेटा संग्रहण नहीं : थ्रीमा एप उपयोगकर्ताओं के बारे में कोई मेटाडेटा संग्रहण नहीं करता है, जिससे उनकी पहचान को ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।

### आतंकियों के पसंदीदा कुछ अन्य एप्स

- **टेलीग्राम :** इस एप का इस्तेमाल आतंकी समूहों द्वारा प्रचार, भर्ती और संचार के लिए किया जाता है। इसकी विशेषता है कि यह एन्क्रिप्टेड संदेशों और चैट्स को सपोर्ट करता है, जिससे उपयोगकर्ताओं की पहचान को ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।
- **सिग्नल :** यह एक सुरक्षित और एन्क्रिप्टेड मेसेजिंग एप है जिसका इस्तेमाल आतंकी समूहों द्वारा संचार के लिए किया जाता है। इसकी विशेषता है कि यह उपयोगकर्ताओं की पहचान को गुप्त रखता है और संदेशों को एन्क्रिप्ट करता है।
- **सेसन :** यह एक डीसेंट्रलाइज्ड मेसेजिंग एप है जो उपयोगकर्ताओं को पूरी तरह से एन्क्रिप्टेड और अनट्रैकेबल संचार प्रदान करता है। इसकी विशेषता है कि यह उपयोगकर्ताओं की पहचान को गुप्त रखता है और संदेशों को एन्क्रिप्ट करता है।

### प्रतिबंध लगाना एक जटिल मुद्दा

थ्रीमा जैसे एप्स एन्क्रिप्टेड संचार प्रदान करते हैं, जिससे उपयोगकर्ताओं की पहचान और संदेशों को ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है। इन एप्स का उपयोग करने वाले लोग अक्सर अपनी गोपनीयता को महत्व देते हैं और अपने संचार को सुरक्षित रखने के लिए इन एप्स का उपयोग करते हैं। लोगों को इन एप्स के खतरों और उनके दुरुपयोग के बारे में जागरूक करना एक बड़ी चुनौती है।

### भारत में कई कानून और उपाय

इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 में साइबर अपराधों को परिभाषित करने के साथ दंड का प्रावधान है। इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (अमेन्डमेंट) एक्ट 2008 में साइबर अपराधों के लिए और अधिक कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। नेशनल साइबर सिक्योरिटी नीति 2013 साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और साइबर अपराध रोकने के लिए व्यापक रणनीति प्रदान करती है।

# पारदर्शी हो सुरक्षा परिषद के सहायक संगठनों का काम

## भारत ने किया कार्य प्रणाली में बदलाव किए जाने का आह्वान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सहायक संगठनों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता का आह्वान किया है तथा बिना कोई उचित स्पष्टीकरण दिए संगठनों और व्यक्तियों को आतंकवादी संगठन या आतंकवादी घोषित करने के अनुरोधों को खारिज करने का हवाला दिया है। हाल ही में अमेरिका ने चार यूरोपीय वामपंथी संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया है जबकि ये संगठन अमेरिका में सक्रिय भी नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कार्यप्रणाली पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र की संरचना में केंद्रीय है और एक प्रमुख अंग है जिसकी मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी है।

हरीश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के एक अंग के रूप में सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली इसकी विश्वसनीयता, प्रभावकारिता, दक्षता और पारदर्शिता के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इसके कार्यक्षेत्र में कई क्षेत्र शामिल हैं लेकिन सदस्यों की संख्या केवल 15 सदस्यों तक सीमित है। सुरक्षा परिषद कई संकटों से घिरे और कई चुनौतियों का सामना कर रहे विश्व में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने सहायक अंगों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि इसका एक उदाहरण वह (अस्पष्ट) तरीका है जिसके आधार पर (संगठनों और व्यक्तियों को) सूचीबद्ध किए जाने के अनुरोधों को खारिज किया जाता है। सूची से हटाने के फैसलों के विपरीत इस तरह के अनुरोधों पर फैसले अपेक्षाकृत अस्पष्ट तरीके से किए जाते हैं और परिषद के बाहर के सदस्य देशों को इसकी जानकारी नहीं होती। हरीश ने यह भी बताया कि परिषद की समितियों और सहायक संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को विशेषाधिकार प्राप्त होता है, जिनका बहुत जिम्मेदारी भरा कार्य होता है। उन्होंने कहा कि हितों के स्पष्ट टकराव के लिए परिषद में कोई जगह नहीं होनी चाहिए।



### बढ़ाई जाए अस्थायी-स्थायी सदस्यता

हरीश ने 15 देशों की सदस्यता वाले शक्तिशाली संयुक्त राष्ट्र संगठन में सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को उद्देश्यपूर्ण बनाने, मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और अपने कार्यों का उद्देश्यपूर्ण ढंग से निर्वहन करने के वास्ते सक्षम बनाने के लिए आठ दशक पुरानी संरचना को नया स्वरूप देने पर समग्र प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने समयबद्ध तरीके से संदेशों के लिखित आदान-प्रदान के माध्यम से कम प्रतिनिधित्व वाले और गैर-प्रतिनिधित्व वाले भौगोलिक क्षेत्रों के लिए पर्याप्त प्रतिनिधित्व के साथ परिषद की सदस्यता की स्थायी और अस्थायी, दोनों श्रेणियों में विस्तार पर जोर दिया।

## अमेरिका से साझेदारी को भारतीय दूतावास प्रतिबद्ध

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में भारत के महावाणिज्य दूतों के सम्मेलन में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और प्रवासी भारतीयों से संबंधी गतिविधियों को दिए जाने वाले समर्थन की समीक्षा की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों और प्रवासी भारतीयों से संबंधी गतिविधियों के लिए समर्थन की समीक्षा की। भारत-अमेरिका साझेदारी को मजबूत करने के लिए हमारे दूतावास और वाणिज्य दूतावासों की प्रतिबद्धता एवं प्रयासों की सराहना करता हूं। जयशंकर ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में आयोजित महावाणिज्य दूत सम्मेलन की अध्यक्षता की जिसमें अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा, वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास में मिशन उप प्रमुख नामग्या खम्पा के साथ-साथ अटलांटा, बोस्टन, शिकागो, ह्यूस्टन, लॉस एंजिलिस, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावासों के सभी दूतों ने हिस्सा लिया।



- भारतीय दूतों के सम्मेलन में जयशंकर ने की द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा

### जयशंकर ने एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस से की थी मुलाकात

महावाणिज्य दूत विनय प्रधान के नेतृत्व में न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वाणिज्य दूतावास परिसर में जयशंकर का स्वागत करना सम्मान की बात थी। वाणिज्य दूतावास ने कहा कि उनका नजरिया, मार्गदर्शन और नेतृत्व भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए काम करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। जयशंकर ने एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस से मुलाकात की थी। जयशंकर के साथ संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश, संयुक्त राष्ट्र में उप-स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के अधिकारी भी मौजूद थे। जयशंकर ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस से मिलकर अच्छा लगा। वर्तमान वैश्विक व्यवस्था और बहुपक्षवाद पर इसके प्रभावों के उनके आकलन की सराहना करता हूं। विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों पर उनके दृष्टिकोण की भी सराहना करता हूं। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने भारत के विकास और उन्नति के लिए गुतारेस के स्पष्ट एवं निरंतर समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया और उम्मीद जतायी कि वह जल्द ही भारत यात्रा पर आएंगे। जयशंकर जी-7 समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए कनाडा में थे जहां उन्होंने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की और अन्य वैश्विक समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

## कीव पर रूसी हमले में 6 की मौत, 35 घायल

कीव, एजेंसी

- मिसाइलों और ड्रोन से आबादी क्षेत्र को बनाया निशाना

रूस द्वारा शुक्रवार तड़के यूक्रेन पर किए गए मिसाइल और ड्रोन हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और एक गर्भवती महिला समेत कम से कम 35 लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि ड्रोन और मिसाइलों से किया गया यह सुनियोजित हमला लोगों और आम नागरिकों को यथासंभव अधिक नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था। उन्होंने बताया कि हमला इतना जोरदार था कि मिसाइल के टुकड़ों से अजरबैजान दूतावास क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और एक गर्भवती महिला समेत कम से कम 35 लोग घायल हो गए। मॉस्को ने असैन्य क्षेत्रों को निशाना बनाए जाने से इनकार किया है।

## जालंधर में अंतर्राज्यीय ड्रग सिंडिकेट का किया भंडाफोड़

जालंधर, एजेंसी

- भारी मात्रा में कोकीन, चरस, आइस और हथियार बरामद

पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने शनिवार को एक अंतर्राज्यीय ड्रग नेटवर्क में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार करके और उनके पास से 205 ग्राम कोकीन, दो किग्रा चरस, 20 ग्राम आइस, 22 ग्राम एलएसडी टैबलेट, दो अवैध हथियार, पांच कारतूस और व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए विशेष नशा विरोधी अभियान के तहत शुक्रवार को सीआईए-स्टाफ टीम फगवाड़ा-जालंधर उच्च मार्ग पर स्थित मंदाकनी फार्म में ड्रग तस्करों से संबंधित तलाशी ले रही थी, तभी एक वयस्क को संदेह के आधार पर पकड़ा गया।

उसने अपनी पहचान सागर बब्बर, निवासी दशमेश नगर, मॉडल हाउस, जालंधर के रूप में बताई। आरोपी के पास से कुल 200 ग्राम कोकीन, दो किलोग्राम चरस, 20 ग्राम आइस ड्रग, 22 ग्राम एलएसडी टैबलेट और एक .32 बोर पिस्तौल बरामद की गई। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई के दौरान, उसके सहयोगी धर्मांशु उर्फ लव, पुत्र मनोज कुमार, निवासी बस्ती शेख, जालंधर को भी गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से पांच ग्राम कोकीन और एक .32 बोर रिवॉल्वर और पांच कारतूस बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ थाना रामा मंडी में धारा 21, 61, 85 एनडीपीएस अधिनियम और 20, 22, 29 एनडीपीएस अधिनियम के अतिरिक्त अपराधों तथा आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### सैकड़ों किलो मादक पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और राजस्थान पुलिस ने सरकार के मादक पदार्थों के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' के दृष्टिकोण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राजस्थान के सिरोही जिले के दूर दराज के एक गांव में गुप्त प्रयोगशाला का भंडाफोड़ कर सैकड़ों किलोग्राम रसायन ज़ब्त किए हैं जिनसे करीब 100 किलोग्राम मेफेड्रोन बनाई जा सकती है। जब्त किए गए पदार्थों की बाजार में अनुमानित कीमत 40 करोड़ रुपये है। प्रयोगशाला के सूत्रधार और 4 अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में मेफेड्रोन का इस्तेमाल साइकोट्रोपिक ड्रग्स के तौर पर तेज़ी से बढ़ रहा है। सरकार नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए 'ड्रग कार्टेल' के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है।

## आंध्र प्रदेश में प्राणी वैज्ञानिकों ने खोजी छिपकली की नई प्रजाति

कोलकाता, एजेंसी

- हेमीफिलोडैक्टाइलस वेंकटाद्रि स्पेसीज नोव आधिकारिक नाम

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) के वैज्ञानिकों ने आंध्र प्रदेश में पतली छिपकली (गेको) की एक नई प्रजाति का पता लगाया है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक हेमीफिलोडैक्टाइलस वंश से संबंधित नई प्रजाति की यह छिपकली आंध्र प्रदेश के शेषाचलम बायोस्फीयर रिजर्व के भीतर तिरुमाला पर्वत श्रृंखला में पाई गई है। जेडएसआई ने कहा कि इसका आधिकारिक नाम 'हेमीफिलोडैक्टाइलस वेंकटाद्रि स्पेसीज नोव' रखा गया है, जो तिरुमाला में पवित्र वेंकटाद्रि पहाड़ियों के प्रति सम्मान दर्शाता है। वेंकटाद्रि नाम संस्कृत शब्दों वेंकट (जिसका अर्थ है पापों को दूर करने वाला, भगवान विष्णु का एक नाम) और अद्रि (जिसका अर्थ है पर्वत) का मिश्रण है।

अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका हरपेटोजोआ (खंड 38, 2025) में प्रकाशित यह खोज, जेडएसआई के 'फ्रेशवाटर बायोलॉजी रीजनल सेंटर' (हैदराबाद), रेप्टिलिया अनुभाग (कोलकाता) और फकीर मोहन विश्वविद्यालय (ओडिशा) की एक टीम का संयुक्त प्रयास था।

## लाहौर हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने इस्तीफा दिया

**लाहौर।** पाकिस्तान में न्यायिक संकट शनिवार को और गहरा गया, जब लाहौर उच्च न्यायालय के एक वरिष्ठ न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीशों के इस्तीफे के बाद पद छोड़ दिया।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने एक नया संवैधानिक संशोधन लागू करने के माध्यम से संविधान और न्यायपालिका पर हमले का विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया। संविधान से संबंधित मामलों से निपटने के लिए संघीय संवैधानिक न्यायालय की स्थापना की गई, जबकि उच्चतम न्यायालय पारंपरिक मामलों का ही निस्तारण करेगा।

## बीबीसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे ट्रंप

लंदन, एजेंसी

- राष्ट्रपति के भाषण को संपादित कर प्रसारित करने का मामला

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की कि वह बीबीसी पर कानूनी कार्रवाई का इरादा रखते हैं, जबकि ब्रिटेन के सार्वजनिक प्रसारणकर्ता (बीबीसी) ने पिछले साल प्रसारित समाचार वृत्तचित्र के लिए उनके भाषण को संपादित करने के तरीके को लेकर उनसे माफी मांगी थी।

ट्रंप ने शनिवार को एयरफोर्स वन में कहा कि हम उन पर मुकदमा करेंगे। हम उन पर एक से पांच अरब डॉलर तक का मुकदमा करेंगे, हमें यह करना ही होगा, उन्होंने यह स्वीकार किया है कि बीबीसी ने धोखाधड़ी की है। उन्होंने मेरे मुंह से निकले शब्द बदल दिए। यह विवाद 'ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के लिए एक तनावपूर्ण दौर के बाद आया है, जिसके परिणामस्वरूप बीबीसी के शीर्ष अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया और इसके भारतीय मूल के प्रमुख समीर शाह ने निर्णय की त्रुटि के लिए माफी मांगी। गुरुवार को बीबीसी ने कहा था कि ट्रंप के छह जनवरी 2021 के भाषण के संपादन से अनजाने में यह गलत धारणा बन गई कि ट्रंप ने सीधे तौर पर हिंसक कार्रवाई का आह्वान किया था और कहा कि इसे दोबारा प्रसारित नहीं किया जाएगा।



### कंबोडिया-थाईलैंड के संघर्ष को रोका


**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया कि वह अमेरिका की मध्यस्थता से कंबोडिया और थाईलैंड के बीच हुए उस संघर्षविराम समझौते को बनाए रखने में सफल रहे हैं जो टूटने के कगार पर था। ट्रंप ने एयरफोर्स वन में कहा कि मैंने आज ही एक युद्ध रोका है। कहा कि उनके ये कदम दुनिया भर के देशों पर भारी शुल्क लगाने की उनकी इच्छाशक्ति से संभव हुए हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 नवंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 17 नवंबर 04.47 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- हेमंत।
**चन्द्रबल**-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- हस्त 17 नवंबर 02.11 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज आपके प्रति लोग नकारात्मक भाव अपना सकते हैं। अपने काम को लेकर दूसरों से अधिक राय न लें। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के प्रति विश्वास कम हो सकता है। पुराने मित्रों से मिलना होगा। अपने व्यवहार को संतुलित रखें।

**वृष** — आज आर्थिक स्थिति बहुत ही उन्नत रहेगी। काफी दिनों से चली आ रही परेशानी दूर होगी। आप अपना काम काफी अच्छी तरह से पूरा करेंगे। नौकरीपेशा लोगों को अचानक नई नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। ललित कलाओं के प्रति अत्यंत आकर्षित रहेंगे।

**मिथुन** — आज आपका मन घर में नहीं लगेगा। अड़ियल रवैये के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन अत्यंत तनावयुक्त हो सकता है। नशीले पदार्थों का सेवन करने से बचें। धन के लेन-देन में सावधानी रखें।

**कर्क** — आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। छोटी दूरी की यात्राओं के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र और परिवार दोनों ही जगह आपकी प्रशंसा होगी। शुभ समाचारों के मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** — आज शेयर मार्केट में बड़ा निवेश न करें वरना आर्थिक हानि होने की संभावना भी बन रही है। घर में बिजली के उपकरण खराब हो सकते हैं। घर के काम में आप अत्यंत व्यस्त रहेंगे। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या** — आज यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में पुराने नुकसान की भरपाई करने में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। अपने उद्देश्यों को लेकर सतर्क रहें। समाज में सक्रिय लोगों को सम्मानित किया जा सकता है।

**तुला** — आज आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। आत्मसम्मान को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। पति-पत्नी के बीच झगड़े होने की संभावना बन रही है। पुरानी कड़वी यादें अचानक आपके सामने आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — आज दिन की शुरुआत आपके लिए बहुत अच्छी रहेगी। आपकी सेहत काफी अच्छी रहने वाली है। व्यापार में तकनीक का काफी अच्छा प्रयोग करेंगे। जीवनसाथी की सलाह आपके काम आएगी। बच्चों के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे।

**धनु** — आज प्रत्येक कार्य आप काफी समझदारी से करेंगे। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो समय बहुत ही अच्छा है। प्रियजनों की सलाह आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। एक साथ अनेक कार्य करने से बचें।

**मकर** — आज व्यर्थ बातों पर अधिक ध्यान न दें। माइग्रेन के रोगियों को धूप और धूल से बचना चाहिए। बच्चों के ऊपर आप गुस्सा निकाल सकते हैं। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों का मन काम में नहीं लगेगा।

**कुंभ** — आज कुछ लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना कर सकते हैं। मित्रों को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। आपको आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। परिवार में सामंजस्य में कमी महसूस होगी। एलर्जी और कफ के रोग परेशान कर सकते हैं।

**मीन** — आज उच्च पदस्थ लोगों से आपके संपर्क विकसित हो सकते हैं। व्यवसाय में विस्तार करने के लिए समय बहुत ही शुभ है। प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा।

## सुडोकू-162

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 6 | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | 7 | | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 4 |
| | 9 | | 2 | | | | 7 | |

### सुडोकू - 161 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |



मैंने महाराष्ट्र के लिए आयु-वर्ग क्रिकेट खेलकर अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की और अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है। हमारी विश्व कप जीत टीम के प्रत्येक खिलाड़ी के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और टीम वर्क का परिणाम था।

–स्मृति मंधाना


# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार 16 नवंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### एमसीए ने मंधाना को 50 लाख रुपये से पुरस्कृत किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) ने शनिवार को भारतीय टीम की उप-कप्तान और कलात्मक सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को भारतीय महिला टीम को विश्व चैंपियन बनाने के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया। मंधाना ने विश्व कप में 54.25 की प्रभावशाली औसत से 434 रन बनाए थे। वह सबसे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर थी। भारतीय उपकप्तान ने कहा एमसीए महिला क्रिकेटरों के लिए असाधारण काम कर रहा है और हाल ही में शुरू हुई महाराष्ट्र महिला प्रीमियर लीग और उसके बाद सीनियर महिला टी 20 ट्रॉफी में राज्य टीम की जीत इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### अर्जुन विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में

**पणजी।** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी दो बार के चैम्पियन अमेरिका के लेवोन आरोनियन को अंतिम 16 के दूसरे गेम में हराकर फिडे शतरंज विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। अर्जुन ने काले मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की। उन्होंने क्लासिकल टाइम कंट्रोल में पहला मुकाबला ड्रॉ खेला था लेकिन दूसरे मुकाबले में आरोनियन जैसे दिग्गज को कोई मौका नहीं दिया। भारत के ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने मैक्सिको के जोस एडुआर्डो मार्तिनेज से लगातार दूसरा मुकाबला ड्रॉ खेला। उजबेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोएव ने आर्मेनिया के गैब्रियल सर्जिसियान को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। हरिकृष्णा को रविवार को टाइब्रेकर खेलना होगा। इस टूर्नामेंट से शीर्ष तीन खिलाड़ी अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में खेलेंगे।

### पाक के खिलाफ वैभव पर रहेगी निगाह

**दोहा।** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी रविवार को यहां राइजिंग स्टार्स एशिया कप टी-20 मैच में पाकिस्तान शाहीन्स के आक्रमण को स्तब्ध रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे जबकि जितेश शर्मा की अगुवाई वाली भारत ए टीम भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की हाथ नहीं मिलाने की नीति का पालन करेगी। सितंबर में एशिया कप के दौरान भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था।

### दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगे मुक्केबाज

**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय मुक्केबाज जब रविवार से यहां शुरू हो रहे विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स में उतरेंगे तो उनका लक्ष्य सत्र का शानदार अंत करने के साथ ही महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक हासिल करना भी होगा। मुक्केबाजी के संचालन का कार्य जब से वर्ल्ड बॉक्सिंग ने संभाला है तब से इस साल के शुरू में विश्व कप की शुरुआत की गई और अब उसका फाइनल्स होगा। मुक्केबाज सभी प्रमुख टूर्नामेंटों में रैंकिंग अंक अर्जित करते हैं, जो वरीयता निर्धारण में भूमिका निभाते हैं। अगले वर्ष एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल होने वाले हैं, इसलिए ये अंक महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

कोलकाता टेस्ट : दूसरे दिन 16 विकेट गिरे, जडेजा ने चार बल्लेबाजों को आउट किया, दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका संघर्षरत

# ईडन गार्डंस में विकेटों के पतझड़ के बीच भारत का पलड़ा भारी

**कोलकाता, एजेंसी**

ईडन गार्डंस का विकेट लगातार दूसरे दिन बल्लेबाजों के लिए कब्रगाह साबित हुआ। दिन भर में 16 विकेट गिरे जिसमें भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर अपना पलड़ा भारी रखकर पहला टेस्ट मैच तीन दिन के अंदर जीतने की संभावना बढ़ा दी। लेकिन भारत को किसी मुगालते में नहीं रहना चाहिए, क्योंकि विकेट से स्पिनरों को मदद मिल रही है और इस पर 150 रनों का लक्ष्य चुनौती पूर्ण हो सकता है।

यह नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय टीम पहली पारी में केवल 189 रन पर आउट हो गई और इस दौरान उसके बल्लेबाजों को साइमन हार्मर और केशव महाराज की स्पिन जोड़ी के सामने संघर्ष करना पड़ा। भारत ने पहली पारी में 30 रन की मामूली बढ़त हासिल की, लेकिन परिस्थितियों को देखकर यह महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। भारत के लिए कप्तान शुभमन गिल का चोटिल होना चिंता का विषय है, क्योंकि पहली पारी में रिटायर्ड हर्ट होने के बाद वह दोबारा बल्लेबाजी करने के लिए नहीं उतरे। पहली पारी में 159 रन पर आउट होने वाले दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 93 रन बनाए हैं और वह भारत से 63 रन आगे है।

कप्तान तेम्बा बावुमा 78 गेंद पर 29 रन बनाकर एक छोर संभाले हुए हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े कोर्बिन बॉश एक रन बनाया है। यहां दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और भारत के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने चाय के विश्राम के समय अपनी चौथी गेंद पर रेयान रिकेल्टन (11) को आउट कर दिया।

चाय के विश्राम के बाद रवींद्र जडेजा की बलखाती गेंदों का जादू चला और उन्होंने लगातार चार विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उन्होंने सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम (04) का विकेट लेने के बाद वियान मुल्डर (11), टोनी डि जार्जी (02) और ट्रिस्टन स्टब्स (05) को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की वापसी की संभावनाओं को करारा झटका दिया।

जडेजा ने अब तक 29 रन देकर चार, कुलदीप यादव ने 12 रन देकर दो और अक्षर पटेल ने 30 रन देकर एक विकेट लिया है। भारत की पारी एक तरह से नौ विकेट पर समाप्त हुई क्योंकि कप्तान शुभमन गिल स्लॉग स्वीप के दौरान गर्दन में ऐंठन के कारण चोटिल हो गए और बल्लेबाजी के लिए वापस नहीं लौटे। हार्मर ने क्लब हाउस छोर से लगातार 14.2 ओवर गेंदबाजी करते हुए 30 रन देकर चार विकेट चटकाए, जिससे धीमी और खुरदरी पिचों पर रविचंद्रन अश्विन के प्रभाव की यादें ताजा हो गईं। उन्होंने भारत के बाएं हाथ के छह बल्लेबाजों को लगातार निशाना बनाया और उनमें से तीन बल्लेबाजों वाशिंगटन सुंदर (29), रवींद्र जडेजा (27) और अक्षर पटेल (16) को आउट किया। बल्लेबाज के रूप में उपयोगी योगदान देने के लिए मशहूर इन तीनों खिलाड़ियों ने अपना जज्बा दिखाया। वाशिंगटन ने 82 गेंदों का सामना किया, जबकि जडेजा और अक्षर ने 45-45 गेंदें खेलीं। इसके बावजूद हार्मर की गेंद को अंदर की ओर टर्न कराने की क्षमता निर्णायक साबित हुई। तेज गेंदबाज मार्को यानसन तीन विकेट लिए।



दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते रवींद्र जडेजा। एजेंसी

## स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका (पहली पारी) 159 रन

### भारत

**189/10** (पहली पारी) (62.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जयसवाल बो यानसन | 12 |
| राहुल का मारक्रम बो महाराज | 39 |
| वॉशिंगटन का मारक्रम बो हार्मर | 29 |
| शुभमन गिल रिटायर हार्ट | 04 |
| ऋषभ पंत का वेरेने बो बॉश | 27 |
| रविंद्र जड़ेजा पगबाधा हार्मर | 27 |
| ध्रुव जुरेल का एवं बो हार्मर | 14 |
| अक्षर पटेल का यानसन बो हार्मर | 16 |
| कुलदीप का वेरेने बो यानसन | 01 |
| मोहम्मद सिराज बो यानसन | 01 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 01 |

**गेंदबाजी :** यानसन 15-4-35-3, मुल्डर 5-1-15-0, महाराज 16-1-66-1, बॉश 11-4-32-1, हार्मर 15.2-4-30-4

### दक्षिण अफ्रीका

**93/7** (दूसरी पारी) (35 ओवर)

| | |
|---|---|
| रियान रिकेलटन पगबाधा कुलदीप | 11 |
| एडेन मारक्रम का जुरेल बो जडेजा | 04 |
| वियान मुल्डर का पंत बो जडेजा | 11 |
| तेम्बा बावुमा खेल रहे हैं | 29 |
| टोनी डि जोर्जी का जुरेल बो जडेजा | 02 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो जडेजा | 05 |
| काइल वेरेने बो अक्षर | 09 |
| मार्को यानसन का राहुल बो कुलदीप | 13 |
| कोर्बिन बॉश खेल रहे हैं | 01 |

**गेंदबाजी :** बुमराह 6-1-14-0, अक्षर 11-0-30-1, कुलदीप 5-1-12-1, जडेजा 13-3-29-4

### भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल भी हैरान

**कोलकाता।** भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल ने स्वीकार किया कि उनकी टीम इस बात से हैरान थी कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पिच जरूरत से ज्यादा खुरदरी हो गयी। मैच के दूसरे दिन 16 विकेट गिर गए।



गर्दन में खिंचाव के बाद पैवेलियन लौटते कप्तान शुभमन गिल। एजेंसी

## शुभमन गिल गर्दन में ऐंठन के कारण बाहर

**कोलकाता, एजेंसी**

- स्वीप शॉट खेलते समय उभरी तकलीफ, सिर्फ तीन गेंदें खेल सके

भारतीय कप्तान शुभमन गिल का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में आगे खेल पाना अनिश्चित है क्योंकि दूसरे दिन शनिवार को यहां साइमन हार्मर की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने के प्रयास में गर्दन में ऐंठन आने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए।

गिल ने सिर्फ तीन गेंदें खेलीं, जिसके बाद चोट के कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। उन्होंने चार रन बनाए। उन्होंने हार्मर को बैकवर्ड स्क्वायर लेग के ऊपर से चौका मारा, लेकिन इस दौरान उनकी गर्दन में ऐंठन हो गई। फिजियो तुरंत ही मैदान पर पहुंचे लेकिन इस स्टार बल्लेबाज को रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा। यह घटना ड्रिंक्स ब्रेक के बाद 35वें ओवर में घटी। लेकिन स्थिति और चिंताजनक हो गई जब उन्हें गर्दन में कॉलर बांधकर ले जाते हुए देखा गया, जिससे चोट की गंभीरता के बारे में और अधिक चिंता पैदा हो गई।

भारत के सहायक कोच मोर्नी मोर्कल ने कहा हमें पता करना होगा कि उसकी गर्दन में ऐंठन कैसे आई। शायद रात को ठीक से सो नहीं पाया। इसका कार्यभार से कोई लेना देना नहीं है।

> शुभमन गिल की गर्दन में ऐंठन है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। आज उनकी प्रगति को देखकर उनके आगे खेलने के बारे में फैसला किया जाएगा।
>
> –बीसीसीआई

गिल इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में कप्तानी के बाद से लगातार हर प्रारूप में खेल रहे हैं। शनिवार को आस्ट्रेलिया में सफेद गेंद की सीरीज खत्म होते ही वह यहां टीम से जुड़ गए और मंगलवार को पहले अभ्यास सत्र में भाग लिया। मोर्कल ने टाइमिंग को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा गिल काफी फिट है और अपना बहुत ध्यान रखता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सुबह उसकी गर्दन में ऐंठन आ गई। हमे उस समय उससे एक अच्छी साझेदारी की जरूरत थी। टाइमिंग खराब रही।

# आईपीएल मिनी नीलामी में केकेआर और सीएसके के बीच मचेगी होड़

**मुंबई, एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 16 दिसंबर को अबु धाबी में होने वाली आईपीएल की मिनी नीलामी में खिलाड़ियों को लेकर होड़ लगने की उम्मीद है क्योंकि दस टीमों में से सबसे ज्यादा पैसा इन्हीं दोनों के पास बचा है।

केकेआर ने वेंकटेश अय्यर (23.75 करोड़ रूपये) और आंद्रे रसेल (12 करोड़) जैसे महंगे खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया है जबकि चेन्नई सुपर किंग्स ने संजू सैमसन को खरीदने के बावजूद कई खिलाड़ियों को रिलीज करके 40 करोड़ रूपये बचा लिए हैं। केकेआर को नये सिरे से टीम बनानी होगी जबकि चेन्नई अपने गेंदबाजी आक्रमण को बेहतर करने की जुगत में होगी।

उसकी नजरें मथीशा पथिराना को वापिस लेने या बेन स्टोक्स को खरीदने पर भी लगी होगी बशर्ते वह एशेज के बाद उपलब्ध रहे। केकेआर ने क्विंटोन डिकॉक, मोईन अली और एनरिक नॉर्किया को भी रिलीज कर दिया है जबकि अजिंक्य रहाणे, मनीष पांडे, सुनील नारायण, वरूण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, हर्षित राणा और अंगकृष रघुवंशी को बरकरार रखा है।

केकेआर के पास 13 जगह खाली है जिनमें छह विदेशी खिलाड़ियों के लिये है। इससे पहले हरफनमौला रविंद्र जडेजा सीएसके से राजस्थान रॉयल्स में और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन रॉयल्स से सीएसके में आ गए हैं। खिलाड़ियों को बरकरार रखने की मियाद रविवार तक की ही है।

आईपीएल की मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार जडेजा 18 करोड़ से कम 14 करोड़ में रॉयल्स के पास गए हैं जबकि सैमसन मौजूदा फीस 18 करोड़ में ही सीएसके में आये हैं। इंग्लैंड के हरफनमौला सैम कुरेन भी दो करोड़ 40 लाख रुपये में सीएसके से रॉयल्स में चले गए हैं।

**मिनी नीलामी आज**

**मिनी नीलामी से पहले टीमों के पास पर्स**

- सीएसके (43.40 करोड़ रुपये)
- मुंबई इंडियंस (2.75 करोड़)
- आरसीबी (16.40 करोड़)
- केकेआ (64.30 करोड़)
- हैदराबाद (25.50 करोड़)
- गुजरात टाइटंस (12.90 करोड़)
- राजस्थान (16.05 करोड़)
- दिल्ली कैपिटल्स (21.80 करोड़)
- एलएसजी (22.95 करोड़)
- पंजाब किंग्स (11.50 करोड़)

## लक्ष्य जापान मास्टर्स से बाहर

**कुमामोतो (जापान)।** स्टार भारतीय शटलर लक्ष्य सेन का 475,000 डॉलर इनामी कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में विजय अभियान शनिवार को यहां सेमीफाइनल में जापान के केंटा निशिमोतो से तीन गेम में हार के साथ खत्म हो गया।

सातवीं वरीयता प्राप्त सेन छठी वरीयता प्राप्त निशिमोतो से 77 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 21-14, 12-21 से हार गए। सेन का अपने इस प्रतिद्वंदी के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा था लेकिन अंतिम गेम में गलतियों के कारण वह इसको बेहतर करने में नाकाम रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन सेन ने शुरुआती गेम में मिली हार से उबरते हुए निर्णायक गेम तक का सफर तय किया, पर तीसरे गेम में वह पूरी तरह से लय में नहीं दिखे। यह मुकाबला दो बराबरी के खिलाड़ियों के बीच था पर जापानी खिलाड़ी ने दर्शकों के समर्थन के बीच धैर्य बनाए रखा और आखिर में फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे।

# क्रोएशिया ने आइलैंड्स को हराकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**लंदन, एजेंसी**

क्रोएशिया ने शुक्रवार को फरो आइलैंड्स को 3-1 से हराकर अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह पक्की कर ली, जबकि नीदरलैंड पोलैंड के साथ ड्रॉ खेलकर क्वालीफिकेशन के करीब पहुंच गया। क्रोएशिया को विश्व कप में जगह बनाने के लिए इस मैच में जीत की दरकार थी, लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। फरो आइलैंड्स की तरफ से डेविड टूरी ने गोल किया।

क्रोएशिया ने हालांकि जल्द ही वापसी की। उसके लिए 23वें मिनट में जोस्को ग्वार्डिओल ने बराबरी का गोल दागा। दो साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए पेटार मूसा ने जोसिप स्टानिसिक की मदद से हाफटाइम के बाद क्रोएशिया को 2-1 से आगे कर दिया। उसकी तरफ से तीसरा गोल निकोला व्लासिक ने किया। नीदरलैंड ने वारसॉ में पिछड़ने के बाद वापसी की।



गोल करने का प्रयास करते क्रोएशिया और फरो आइलैंड्स के खिलाड़ी। एजेंसी

### ऑस्ट्रेलिया में जन्मे विलियम्स को एएफसी क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में मिली जगह

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया में जन्मे फॉरवर्ड रयान विलियम्स को 18 नवंबर को ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर के अंतिम दौर के ग्रुप सी मैच के लिए 23 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम में शामिल किया गया है। विलियम्स ने हाल ही में भारतीय नागरिकता हासिल की है। भारतीय टीम छह नवंबर से बेंगलुरु में अभ्यास कर रही थी। टीम शनिवार को ढाका के लिए रवाना हो गयी। फॉरवर्ड विलियम्स टीम के साथ बांग्लादेश गये है लेकिन मैच के दिन टीम में उनका शामिल होना फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया से अनापत्ति प्रमाण पत्र और उसके बाद फीफा और एएफसी से अनुमोदन प्राप्त करने पर निर्भर है।

# सेमीफाइनल में नाकामी के बाद उड़ गई थी रातों की नींद : शेफाली

**मुंबई, एजेंसी**

**साक्षात्कार**



आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहने के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप फाइनल से पहले उनकी रातें नींद के बिना और चिंता के साथ गुजरी थी। मुंबई में अंतिम चार के मैच से पहले चोटिल प्रतीका रावल की जगह लेने वाली शेफाली हाल ही में संपन्न महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया खिलाफ पांच गेंदों में 10 रन बनाकर आउट हो गईं।

उन्होंने हालांकि फाइनल में शानदार प्रदर्शन कर भारत को चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा समर्थित शेफाली ने 'पीटीआई' से कहा जैसा कि मैंने पहले कहा, ऐसा नहीं है कि मैं विश्व कप में पहली बार सेमीफाइनल खेल रही थी। मैं पहले भी खेल चुकी हूं और मुझे दबाव को संभालने का अनुभव है। लेकिन मैं सेमीफाइनल (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी और केवल मैं ही जानती हूं कि फाइनल तक मैंने रातें कैसे बिताईं। शेफाली ने हालांकि फाइनल में 78 गेंदों में 87 रनों की पारी खेलने के बाद दो विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला वनडे विश्व कप जीता। शेफाली ने कहा कि उनकी रणनीति अपने तरीके से बल्लेबाजी करने की थी। शेफाली ने कहा मुझे पता था कि टीम मुझसे क्या चाहती है। इसलिए फाइनल में मैंने चीजों को सरल रखा और अपनी रणनीति पर अमल करने के बारे में सोचा। यह अच्छा रहा और मैं टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रही। उन्होंने कहा मेरा ध्यान मैदानी शॉट खेलने पर था क्योंकि वह पिच हवाई शॉट खेलने की मुफीद नहीं थी। उन्होंने कहा ऐसा नहीं है कि मुझ पर कोई बोझ नहीं था क्योंकि मैं सेमीफाइनल के लिए टीम में शामिल हुई थी लेकिन मैं दबाव महसूस कर पा रही थी।

**गौरव के पल** — विश्व कप फाइनल में नादिन डी क्लार्क का कैच लेते ही भारत ने जीत लिया था खिताब

# आखिरी गेंद कम से कम 1000 बार देखी है : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यह एक ऐसा पल है जिसने उनकी जिंदगी और भारतीय महिला क्रिकेट की दिशा को बदल दिया और इसलिए इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है कि हरमनप्रीत कौर ने विश्व कप फाइनल में नादिन डी क्लार्क का यादगार कैच अब तक कम से कम 1000 बार देखा है।

कप्तान के इस कैच ने भारत को दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम पर 52 रन से जीत दिलाकर ऐतिहासिक पहली विश्व कप ट्रॉफी दिलाई। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने यहां पीटीआई मुख्यालय के दौरे के दौरान विशेष साक्षात्कार में कहा मेरी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। मैंने वह आखिरी गेंद कम से कम एक हजार बार देखी है। सिर्फ मैं ही नहीं, हमारी टीम भी कई वर्षों से इस पल का इंतजार कर रही थी। मुझे लगता है कि मैं उस पल को बार-बार जीना चाहती हूं।

उन्होंने कहा मुझे सच में नहीं पता कि आखिरी कैच लेते समय मैं क्या सोच रही थी। इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि मैं हमेशा से विश्व कप जीतने का सपना देखती थी और आखिरकार हमने वह कर दिखाया। अब दो सप्ताह हो गए हैं और यह बहुत ही खास एहसास है और इसे बयां करना मुश्किल है। भारतीय टीम ने वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद विश्व कप जीता। इसके बाद हरमनप्रीत एक लंबे ब्रेक की हक़दार थीं। फ़ाइनल के बाद उन्हें घर वापस जाने का भी समय नहीं मिला है।



एक साक्षात्कार के दौरान हरमनप्रीत कौर। एजेंसी

### पहली कमाई पर मुझे लगा जैसे मैं दुनिया की सबसे अमीर इंसान बन गई हूं

**नई दिल्ली :** विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर की आंखे उस समय खुशी से भर आईं जब उन्होंने 90,000 रुपये की अपनी पहली कमाई को याद किया। अपनी असाधारण यात्रा के बारे में बात करने के लिए पीटीआई मुख्यालय पहुंची हरमनप्रीत ने कहा कि पहली कमाई ने उन्हें दुनिया की 'सबसे अमीर इंसान' जैसा महसूस कराया था। उनके उतार-चढ़ाव भरे करियर का सबसे यादगार पल बेशक दो नवंबर को जीता गया विश्व कप है, लेकिन उस पल तक पहुंचने से पहले कई ऐसे पड़ाव आए जिन्होंने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया, खासकर उनके पदार्पण मैच की तनख्वाह उस समय उनके लिए बहुत बड़ी राशि थी। हरमनप्रीत से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा उन दिनों हमारी टूर फीस एक लाख रुपये हुआ करती थी। हम चाहे जितने भी मैच खेलें, हमें उतनी ही रकम मिलती थी। टीडीएस के बाद यह लगभग 90,000 रुपये हो जाता था। हरमनप्रीत ने क्रिकेट खेलना शुरू करने के बाद भारतीय टीम की जर्सी पहनने का सपना संजोना शुरू कर दिया था और अपनी पहली कमाई को याद कर उनकी आंखों में खुशी के आंसू आ गये। उन्होंने कहा उस समय मुझे ऐसा लगा जैसे मैं दुनिया की सबसे अमीर इंसान हूं, क्योंकि यह मेरी पहली कमाई थी। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने 2009 में वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, लेकिन टेस्ट टीम का हिस्सा 2014 में इंग्लैंड दौरे पर बनीं।